आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 109 ● नई दिल्ली, सोमवार, 24 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 पंडित चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा स्थल का होगा ...

कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी रंधावा ने कहा

## भाजपा इंदिरा, नेहरू, शास्त्री के बनाए देश को खत्म करना चाहती है

**एजेंसी जयपुर**

कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जो देश इंदिरा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ मनमोहन सिंह ने बनाया है उसे भगवा पार्टी खत्म करना चाहती है। जयपुर देहात के कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल मीणा के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए रंधावा ने कहा जो देश इंदिरा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ मनमोहन सिंह ने बनाया है, भाजपा उसको खत्म करना चाहती है। हम कभी ऐसा नहीं होने देंगे और



शुरुआत राजस्थान से करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री क्यों इतनी बार राजस्थान का दौरा कर रहे है? दरअसल उन्हें इस बात का डर है कि अगर वे (प्रधानमंत्री) राजस्थान हार गए तो पूरा हिन्दुस्तान हार जाएंगे.. तो मेरी भी चुनौती है प्रधानमंत्री साहब.. हम भाजपा को यहां से हराएंगे और देश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। मणिपुर की घटना का जिक्र करते रंधावा ने कहा, तीन महीने से मणिपुर में क्या हो रहा है.. प्रधानमंत्री की ना नींद खुल रही है... मन की बात करते है।

## पीएम 27 जुलाई को राजकोट में हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे

**एजेंसी अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 और 28 जुलाई को गुजरात के दौरे पर रहेंगे तथा इस दौरान वह राजकोट में नवनिर्मित हीरासर हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए राज्य की राजधानी गांधीनगर में एक कार्यक्रम सेमीकॉन इंडिया 2023 का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 27 जुलाई को राजकोट शहर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने से पहले हीरासर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2017 में हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी। इस संबंध में एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि मोदी 28 जुलाई को गांधीनगर में सेमीकॉन इंडिया 2023 का उद्घाटन करेंगे। इसके मुताबिक, कार्यक्रम की प्रदर्शनी का उद्घाटन 25 जुलाई को मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल करेंगे और यह कार्यक्रम 25-30 जुलाई तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, एस. जयशंकर और राजीव चंद्रशेखर भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति रहेंगे।प्रदर्शनी का उद्देश्य आगंतुकों को सेमीकंडक्टर की जटिल विनिर्माण प्रक्रिया और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति के बारे में अवगत करना है।

गुजरात के दक्षिणी और सौराष्ट्र क्षेत्रों के कई जिलों में भारी बारिश होने के कारण कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

आईएमडी ने गुजरात के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि राज्य में 24 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

# गुजरात: तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया

**एजेंसी अहमदाबाद**

गुजरात के जूनागढ़ जिले में मूसलाधार बारिश के एक दिन बाद रविवार को बाढ़ का पानी कम हो गया, जिसके बाद प्रशासन सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 3,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को गुजरात के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि राज्य में 24 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसने अगले 24 घंटों में देवभूमि द्वारका, राजकोट, भावनगर और वलसाड जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का भी अनुमान जताया है। अधिकारियों ने कहा कि जूनागढ़ शहर में रविवार सुबह छह बजे बीते 24 घंटे की अवधि में 241 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

इससे कई हिस्सों में जलभराव हो गया और कई कारें क्षतिग्रस्त पाई गईं। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण शनिवार को गुजरात में दो राष्ट्रीय राजमार्ग, 10 राज्य राजमार्ग और 300 ग्रामीण सड़कें बंद कर दी गईं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पानी कम हुआ है, वहां यातायात बहाल कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल



में हुई भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के संबंध में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से बात की।

जूनागढ़ के जिलाधिकारी अनिल राणावसिया ने कहा, बारिश रुकने के बाद शहर में पानी कम हो गया है। लगभग 200 लोगों को बचाया गया और शहर के निचले इलाकों से 750 लोगों को स्थानांतरित किया गया। अन्य 2,220 लोगों को एहतियात के तौर पर शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति जल्द बहाल हो जाएगी और आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों को भोजन के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और अग्निशमन विभाग की टीमें सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटी हैं। हमारा मुख्य ध्यान अब शहर की सफाई पर है। जूनागढ़ शहर में लगभग 600 सफाई कर्मचारी हैं, और अन्य जिलों से 400 अन्य कर्मचारी शहर भेजे जा रहे हैं।

### शाह ने भूपेंद्र पटेल एवं वीके सक्सेना से बात की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से रविवार को बात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के बारे में जानकारी ली। शाह ने यमुना नदी के जलस्तर को लेकर भी दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से चर्चा की। गृह मंत्री ने ट्वीट किया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से हालिया भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में पैदा हुई बाढ़ जैसी स्थिति पर चर्चा की। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से भी यमुना नदी के जलस्तर को लेकर चर्चा की। जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए पर्याप्त संख्या में एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के कर्मी मौजूद हैं। गुजरात के दक्षिणी और सौराष्ट्र क्षेत्रों के कई जिलों में शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश होने के कारण कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। बांधों एवं नदियों में जल खतरे के स्तर तक बढ़ गया है।राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी का जलस्तर रविवार को एक बार फिर खतरे के निशान के पार चला गया। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है।



## देश में अच्छी चीजों पर बुरी चीजों के मुकाबले 40 गुना अधिक चर्चा हो रही है : भागवत

**एजेंसी मुंबई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि देश में अब जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उन पर बुरी चीजों के मुकाबले कम से कम 40 गुना अधिक चर्चा हो रही है। वह उत्तरी मुंबई के कांदिवली उपनगर में सुवर्णा अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी उपस्थित रहे। भागवत ने कहा, कई बार नकारात्मक चर्चा सुनने को मिलती है। लेकिन जब हम देशभर में जाते हैं और देखते हैं तो हमें पता चलता है कि भारत में जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उस पर बुरी चीजों के मुकाबले 40 गुना अधिक बात हो रही है।

उन्होंने कहा, सरकार की नीतियों और सरकार में जिम्मेदार लोगों के काम के कारण आज देश का उत्कर्ष हो रहा है। चीजें सुचारू रूप से चल रही हैं क्योंकि कुछ लोग कुछ नहीं करते। अगर वे काम करेंगे तो दिक्कतें होंगी। भागवत ने कहा कि लोगों में भारत को गौरव हासिल करते देखने की इच्छा 40 साल पहले की तुलना में आज अधिक प्रबल है। उन्होंने कहा, इसे बढ़ना चाहिए। हम बढ़ रहे हैं लेकिन हम अभी तक उतने शक्तिशाली नहीं हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा, कुछ लोग हैं जो हमें बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते।

उन्होंने कहा, आज के समाज में सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य भी आवश्यक हो गए हैं।

**समाज का अच्छा या बुरा तय करने का पैमाना बदलता जा रहा है**

भागवत ने कहा, अच्छा या बुरा तय करने का पैमाना क्या है? कुछ ऐसा होता है जो दिखाई देता है और दूसरी ओर कुछ ऐसा होता है जो असल में होता है। कोई इसे ऐसे दिखा सकता है कि यह हो गया, भले ही वह न हुआ हो। उन्होंने कहा कि जब वे कॉलेज में थे तो भाखड़ा नांगल बांध की तरह आधुनिक तीर्थस्थल पर एक अध्याय था। आरएसएस प्रमुख ने कहा, इस अस्पताल जैसे आधुनिक तीर्थस्थल केंद्र हैं जहां लोगों की सेवा की जाती है। आपने यहां एक तीर्थस्थल बनाने का काम किया है। भागवत ने द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू का भी जिक्र किया।

## विशेष अदालत ने तीन पूर्व सैन्य अधिकारियों को 36 साल पुराने मामले में कैद की सजा सुनाई

**एजेंसी नई दिल्ली**

लखनऊ की एक विशेष अदालत ने 3.82 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़े 36 साल पुराने मामले में दो सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित आठ लोगों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह मामला मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के लिए अत्यधिक कीमतों पर स्थानीय स्तर पर खरीद से संबद्ध है, जिस सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने बताया कि उस समय कमांडर वर्क्स इंजीनियर (सीडब्ल्यूई), एमईएस, इलाहाबाद (कर्नल प्रशासन, कमान स्टेशन श्रीनगर) में पदस्थ रहे लेफ्टिनेंट कर्नल सत्यपाल शर्मा (अवकाश प्राप्त) को विशेष अदालत ने हाल में दोषी ठहराया है। एजेंसी ने बताया कि अन्य अधिकारी जिन्हें सजा सुनाई गई है, उनमें तत्कालीन दुर्ग अभियंता (पश्चिम) वाई के उप्पल अ वीरेंद्र कुमार जैन, तत्कालीन दुर्ग अभियंता (पूर्व)अ एस एस ठक्कर (मेजर), तत्कालीन दुर्ग अभियंता (वायुसेना), बमरौली, अब प्रयागराज शामिल हैं। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि इनके अलावा अदालत ने अशोक कुमार देवड़ा, अनिल कुमार देवड़ा, पवन कुमार देवड़ा को भी सजा सुनाई है जो काल्पनिक कंपनियों के प्रवर्तक या साझेदार हैं। नवंबर 1983 से नवंबर 1985 के बीच दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर अत्यधिक कीमतों पर स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में खरीद करने के आरोप में सीबीआई ने 25 सितंबर 1986 को एक प्राथमिकी दर्ज की थी। आज के संदर्भ में यह रकम छोटी लग रही हो, लेकिन जब यह घोटाला हुआ था, उस समय के लिहाज से एक बड़ी रकम थी।

### मप्र में आप सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी (आप) के मध्य प्रदेश प्रभारी बीएस जून ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी इस साल के अंत में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी करेगी। मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी पूरी मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी में जुटी है। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे। जून ने कहा, प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

## मणिपुर पर हमें विश्व का उलाहना झेलना पड़ रहा है : सलमान खुर्शीद

**एजेंसी फर्रुखाबाद**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने रविवार को कहा कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना को लेकर देश को पूरे विश्व का उलाहना झेलना पड़ रहा है।अपनी पत्नी एवं पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के साथ फर्रुखाबाद पहुंचे सलमान खुर्शीद ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करने के बाद शहर के मनिहारी मोहल्ले में एक कार्यकर्ता के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, मणिपुर को लेकर हमें पूरे विश्व का उलाहना झेलना पड़ रहा है। इस घटना को लोग भारत से जोड़कर देखने लगें तो देश की क्या छवि बनेगी। मैं दुनिया से कहना चाहता हूं कि भारत बुरा नहीं है, कुछ लोग बुरे हैं, जिन्हें सजा मिलनी चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसे लोगों को जरूर सजा मिलेगी। खुर्शीद ने कहा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने मणिपुर की दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा है कि वह मौन क्यों है? प्रधानमंत्री को इस घटना पर सीधा बयान देना चाहिए और जो भी फैसले हों, उसके बारे में बताना चाहिए।

## ख़ास ख़बर

### डीसीडब्ल्यू प्रमुख मालीवाल मणिपुर पहुंचीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल रविवार को हिंसाग्रस्त मणिपुर पहुंचीं। इससे एक दिन पहले, मणिपुर सरकार ने उन्हें दौरे की अनुमति देने से कथित रूप से इनकार कर दिया था। मालीवाल ने रविवार सुबह कहा था कि वह पूर्व निर्धारित योजना के तहत पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगी। मालीवाल ने ट्वीट किया, अभी मणिपुर पहुंची हूं। मैंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात के लिए समय मांगा है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा अनुरोध जल्द से जल्द स्वीकार कर लेंगे।

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चीता पुनर्वास कार्यक्रम को लेकर सरकार की आलोचना की



**नई दिल्ली।** पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने चीता पुनर्वास कार्यक्रम के प्रबंधन को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि यदि दिखावा करने के बजाय विज्ञान को परियोजना में आगे रखा गया होता तो हमें वर्तमान त्रासदी शायद नहीं देखनी पड़ती। प्रोजेक्ट चीता के तहत रेडियो कॉलर लगे 20 चीते नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाए गए थे और बाद में नामीबियाई चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था।

### एसजीपीसी ने स्वर्ण मंदिर से गुरबानी के प्रसारण के लिए यूट्यूब चैनल शुरू किया

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यहां स्वर्ण मंदिर से गुरबानी के प्रसारण के लिए रविवार को अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया। वहीं, एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कमेटी को कमजोर करने का षड्यंत्र करने को लेकर प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की। इस चैनल का नाम एसजीपीसी श्री अमृतसर रखा गया है और यह यूट्यूब और फेसबुक पेज पर उपलब्ध होगा। धामी ने स्वर्ण मंदिर परिसर में मंजी साहिब दीवान हॉल से एक संक्षिप्त धार्मिक समारोह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच इस चैनल की शुरूआत की।चैनल पर तड़के साढ़े तीन बजे से सुबह साढ़े आठ बजे तक, दोपहर 12:30 बजे से ढाई बजे तक और शाम 6:30 से रात 8:30 बजे तक गुरबानी का प्रसारण किया जाएगा।

## विपक्ष से हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं कि मणिपुर पर संसद की चर्चा में शामिल हों : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी नई दिल्ली**

मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण संसद के मॉनसून सत्र में जारी गतिरोध के बीच केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को हाथ जोड़कर विपक्ष से अनुरोध किया कि वे इसपर चर्चा में भाग लें। ठाकुर ने विपक्ष से अनुरोध किया कि वह पूर्वोत्तर राज्य में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का राजनीतिकरण ना करें। विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति को लेकर सोमवार को संसद में संयुक्त रूप से प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। विपक्ष की मांग है कि संसद में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा से पहले प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी बयान दें। जबकि सरकार लगातार जोर दे रही है कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी नहीं बल्कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोलेंगे। केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा, महिलाओं के प्रति अत्याचार पीड़ादाई है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि पीड़िता किस राज्य की रहने वाली है। ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल और मणिपुर जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के मामलों पर सरकार चर्चा कराना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कहा, हमारी इच्छा है कि सदन में इसपर अच्छी चर्चा होनी चाहिए जिसमें सभी राजनीतिक दल हिस्सा लें। किसी को चर्चा से भागना नहीं चाहिए। मैं हाथ जोड़कर विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि वे चर्चा से ना भागें। उन्होंने कहा कि विपक्ष को ऐसे मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के बयान के बाद मणिपुर मुद्दे पर राजनीति की गुंजाइश नहीं : जितेंद्र सिंह

**एजेंसी जम्मू**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना पर कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान से इस मुद्दे पर सरकार का रुख साफ हो गया है। उन्होंने विपक्षी दलों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार से जुड़ी किसी भी चीज में खामी खोजने के अपने एकमात्र एजेंडे को छोड़ने को कहा।

उन्होंने 1999 के पुलवामा आतंकवादी हमले पर कथित टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, घटना पर पाकिस्तानी रुख पर चलने वाले नेता जनता के बीच अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं जो वास्तविकता जानते हैं।

सिंह ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा, संसद के मानसून सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस घटना से पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया है और किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद इसे (मणिपुर घटना) लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बयान से इस मुद्दे पर सरकार का रुख साफ हो गया है।

### राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं : केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को महिलाओं पर अत्याचार सहित अनेक मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जोशी पार्टी के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत शनिवार को अजमेर में थे। वहां पार्टी की संभाग स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा, राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा।

### दिल्ली की यमुना नदी के बाद गाजियाबाद में हिंडन नदी में आई बाढ़

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी एक बार फिर से उफान पर है। दिल्ली में यमुना नदी एक बार फिर से खतरे के निशान को पार कर गई है। यमुना का जलस्तर 206.26 मीटर पर पहुंच गया है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाके के लोग फिर से परेशान होने लगे है। हालांकि इस बार सिर्फ दिल्ली ही बाढ़ के खतरे को नहीं झेल रही है। इस बार बाढ़ की चपेट में दिल्ली के अलावा एनसीआर का भी इलाका आ रहा है। नोएडा और गाजियाबाद में भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है

# निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना अमानवीय, मणिपुर में स्थिति पर प्रधानमंत्री हस्तक्षेप करें: शर्मिला

**एजेंसी कोलकाता**

नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की घटना को रविवार को अमानवीय और बहुत परेशान करने वाला करार दिया तथा अपने गृह राज्य में हालात से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। कई पुरस्कार से सम्मानित कार्यकर्ता (51) शर्मिला ने कहा कि वह उस वीडियो क्लिप को देखने के बाद अपने आंसू नहीं रोक सकीं, जिसमें चार मई को पूर्वोत्तर राज्य के कांगपोकपी जिले में पुरुषों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाते और उनके साथ छेड़छाड़ करते देखा जा सकता है। उन्नीस जुलाई को सामने आए इस वीडियो की देशभर में निंदा हुई। इसके बाद से पुलिस इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। शर्मिला ने बेंगलुरु से पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, यह अमानवीय और काफी परेशान करने वाली घटना है। वीडियो देखकर मैं अपने आंसू नहीं रोक पाई। मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं।



**अफ्स्पा रद्द करने की मांग को लेकर 16 साल तक भूख हड़ताल की थी इरोम ने :** मणिपुर की रहने वाली शर्मिला सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्स्पा) को रद्द करने की मांग को लेकर 16 साल तक भूख हड़ताल पर थीं। उस दौरान उन्हें फूड ट्यूब के जरिए जबरन तरल आहार दिया जाता था। यह स्पष्ट है कि मणिपुर में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। जब कोई राज्य स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पा रहा है, तब प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

**दोषियों को कठोर कारावास मिले**

शर्मिला ने मांग की कि दोषियों को कठोर कारावास और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा दी जानी चाहिए। मणिपुर में, मुख्य रूप से इंफाल घाटी में बसे बहुसंख्यक मेइती समुदाय और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी कुकी समुदाय के लोगों के बीच तीन मई से जातीय झड़पें हो रही हैं। दोनों समुदायों के बीच हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

**मणिपुर की आयरन लेडी ने कहा... सीएम बीरेन सिंह अपनी विफलता स्वीकार कर लोगों से माफी मांगें**

मणिपुर की आयरन लेडी कही जाने वाली शर्मिला ने मांग की कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए और लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को मतभेदों को परे रखकर सभी 60 विधायकों से बात करनी चाहिए। उन्हें उनसे एक-एक करके बात करनी चाहिए और उनकी राय पर विचार करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि दोनों समुदायों (मेइती और कुकी) के बीच नफरत की भावना को कैसे रोका जाए। यह वक्त की दरकार है। शर्मिला का यह भी मानना है कि जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में फर्जी खबरों और वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट पर प्रतिबंध से मणिपुर की स्थिति में सुधार लाने में मदद नही मिली है। मुझे नही लगता कि इंटरनेट पर इस प्रतिबंध से मणिपुर में हिंसा को नियंत्रित करने में मदद मिली है। इसके विपरीत, अगर इंटरनेट काम कर रहा होता, तो महिलाओं (निर्वस्त्र कर घुमाई गई पीड़िताओं) को न्याय मिल सकता था और अपराधी जेल में होते।

## ख़ास ख़बर

# देशी लोडेड कट्टा जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**जयनगर /मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** SSB एवं जयनगर थाना के नेतृत्व में सशस्त्र बल के सहयोग से विशेष छापामारी कर एक मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्ति को नेपाल की ओर से भारतीय सीमा में करीब 500 मीटर जैसे ही प्रवेश किए कि छापामारी दल द्वारा खदेड़ कर भाग रहे दोनो व्यक्ति मे से एक व्यक्ति को पकड़ा गया तथा नाम पता पुछने पर अपना नाम 1. दुर्गेश कुमार यादव उम्र 21 वर्ष पिता बुद्धेश्वर यादव सा. आरहा, थाना जयनगर, जिला मधुबनी तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम 2. शिकंदर कुमार यादव उम्र 22 वर्ष पिता जयसिलाल यादव सा. आरहा जिला मधुबनी (बिहार) बताया। पकड़ाऐ व्यक्ति का विधिवत् तलाशी के क्रम में दुर्गेश कुमार यादव के बाऐ कमर से एक देशी लोडेड कट्टा जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया गया। तत्पश्चात पकड़ाए व्यक्ति से बरामद आग्नेयास्त्र एवम् अपाची मोटर साईकिल रजि.नं.-क्क्क्ष्2क्त-1170 के कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तब बरामद उक्त सामान का विधिवत जप्ती सूची तैयार तथा पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया है

# होली सेंट्रल सीनियर सेकंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर के कमलारोड में स्थित होली सेंट्रल सीनियर सेकंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक नित्यानंद राय,धर्मेंद्र सिंह,मोहम्मद इसराफिल,रौशन कुमार, शिवम सिंह,मुकेश कुमार, बिनोद बिहारी सिंह,सुधीर कुमार, धीरज कुमार, गुड़िया देवी ने संयुक्त रूप से कहा की जीवन एक अनमोल धरोहर है और इसे वाहन चलाते समय सुरक्षित बचा करके ही वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों व संकेतों का ध्यान रखकर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल से बात नहीं करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।बिना हेलमेट दुपहिया वाहन को सड़क पर नहीं चलाएं। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही के चलते आए दिन घटित हो रही हादसों की रोकने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट सुरक्षा कवच है । उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं से बचने का एक मात्र उपाय सड़क नियमों का पालन करना है। उन्होंने बताया की अगर कोई व्यक्ति किसी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले कर आता है तो सरकार के तरफ से उसे वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने व कराने की शपथ दिलाई।इस मौके पर कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# अररिया के जोकिहाट बहरबाड़ी मे वर्ष 2000 मे हुई थी देशी पावर की स्थापना



**अररिया/डा.रूद्र किंकर वर्मा ।** गोवा में 21जुलाई 23 को आयोजित G 20 के अंतर्गत भारत में "डीकार्बोनाइजिंग इंडिया- बिजनेस ड्रिवेन सॉल्यूशन टू एम्पावर रुरल इंडिया" पर G20- 2023/ CEM (क्लीन एनर्जी मिनिस्ट्री) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में अररिया स्थित नवीकरण ऊर्जा का उपयोग करके ग्रामीण विकास परियोजनाओं में शामिल कम्पनी "DESI POWER" को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में शामिल DESI POWER के निदेशक श्री एकलव्य शरण के साथ साथ गांव के अन्य सहकर्मी श्री गुरुदेव मालाकार, श्रीमती मालो देवी और श्रीमती राधा देवी ने अपने अपने अनुभवों की प्रस्तुति दी। इस ऐतिहासिक महत्व गौरवशाली क्षण वाले सम्मेलन में हिस्सा लेना कम्पनी से जुड़े लोग और गांव बाहारबाड़ी एवं अररिया के लिए गौरव की बात है।

# प्रशांत किशोर जी कहते हैं बेहतर शिक्षा और बेरोजगारी से मुक्ति पाने हेतु वोट करें- मंजूर आलम



**मधुबनी संबाददाता/**जन सुराज के माध्यम से जनता को जागरूक किया जा रहा है के आप अपने वोट की कीमत को समझिए। लोकतंत्र में आप को वोट देने का अधिकार प्राप्त है और आप के वोट से ही बिहार का भविष्य तैय होता है आप हमेशा से अपना वोट धर्म, जाति, मुसलमान बीजेपी के डर से राजद को और हिन्दू राजद के डर से बीजेपी को करते आ रहे हैं लेकिन आप के बेटे को रोजगार मिले न मिले, बिहार देश के अग्रणी राज्य में खड़ा हो न हो आप ने कभी चिंता नहीं किया। आप का बेटा बाहर जाकर रोजगार पाने लिए के धक्के खा रहा है दिन रात 5 से 10 हजार रुपये के लिए कोल्हू के बैल की तरह फैक्ट्री में खटाया जा रहा है तब जाके वह आपको पैसा भेजता है जानवरों जैसा जिन्दगी वह बाहर गुजार रहा है कभी उसके साथ जाकर उसके काम को देखिए आंखों से आंसू न निकल जाए तो कहना जिस बेटे को आप ने लाड प्यार से पाला आज वह बेटा रोजगार के लिए दर दर की ठोकर खा रहा है लेकिन आप के मन में आरजेडी, बीजेपी का भूत सवार है कुछ भी हो जाए सत्ता उसी को हस्तांतरित करेंगे। अपने लिए और अपने बच्चो के भविष्य के लिए सोंचिए सभी दल के नेता आते हैं आपके पास चुनाव के समय बरसाती मेढक बन कर और बड़े हेलिकॉप्टर लेकर भाषण भूषण कर के चले जाते हैं जनता को मिठा सपने दिखाकर और जब सरकार बनती है तो जो वादे किये जाते हैं उन्हें चुनावी जुमले करार दे दिया जाता है। आज तक बिहार में कोई भी ऐसा नेता नहीं हुआ जो जनता की समस्याओं को जानने के लिए पैदलयात्रा किया किया हो।

बिहार का एक ही लाल है वह है आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी जो इस समय गाँव-गाँव, शहर- शहर, गली-गली पदयात्रा कर जनता की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और उस समस्याओं से निजात पाने हेतु उपाय भी ढूंढ रहे हैं। आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के पास इतना पैसा है कि वह कोई भी काम भी नहीं करेंगे फिर भी बैठ के खा सकते हैं लेकिन किसी न किसी रूप में वह राजनीति का हिस्सा हमेशा से रहे हैं और जब उन्होंने बिहार की जनता को समस्याओं के जाल में घिरा देखा तो मन कुंठित हो गया। आखिर वो भी तो बिहार के ही लाल है। इसलिए उन्होंने जनता के बीच जाने के लिए जन सुराज के माध्यम से पदयात्रा प्रारंभ किया। सभी के चहेते आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं जनता ने हमें मौका दिया बिहार की सत्ता जन सुराज को हस्तांतरित किया तो आप को विशवास दिलाता हूँ एक वर्ष के अंदर सड़क बने न बने, हस्पताल बने न बने, नाली बने न बने लेकिन आप के बच्चों को बाहर से बुलाकर और यहाँ रह रहे बेरोजगार युवाओं को अपने पंचायत प्रखण्ड में ही 10 से 15 हजार का रोजगार अवश्य दे दूंगा और यह काम पहली कलम से ही होगा अगर वादा पूरा नहीं करुंगा तो फिर आप हमारी सरकार को भी नकार देना। हम सभी से आग्रह करते हैं कि जन सुराज और जन सुराज के अन्तर्गत चल रहे पदयात्रा का हिस्सा बनें और आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के हाथों को मजबूती प्रदान करें

# मणिपुर हिंसा पर प्रतिरोध मार्च निकालने से एक घंटा पहले ही नजरे आलम को लालबाग कार्यालय में किया गया नजरबंद



**जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की नहीं दी अनुमति, मुहर्रम बाद होगा विशाल विरोध प्रदर्शन**

**मधुबनी संबाददाता/**82 दिनों से मणिपुर में जारी हिंसा और तीन महिलाओं को निर्वस्त्र कर बलात्कार की शर्मनाक घटना के विरोध में आज ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ दरभंगा की ओर से प्रतिरोध मार्च एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला दहन कार्यक्रम 11 बजे दिन में शहर के नाका न0-5 पर होना था। विरोध मार्च लालबाग पब्लिक स्कूल से मिर्जापुर के रास्ते नाका 5 तक निकलना था। लेकिन कल रात्रि से ही जिला प्रशासन ने अनुमित देने से इंकार करते हुए लॉ एंड ऑर्डर का हवाला देकर कार्यक्रम को स्थगित करने का दबाव बना दिया।

बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम, जिला अध्यक्ष अशरफ अहमद, प्रदेश अध्यक्ष सह प्रवक्ता अज़मतुल्लाह अबुसईद, महासचिव जमीर खान, कारी मोहम्मद सईद जफर को आज क्षेत्रीय कार्यालय लालबाग में दरभंगा पुलिस ने 10 बजे से ही नजरबंद कर दिया। अंत- कार्यक्रम को अगले आदेश तक के लिए टाल दिया गया है।

इस अवसर पर मिडिया से बात करते हुए बेदारी कारवां के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने कहा के हम प्रशासन के सहयोग से ही अपनी आवाज बुलंद करते हैं, हम प्रशासन के साथ हैं।

जिला प्रशासन ने यह कहकर कार्यक्रम की अनुमित नहीं दी के दरभंगा में मुहर्रम का त्यौहार है और यहां का त्यौहार बहुत संवेदनशील होता है। इसलिए फिलहाल कार्यक्रम को राक दिया जाए।

विरोध प्रदर्शन बड़ा कार्यक्रम था इसलिए हमारा संगठन भी लॉ एंड ऑर्डर को देखते हुए प्रशासन के सहयोग में अगली नई तिथि तक के लिए टाल दिया है।

जल्द ही 29 जुलाई बाद मुहर्रम दरभंगा कमिश्नरी तक का विरोध मार्च निकाला जायगा। वहीं नजरे आलम ने कहा के मणिपुर हिंसा को रोकने में केंद्र और राज्य सरकार हर स्तर पर विफल है इसलिए वहां के मुख्यमंत्री को अविलंब बर्खास्त करते हुए राष्ट्पती शासन लागू किया जाए। पीड़ित महिलाओं के साथ न्याय किया जाए, बलात्कारियों को फांसी की सजा दी जाए और अविलंब हिंसा पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद जियारतुल्लाह, मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद बेलाल, मोहम्मद अफसर, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद उस्मान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बी एन एम यू के माननीय कुलपति के हस्तक्षेप के बाद जारी, पत्र का प्रदेश प्रधानाचार्य महासंघ ने किया स्वागत







**प्रधान महासचिव डा माधवेंद्र एवम अध्यक्ष सह कुलपति डा.अशोक ने दिया साधुवाद प्रधानाचार्य महासंघ ने राज्य सरकार एवं कुलाधिपति से इनके सेवा विस्तार की याचना की है कुलपति प्रो.डा.आर के रमण एक आदर्श कुलपति अस्वस्थता के दिनो में भी कार्यदिवस का किया सम्मान**

**मधेपुरा।**शिक्षा विभाग एवम विश्वविद्यालय के बीच स्वायत्ता पर प्रहार से विश्वविद्यालय प्रशासन भयभीत रहा। मिनट दर मिनट कार्य प्रणाली को शिक्षा विभाग कैद कर लिया फलस्वरूप विरोधाभास उत्पन्न होते रहा है। जबतक विश्वविद्यालय प्रशासन एक आदेश को अंगीकृत कर संदेश अपने अधीन के अंगीभूत एवं अनुदानित महाविद्यालय को भेजती है तथा उसका मॉनिटरिंग करती है तबतक नया संदेश आ जाता रहा। अफरातफरी की स्थिति में अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के संबंधन आदेश को एकमुश्त निरस्त करने की घोषणा शिक्षा विभाग से कराए जाने की बात बताई गई जिसे परिमार्जन हेतू भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के विद्वान एवं अनुभवी कुलपति प्रो. डा. आर के पी रमण ने सभी अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के प्रतिवेदन की समीक्षा की तथा संशोधन का निर्देश दिया। इसी क्रम में विश्व विद्यालय पत्रांक आई सी 333/23जीएस 826/23दिनांक 22.07.2023.द्वारा संशोधित कर कारण पृच्छा की गई है कि अनुपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों के कारण क्यों नहीं करवाई की जाय। अब सभी महाविधालय के प्रधान को सम्यक जानकारी एवं की गई अनुशासनात्मक करवाई की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को देनी चाहिए। अनुदानित डिग्री महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार एवम प्रधान महासचिव डा. माधवेन्द्र झा ने सभी अनुदानित डिग्री महाविद्यालय की ओर से कुलपति का आभार व्यक्त किया है तथा राज्य सरकार एवं कुलाधिपति से इनके सेवा विस्तार की याचना की है।


# थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी गांव में कैरी बैग फैक्ट्री में शॉट सर्किट से लगी आग से लाखों का सामना जलकर राख







**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** अग्निशमन विभाग के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार दुल्लीपट्टी गांव से खजौली जाने वाली मुख्य सडक किनारे मो. बशीर नामक युवक का जेनी इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में शनिवार की दोपहर बिजली की शॉट सर्किट से लगी आग के कारण फैक्ट्री में रखे मशीन समेत लाखों रुपये का सामना जल कर पूरी तरह तबाह हो गया। आगजनी की सूचना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव के द्वारा अग्निशमन विभाग को दिया गया। अग्निशमन विभाग दस्ता ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। फैक्ट्री के प्रोपराइटर मो. बशीर ने कहा कि एकाएक फैक्ट्री में शॉट सर्किट से आग लग गई और देखते-देखते सारा सामान जल कर राख हो गया। आग इतना भयानक था कि सामान को बचाने का मौका नहीं दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 30 लाख रुपये का सामान जल कर राख हो गया है।

# कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में अन्तर महाविद्यालय चेस प्रतियोगिता आज से, तैयारियां पूरी- डा. अरविन्द कुमार







**मधेपुरा।**भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़- मधेपुरा में दिनांक- 24.07. 2023 से 25.07.2023 तक भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय चेस (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता 2023-24 का चयनित क्रीड़ा, स्थल- भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय, साहुगढ़, मधेपुरा के प्रांगण में होना तय हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय, साहुगढ़, मधेपुरा के प्रधानाचार्य डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि अन्तर महाविद्यालय चेस (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में इस खेल को चेस कहा जाता है जबकि हिंदी में लोग इसे शतरंज कहते हैं ।लेकिन इसका मूल नाम ये नहीं है. प्राचीनकाल में जब भारत में ये खेल शुरू हुआ तो इसे चतुरंग बुलाया जाता था. चतुरंग मतलब ये खेल चतुर और चालाक लोगों का है. बाद में इसका नाम बदल कर शतरंज कर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समय दिनांक- 24.07.2023 रोज (सोमवार) को 02-30 अपराहन में रखा गया है। जिसमें सभी सादर आमंत्रित हैं। इस अयोजन में श्री मनीष कुमार पी टी आई बी एन एम वी कॉलेज आयोजन समिति उपसचिव हैं और श्री हरीश खंडेलवाल असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ,क्रीड़ा अध्यक्ष हैं । वे अयोजन समिति के अध्यक्ष हैं।

**बैठक** बैठक में उक्त पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने का निर्देश दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**पलासी ।**आगामी मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर रविवार को पलासी थाना में थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार की अध्यक्षता में थानाक्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उक्त पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार व पलासी थाना महिला हेल्प डेस्क प्रभारी कनकलता ने दोनो समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ मिल जुलकर त्यौहार मनाने की अपील की। उहोंने ताजिया व अलम जुलूस परंपरागत मार्गो से ही निकाले जाने की बात कही। किसी प्रकार की अड़चन आने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें, जिससे उत्पन्न समस्याओं का निराकरण समय पर किया जा सके। पर्व को सकुशल व निर्विवाद सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील की। साथ ही मोहर्रम के दिन बिना लाइसेंस के ताजिया जुलूस नहीं निकलेगा। उस कमेटी या संस्था को पहले लाइसेंस के लिए अप्लाई करना होगा। अगर पूर्व से लाइसेंस चला रहा है उसे फिर से पुनः जारी कराने को लेकर आवेदन देना होगा। बिना लाइसेंस का ताजिया जुलूस नहीं निकलेगा। अगर कोई भी व्यक्ति या समिति के लोग बिना लाइसेंस का निकालते हैं, तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं महिला हेल्प डेस्क प्रभारी कनकलता ने लोगों से अपील किया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। कोई भी संदिग्ध मामला हो तो पुलिस को सूचित करें, कोई भी कानून हाथ मे न लें। खासकर असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। कोई भी माहौल बिगाड़ने में असामाजिक तत्वों का ही योगदान होता है, जबकि इसमे आम लोग पीस जाते हैं। असामाजिक तत्व तो माहौल खराब कर निकल जाते हैं, लेकिन इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसीलिये असामाजिक तत्वों से बचकर रहें, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी विशेष परिस्थिति में पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर कई जन प्रतिनिधि एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रांगण रंगमंच की बधाई पहचान- डॉ. पूनम यादव



**मधेपुरा ।**प्रांगण रंगमंच मधेपुरा की अनुषांगिक इकाई प्रांगण रसोई द्वारा शनिवार को बड़ी दुर्गा स्थान में भंडारा का आयोजन किया गया। प्रांगण रसोई द्वारा बनाए गए व्यंजन का बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन किया। प्रांगण रसोई में मधेपुरा कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. पूनम यादव ने कहा कि भोजन की निशुल्क व्यवस्था ने प्रांगण रंगमंच की पहचान को बढ़ाया है।

इस तरह के आयोजन से सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। साथ ही सभी तरह के लोग माता मंदिर के सामने भोजन कर अपने को धन्य होते हैं। लायंस क्लब के सचिव आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रांगण रसोई ने सामाजिक सद्भाव का पैगाम दिया है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में संस्था के सदस्य काफी सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रांगण रसोई के माध्यम से सेवा का भाव जागृत होता है। समाजसेवी ओम श्रीवास्तव ने कहा कि कला संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी बढ़चढ़ हिस्सा ले रही है। ऐसे कार्यक्रम में युवाओं की सक्रियता लोगों के लिए प्रेरणा दायक है। प्रांगण रंगमंच के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रसोई समिति के प्रभारी विक्की विनायक, अक्षय कुमार, मुन्ना कुमार ने बताया कि यह आयोजन आम लोगों की भागीदारी से शहर के बड़ी दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। सचिव अमित आनंद, संस्थापक सदस्य दिलखुश कुमार, बबलू कुमार ने कहा कि प्रांगण रसोई से दूसरे जिले के भी गणमान्य लोग इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व सचिव सह लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद यादव द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### श्रावणी स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत



**अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** पूर्व मध्य रेलवे के सहरसा-मानसी रेलखंड के सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन के रेल फाटक संख्या 16 सी के दक्षिण एक 65 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन के चपेट में आने से रविवार को मौत हो गई।घटना के बाद मृत महिला को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध महिला कोपड़िया स्टेशन की दिशा से रेलपटरी किनारे से सिमरी बख्तियारपुर आ रही थी। इस क्रम में उक्त महिला रेल फाटक संख्या 16 सी के दक्षिण से महज कुछ ही दूरी पर पहुंची की कोपड़िया की दिशा से आ रही श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन की खाली रैक की चपेट में आने से महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पर रेल पुलिस शव को रेल पटरी से हटवा कर मामले की छानबीन में जुट गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बंदना कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। महिला की पहचान कराई जा रही है।

### पुराना विवाद से उत्पन्न मारपीट की घटना में दो महिला सहित तीन जख्मी





**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** बख्तियारपुर पुलिस सर्किल क्षेत्र के कनरिया ओपी के बेलवाड़ा पंचायत के गोठ भरना टोला में पुराना विवाद से उत्पन्न मारपीट की घटना में दो महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया है। घटना की बावत जख्मी डोमी यादव ने गांव के ही रोहित यादव,मोहित कुमार,अनमोल यादव सहित छह लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप कनरिया ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है ।उन्होंने कहा है कि पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर उक्त लोगो ने अचानक आया और उसकी मां के साथ गाली गलौज करने लगा।जिसका उसने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। हल्ला की आवाज सुनकर उसे बचाने गया उसका पुत्र डोमी यादव एवं उसकी पत्नी को भी उनलोगों के द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया।आवेदन में बीस हजार रुपए सहित सोने का चकती लेने का आरोप लगाया है।इस संबंध में कनरिया ओपी प्रभारी अमर ज्योति ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल की जा रही है।

### थाना के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी



**दैनिक शुभ भास्कर , सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा)।** स्थानीय बाजार के शर्मा चौक-डाकबंगला चौराहा के बीच बख्तियारपुर थाना के समीप जर्जर सड़क के कारण एक बाइक सवार युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी को आसपास के लोगों ने इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।जहां युवक का इलाज जारी है।जख्मी युवक नगर परिषद क्षेत्र के ख़मौती गांव निवासी हिमांशु कुमार है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक किसी काम से सिमरी बख्तियारपुर बाजार से वापस अपने घर लौट रहा था।जैसे ही वह बख्तियारपुर थाना से थोड़ा आगे गया कि सड़क जर्जर होने के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## पंडित चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा स्थल का होगा भव्य सौन्दर्यीकरण- महापौर बैन प्रिया

कार्यक्रम में जिले का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों को शैक्षणिक जागरूकता हेतु पाठ्य-पुस्तक भी वितरण किया गया





**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** आजाद युवा विचार मंच के द्वारा रविवार को देश की सेवा में अपने प्राण निछावर करने वाले वीर अमर शहीद पं चंद्रशेखर आजाद एवं स्वराज्य के प्रणेता लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती भव्य रुप से आजाद स्मृति स्थल पर मनाई गई। आजाद युवा विचार मंच के अध्यक्ष अशोक झा लाल की अध्यक्षता व आनंद झा के संचालन एवं प्रणव प्रेम और संजीव कुमार झा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर बैन प्रिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, देश कि सेवा में अपने जीवन का अनमोल क्षण देने वाले जिले के विभिन्न जगहों से आएं सभी रिटायर्ड फौजी,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन सिंह,मंच के सम्मानित संरक्षक मंडल सदस्य विमल कांत झा, पारस झा, सुमन समाज, धनंजय कुमार झा, उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिले का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों एवं स्लम बस्ती के छोटे छोटे बच्चों को शैक्षणिक जागरूकता हेतु पाठ्य-पुस्तक भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहां मंच के संरक्षक मंडल सदस्य विमल कांत झा, पारस झा, सुमन समाज ने मंच के द्वारा किये जा रहे अनवरत रक्तदान, शैक्षणिक जागरूकता, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय जागरूकता की भूरि भूरि सराहना किया।वहीं अध्यक्ष अशोक झा लाल, एवं संगठन सचिव शैलेश कुमार झा, सहित उपस्थित मंच के सभी सदस्यों ने स्मृति स्थल के सौंदर्यीकरण एवं भव्य प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया महापौर बैन प्रिया ने मंच के द्वारा किये जा रहे कार्यो कि सराहना करते हुए कहा कि बहुत जल्द आजाद स्मृति स्थल को पंडित चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा स्थल के रूप में स्वीकृति देते हुए भव्य रूप से सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों कि प्रतिमा आने वाले पाढियो के लिए महत्वपूर्ण जरुरत है।उन्होंने प्रतिमा लगाने हेतु 11000 रु0 का योगदान भी किया।वही पारस झा ने ग्यारह सौ रुपए समर्पण किया ।पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने मंच के कार्यो की सराहना करते हुए प्रतिमा लगाने में हरसंभव मदद करने की बातें कही।

कार्यक्रम में मंच के मृत्युंजय झा, श्यामल किशोर, सूर्य प्रकाश झा, प्रमोद झा, अखिलेश झा, आलोक कष्यप, चंद्रभाल शुलपाणी, खुशी भारद्वाज, पवन मिश्रा, आदर्श कुमार, ऋषभ राज पांडे, रौशन झा, अंकुश मिश्रा,अंशु कुमार, प्रशांत ठाकुर, अंशु ठाकुर, तुलाकांत, नीतीश मिश्रा, रतन दुबे,प्रवीण झा सहित सैकड़ो युवा उपस्थित थे।

## भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर मजदूरों को वाजिब हक दिलाने का हुआ निर्णय

**दैनिक शुभ भास्कर/ सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** भारतीय मजदूर संघ के 68 वें स्थापना दिवस पर रविवार को कहड़ा कुट्टी स्थित साई एजुकेशन केंद्र पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री तथा जिला प्रभारी शंभू कुमार चौबे ने भगवान विश्वकर्मा, भारत माता एवं मजदूर संघ के संस्थापक स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला संगठन मंत्री सुभाष चंद्र झा, भवन निर्माण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष पासवान तथा संगठन मंत्री दयानंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय मजदूर संघ के गीत मानवता के लिए उषा की किरण जगाने वाले हम शोषित पीड़ित दलित जनों के भाग्य जगाने वाले हम तथा संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो भला हो जिसमें देश का काम सब किए चलो के साथ कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री श्री चौबे ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रवादी विचारों का एकमात्र संगठन है।जो राष्ट्रीय हित उद्योग हित एवं मजदूर हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि 30 जुलाई 1955 को स्वर्गीय ठेंगड़ी जी के द्वारा इस संगठन की शुरुआत की गई थी। वही कांग्रेस सरकार द्वारा 2002 में कराए गए सर्वेक्षण में इसकी सदस्य संख्या को देखते हुए इसे भारत की सबसे बड़ा मजदूर संगठन बनाया। भारतीय मजदूर संघ अपने रीति नीति एवं सिद्धांतों के साथ मौन तरीके से मजदूरों के हित में कार्य करता रहा। जिसके परिणाम स्वरूप आज विश्व का सबसे बड़ा श्रम संगठन बन गया है।

इस संगठन के सदस्य संख्या को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन भी इससे प्रेरणा ग्रहण कर विश्व के अन्य देशों में मजदूरों के हितों के लिए कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। भवन निर्माण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष पासवान ने कहा कि यह संगठन समाज के कमजोर तबकों के लिए आज वरदान साबित हो रहा है।वहीं अन्य संगठन मजदूरों का शोषण कर विशुद्ध रूप से व्यापार कर रही है जबकि बीएएमएस मजदूरों के लिए मजदूरों के द्वारा मजदूरों के हित में कार्य करने वाले अग्रणी संस्था बन गई है। वही जिला संगठन मंत्री सुभाष चंद्र झा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में जी-20 के देशों के प्रतिनिधियों ने बिहार आकर इसके कार्यों की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या एवं बलिदान के कारण संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों में इसकी विश्वसनीयता काफी बढ़ी है।इस अवसर पर निधि कुमारी, लाखों कुमारी, रंजन देवी, संजुला देवी, सरस्वती देवी, रेखा देवी,रीना देवी, नीलम देवी,काजल कुमारी, रीता कुमारी, रानी देवी, बरसा कुमारी एवं रितु कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## दयावती स्कूल कैंपस में स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन





**सहरसा/** शहर के गंगजला बंपर चौक स्थित दयावती स्कूल कैंपस में रविवार को स्टडी प्वाइंट कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कर्ता सह मुख्य अतिथि द ओसियन ऑफ़ इंग्लिश के फाउंडर पीके प्रिंस द्वारा ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर में योग शिक्षकों के द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएगी।कोचिंग के डायरेक्टर चेतन प्रकाश ने कहा कि इस कोचिंग में वर्ग 1 से दस तक के विद्यार्थियों को सीबीएससी एवं बीएसईबी पाठ्यक्रम को हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम से पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि आज बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे अच्छी मार्क्स ला रहे हैं लेकिन छात्र-छात्राओं के अंदर नैतिक मूल्य एवं अनुशासन की काफी कमी देखी जा रही है। सर्वप्रथम इस कोचिंग के माध्यम से बच्चों में नैतिकता और अनुशासन की अच्छी शिक्षा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस कोचिंग के माध्यम से नवोदय, नेतरहाट,सैनिक स्कूल, बीएचयू, सीएचएस तथा सिमुलतला जैसे अच्छे से अच्छे संस्थान में नामांकन को लेकर अच्छी तैयारी कराई जाएगी।

इसके लिए योग्य शिक्षकों की तैनाती की गई है।इस अवसर पर विनीता झा, अंजू कुमारी, माला कुमारी,रंजीत झा, विकास बंसल,अमृत कुमार, राकेश दास रंजन,कमल किशोर, करण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## फांसी लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस



**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।** ओपी क्षेत्र के महारस गांव में शनिवार को संदेहास्पद स्थिति में 45 वर्षीय एक महिला की मौत के बाद परिजन ने शव को ठिकाने लगाने की असफल कोशिश की। ओपी पुलिस की तत्परता से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया गया।इस मामले को लेकर ओपी क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। कोई इसे आत्महत्या तो कोई इसे हत्या बता रहे हैं। घटना शुक्रवार रात्रि की है। 45 वर्षीय मृतका की पहचान महारस गांव निवासी वार्ड नंबर 3 अजय कुमार सिंह की पत्नी बेबी देवी के रुप में की गई। सुबह जब लोगों को कानों कान भनक लगी तो शव देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शव को देखने से लोगों को गले में फंदा लगाने का निशान जैसा प्रतीत होता नजर आया। हालांकि घटना के कारणों का खुलासा खबर लिखे जाने तक नहीं हो सका है। मृतका के छोटे पुत्र आशिष के अनुसार मां ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।ओपी अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद किया गया शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौपा गया है। आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

## सोनवर्षाराज थाना क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर तेल एक चोर को हुंडई कार के साथ ग्रामीणों ने पकड़ा







**दैनिक शुभ भास्कर, सोनवर्षा राज (सहरसा)।** बसनही थाना क्षेत्र के मरिया गांव के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करते हुए एक व्यक्ति रोमी मेहता को स्थानीय गग्रामीणों के सहयोग से एक हुंडई कार एवं उसमें रखे गए 4 गैलन लगभग 240 लीटर ट्रांसफार्मर के तेल के साथ चोर को पकड़ पुलिस को सौंप दिया गया। इसके अन्य दो साथी लालू यादव एवं पप्पू यादव दोनों ग्राम लौका दोनों भागने में सफल रहा।बसनही थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि पूर्व में भी बसनही थाना, सोनवर्षा थाना, काशनगर ओपी, पस्तपार आदि क्षेत्र में इस गिरोह द्वारा ट्रांसफार्मर से तेल चोरी किए जाने की बात अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया है। भागे हुए व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है दोनों व्यक्ति को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कोसी के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा चाणक्य केवल सच 2023 से सम्मानित



**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सहरसा।** कोसी क्षेत्र के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा को राजधानी पटना के विद्यापति भवन में चाणक्य केवल सच सम्मान-2023 का अव्वल ज्योतिषाचार्य के रूप में रविवार को सम्मानित किया गया।उक्त सम्मान समारोह में सरकार के पूर्व कृषि मंत्री एवं वर्तमान रामगढ़ (कैमूर ) के विधायक सुधाकर सिंह,अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के मंत्री श्रीमती अनीता देवी,पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, बोरबा (समस्तीपुर) के विधायक रणविजय साहू ,संपादक ब्रजेश मिश्रा प्रधान संपादक नीलेन्दु झा,पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शांति रॉय,पुलिस मेंस एसोसिएशनस के अध्यक्ष मृत्यंजय सिंह एवं इंटक के राष्टीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रदर्शन | प्लेटफार्म पर खड़ी सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन को लगभग 20 मिनट रोक कर रखा।

## एम्स निर्माण की मांग को लेकर जाप ने आयोजित किया रेल रोको अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/** जन अधिकार पार्टी (लो0) द्वारा कोशी प्रमंडल के सहरसा में ही हो एम्स का निर्माण, शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू करने एवं मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रविवार को रेलवे स्टेशन पर जमकर प्रदर्शन किया। जाप कार्यकर्ता सबसे पहले रेलवे जंक्शन पहुंचे। जहां प्लेटफार्म पर खड़ी सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन को लगभग 20 मिनट रोक कर रखा। रेल रोको अभियान का नेतृत्व जाप पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजन यादव ने किया।उन्होंने बताया कि कोशी का हक , हकीकत और जरूरत है की सहरसा में ही एम्स का निर्माण हो। कोशी प्रमंडल का कोई ऐसा परिवार नहीं है। जिसमें बीमारी से ग्रसित लोग नहीं है। ऐसी परिस्थिति में कोशी को वरदान स्वरूप एम्स का प्रस्ताव आया और दुर्भाग्य से दरभंगा चला गया। लेकिन दरभंगा में एम्स निर्माण का प्रस्ताव खारिज होने के बाद सहरसा का सबसे पहला हक बनता है। अब सरकार निर्णय नहीं कर पा रही है। इस जाम के माध्यम से सरकार को बताना चाहते हैं कि हमारा हक एम्स है। वह हमें दे दीजिए। कोसी और सीमांचल पिछड़ा हुआ इलाका है। कोसी त्रासदी को हम लोग वर्षो से झेल से आ रहे हैं। कैंसर जैसी बीमारी इलाके में पैर पसार रही है।

वही प्रदेश महासचिव शशिभूषण यादव , कमलेश्वरी यादव, युवा परिषद जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा,छात्र महासचिव मनीष यादव एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष नंदन कुमार ने भी कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए मणिपुर की घटना को बेहद शर्मनाक और निंदनीय बताया है। देश में ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बिहार राज्य के नियुक्तियों पर सिर्फ बिहारियों का हक है।अगर बिहारियों के हक और अधिकार को मारा जाएगा। तो आपका 2024 का सपना इसी राज्य टूटेगा।मौके पर पार्टी के किसान अध्यक्ष अरविंद यादव,उमेश यादव,रौशन यदुवंशी, चन्द्रकिशोर,अरूण,महादेव , लालखान,कुन्दन यादव,पप्पू ,अनुज सबिन,नरेश ऐंगल,बिलास यादव, आशिष,दिवाना सहनी,जामी खातुन, बंमबम कामत,मुन्ना,मो मुस्ताक,मो जमीर,राहुल मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जन अधिकार युवा परिषद के नगर अध्यक्ष बने रोहित कुमार राज, कार्यकर्ताओ में हर्ष



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/** जन अधिकार युवा परिषद का संगठन विस्तार रविवार को जिला अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर जिला में जाप पार्टी के तहत युवा परिषद का विस्तार किया गया है। इसमें जन अधिकार युवा परिषद के जिला उपाध्यक्ष नवहटा निवासी लाल खान को बनाया गया है। वही सहरसा नगर अध्यक्ष के रूप में रोहित कुमार राज का चयन किया गया है।इसके साथ ही नवहटा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में बमबम कामत कामत तथा सोनबरसा प्रखंड अध्यक्ष भूषण कुमार को मनोनीत किया गया है। युवा परिषद जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी में बड़ी संख्या में युवाओं को नेतृत्व प्रदान किया गया है। जो संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्व का इमानदारी पूर्वक निर्माण करेंगे।श्री मिश्रा ने कहा कि जाप सुप्रीमो पप्पू यादव के नेतृत्व में ही संपूर्ण बिहार का विकास संभव है। वही केंद्र एवं राज्य सरकार सभी मोर्चे पर विफल है।

ऐसे में जाप पार्टी वास्तविक विकल्प के रूप में राज्य एवं जिले की समस्याओं का समाधान करेगी। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे महती जिम्मेदारी प्रदान की है। उसका निर्वहन बखूबी ढंग से करूंगा।वही पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए पप्पू यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। साथ ही जिला में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए संपूर्ण जिले में पदयात्रा निकाली जाएगी।इस अवसर पर जाप जिलाध्यक्ष रंजन यादव,शशि यादव,नरेश ऐंगल सहित,बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थें।

# अनुमंडल पुलिस ने आर्म्स, बाइक व मोबाइल सहित तीन अपराधियों को दबोचा

## एसडीपीओ कांड उद्भेदन अंतर्गत की प्रेस वार्ता



**बिक्रमगंज (रोहतास)** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शशि भूषण सिंह अपने कार्यालय कक्ष में रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि रोहतास पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण शांति व्यवस्था विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपराध कर्मियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि वादी परिक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार काराकाट थाना के लिखित आवेदन के आधार पर काराकाट थाना कांड संख्या 220/23 के आलोक में लव कुमार सिंह उर्फ विशाल कुमार पिता शशिकांत सिंह ग्राम सिकरिया एवं लकी कुमार पिता अजय सिंह ग्राम गोराडी दोनों थाना काराकाट जिला रोहतास को अवैध आग्नेयास्त्र एवं चोरी के बाइक रखने के आरोप में कांड अंकित किया गया । उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरिया स्थित स्कूल के पास बने यात्री शेड के पास अपराध कर्मी बैठे हुए हैं । तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित कर स्थानीय पुलिस उक्त चिन्हित स्थल पहुंच घेराबंदी कर लव कुमार सिंह उर्फ विशाल कुमार पिता शशिकांत सिंह ग्राम सिकरिया एवं लकी कुमार पिता अजय सिंह ग्राम गोराडी दोनों थाना काराकाट जिला रोहतास को एक अवैध देसी रिवाल्वर , दो चोरी के बाइक एवं तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लव कुमार ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में 25 मार्च 2023 को चिकसिल में बोलेरो एवं मोटरसाइकिल के चोरी की घटना में अपने अन्य अपराध कर्मियों के साथ घटना कारित करने की बात स्वीकार की है। सिंह ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त लव कुमार सिंह काराकाट थाना में पूर्व के तीन कांड में आरोपित है। तो वहीं दूसरी ओर संझौली पुलिस ने भी 22 जुलाई को संझौली थाना कांड संख्या 169/22 के आलोक में लूट कांड ,डकैती एवं हत्या के फरार कुख्यात अप्राथमिकी अभियुक्त सौरभ पटेल उर्फ सौरभ राज पिता राजमणि कुमार उर्फ अजय कुमार चौधरी ग्राम रेड़िया थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास को अपने घर पर छुपकर रहने की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ। उक्त सूचना के सत्यापन एवं अभियुक्त सौरभ पटेल उर्फ सौरभ राज की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहतास के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त कुख्यात अपराधी को संझौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**डेहरी (रोहतास)** डेहरी थाना परिसर में रविवार को मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन, समाजसेवी व बुद्धिजीवियो के साथ शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता डेहरी एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा एवं संचालन डेहरी थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने की।

अध्यक्षता कर रहे एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा ने कमेटी के लोगों से इस त्यौहार को भाईचारे तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान ताजिया निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ताजिया जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। तथा ताजिया जुलूस का पहलाम 29 तारीख को रात 11:00 बजे तक कर दिया जाना चाहिए, साथ ही लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल नेटवर्क पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पर्व के दौरान उपद्रवी तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी किसी ने भी सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

नगर मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष महफूज अंसारी ने कहा कि हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के साथ मिलकर होली, दशहरा, दीपावली, मोहर्रम का पर्व एकता का परिचय देते हुए आपसी सद्भाव के साथ मनाते हुए आए हैं जो अपने आप में बहुत बड़ी बात है।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरुषोत्तम त्रिवेदी, अंचलाधिकारी पुरेन्द्र कुमार सिंह, नप के मुख्य पार्षद शशि कुमारी, समाजसेवी गुड्डू चन्द्रवंशी, डेहरी अनुमंडल विधिक संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष जमुना प्रसाद, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार गुप्ता, कसेरा समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल कसेरा, सांसद प्रतिनिधी अरुण शर्मा, दिपक शर्मा, रौकी ओझा, दानिश खान, अकबर चौधरी, अब्दुल कलाम आजाद, सादिक जफर, वार्ड पार्षद समीर आलम, शोभा चन्द्रवंशी, जोखन चंद्रवंशी, धनंजय यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दंपति के पानी में गिरने से मौत

**करगहर (रोहतास)** थाना क्षेत्र के अमवलिया गांव के समीप स्थित ब्रह्मा स्थान के पास रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वे पेड़ से टकराकर बुरी तरह जख्मी हो गए तथा गहरे पानी में जा गिरे। जहां डूबने से उनकी मौत हो गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सासाराम थाना क्षेत्र के भदौला निवासी नारायण सिंह अपनी 40 वर्षीया पत्नी बिंदा देवी के साथ गांव से सिगवां धर्मपुरा जा रहे थे कि अमवलिया गांव के समीप सासाराम चौसा पत्नी पीछे से तेज गति से आ रहा एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक में टक्कर मार दी।


जिससे वे पेड़ से टकरा कर बुरी तरह जख्मी हो गए और बेहोशी की हालत में गहरे पानी में जा गिरे। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।

चालक घटना को अंजाम देकर वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि भदौला निवासी नारायण सिंह की शादी थाना क्षेत्र के ठोरसन निवासी सत्यनारायण सिंह की पुत्री बिंदा देवी से संपन्न हुई थी ।

दोनों दंपत्ति धर्मपुरा एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे कि यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि अमवलिया बस स्टैंड के समीप सड़क किनारे स्थानीय दुकानदारों ने घटना को देखा लेकिन किसी ने मदद नहीं की।

काश समय से उनकी मदद की गई होती तो उनकी जान बच सकती थी। दुकानदारों द्वारा की गई अमानवीय व्यवहार को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित थे।

# राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बनें संदीप



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखंड के घुस स्थित सिंचाई विभाग मैदान के समीप स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मदन पासवान ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू गुप्ता भी उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संदीप कुमार को राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के नासरीगंज प्रखंड अध्यक्ष जबकि हरीश कुमार उर्फ निकु को काराकाट प्रखंड अध्यक्ष सर्वसम्मति से घोषित किया गया। इस दौरान लोगो ने फूलों के माला से सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि संदीप कुमार व हरिश कुमार उर्फ नीकु काफी कर्मठ, संघर्षशील, कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार कार्यकर्ता है। ऐसे कार्यकर्ताओ को पार्टी का प्रखण्ड अध्यक्ष बनने से पार्टी काफी मजबूत होगी और एक नई ऊंचाइयों तक ले जाने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर प्रदेश संगठन सचिव डोमा पासवान, प्रदेश सचिव उदय पासवान, जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल मुखिया, पुलिस राम, सिंहासन ठाकुर, रामायण सिंह, माना पासवान, शंभू पासवान, मदन गुप्ता, गोपाल गुप्ता, चंदन, निकू, सिकंदर, छोटू, बाला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

# जदयू नेत्री शाहीन अख्तर रोहतास की बनी जिला उपाध्यक्ष



**नासरीगंज (रोहतास)** जदयू नेत्री शाहीन अख्तर जदयू की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत की गई। इनके इस मनोयन पर जदयू कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसके लिए जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके इस मनोनयन से पार्टी की गतिविधि सक्रिय और मजबूत होगी। जदयू नेत्री पूर्व में भी पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर सुशोभित हो चुकी हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। इस अवसर पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा मिले दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने का अथक प्रयास करूंगी। उनके मनोनयन पर बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में जदयू नेत्री सह कोचस जिला पार्षद पूर्वी नीलम कुमारी, वरीय जदयू नेता सय्यद संजरुल हक,बबन सिंह कुशवाहा,संजय कुमार,नईमुद्दीन इदरीसी,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डा.अमरेंद्र कुमार,पूर्व नगर उप मुख्य पार्षद सेराजुल हक,रिजवान फिरदौस,मनोज कुमार,नितेश कुमार लड्डू,रामजी चौधरी,विशाल कुशवाहा, रहमत हुसैन समेत अन्य है।

# बिजली के लटकते तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**नासरीगंज (रोहतास)** कछवां थानांतर्गत कैथी गांव के खेत में काम? कर रहे एक किसान की मृत्यु बिजली का करेंट लगने से हो गई।? उक्त घटना रविवार उतपन्न हुई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कैथी निकट ही बरडीहां-सकड्डी पथ को घण्टो जाम कर दिया। सूचना पर घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने लोगों को समझा बुझा कर सड़क जाम हटवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। मृतक कैथी गांव निवासी विजय कुमार का 35 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार बताया जाता है। घटना के विषय में स्वजनों ने बताया कि किसान अपने खेत में काम कर रहा था। इसी क्रम में वह बिजली की लटकते तार के चपेत में आ गया। जिससे उसकी मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई। थानाध्यक्ष मीतेश कुमार ने बताया शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इधर सीओ अमित कुमार ने बताया कि मृतक के स्वजनों को जांचोपरांत उचित मुआवजा दिया जाएगा। वहीं मृतक के स्वजनों पर दुखों का पहाड़ ही टुट पड़ा है। उनका रोते बिलखते बुरा हाल है। सगे सम्बन्धी व पड़ोस के लोग उन्हें लगातार ढारस बंधा रहे हैं।

# मुहर्रम खलीफा से जुड़ी विवाद को अधिकारियों ने सुलझाया



**नासरीगंज (रोहतास)** थानाक्षेत्र के चितोखर गांव में सीओ अमित कुमार और थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व ग्रामीणों के साथ एक बैठक मुहर्रम के खलीफा के मुद्दे पर दो गुटों में चल रहे विवाद के निपटारे को ले रविवार को आयोजित हुई। प्रशासनिक पहल? पर दोनों गुटों के लोगों की सहमति से खलीफा का चयन किया गया। नवनियुक्त खलीफा नाजिर अंसारी ने कहा कि वे सभी ग्रामीणों के सहयोग से पर्व का आयोजन सफलता पूर्वक निभायेगें। वहीं निवर्तमान खलीफा नवाब अंसारी ने चयनित खलीफा से हाथ मिलाकर गिले शिकवे भुलाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई कर दोनों के बीच के विवाद को सुलझा लिया गया। बताते चलें कि उक्त गांव में कब्रिस्तान कमेटी का विवाद बहुत दिनों से चला आ रहा है। जिसे लेकर मुहर्रम पर दोनों गुटों में तनाव की स्थिति उतपन्न गई थी। मौके पर प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शयामुल हक,जदयू नेता रिंटू तिवारी,शैलेन्द्र सिंह वार्ड पार्षद शमशाद अहमद परसवी,भाजपा नेता सिकंदर सिंह, आमिर खान,हेलाल खां समेत अन्य उपस्थित थे।

# बिजली चोरी में तीन लोगों पर मामला दर्ज

**संझौली (रोहतास)** विद्युत सब स्टेशन संझौली से बिजली ऊर्जा आपूर्ति होने वाले मंझौली गांव के तीन लोगों के खिलाफ, बिजली विभाग के कनीय अभियंता परमोदित पटेल ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। जेई पटेल ने बताया कि बाईपास बिजली ऊर्जा चोरी करने को लेकर, मंझौली गांव निवासी विकास कुमार गुप्ता पर 59698 रुपए, शारदा साह पर 52917 रुपए व विनोद चौधरी पर 31475 रुपए आर्थिक जुर्माना लगाते हुए, स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया गया है।


# भाजपा युवा मोर्चा ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री का किया स्वागत



**सासाराम (रोहतास)** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन गाजे-बाजे के साथ एसपी जैन कॉलेज मोड़ पर धूमधाम से किया गया। जिसमें सैकड़ों युवा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हर्षोल्लास के साथ भारतीय जनता पार्टी का नारा लगाते हुए उनका अभिनंदन एवं स्वागत जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने अपने पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं के साथ बड़े फूल मालाओं के साथ नित्यानंद राय का स्वागत किया । 0 नित्यानंद राय आज आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सत्यम पैलेस में आए हुए थे।

जिसमें दर्जनों नामचीन नेता साथ में हजारों कार्यकर्ता बीजेपी ज्वाइन किए। आज के स्वागत समारोह में मुख्य रूप से प्रणव पांडेय, सुधीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, शनि देओल, पंकज तिवारी, विशाल देव, चंदन सिंह, अमित मिश्रा, विवेक बहादुर, डबलू पासवान, बिट्टू दुबे, दिव्यप्रकाश तिवारी, विश्वजीत कुमार, चाँद चौबे, बिट्टू सिंह, विकाश गुप्ता, महाराणा प्रताप, अमित तिवारी, अभय कुमार, दीपक सिंह, सुरेश मिश्रा, योगेंद्र कुशवाहा, प्रकाश कुमार, प्रेम कुमार, अरविंद कुमार, अनमोल यादव, शिव कश्यप, रंजन कुमार, राजीव कुमार, कुमार, सुरेंद्र, शिव नाथ सिंह, ददन कुमार के साथ सैकड़ो भाजयुमो कार्यकर्ता स्वागत के लिए मौजूद रहे।

# तुतला भवानी झील कुंड में एक युवक डूबा, तलाश जारी



**तिलौथू (रोहतास)** जिले के तिलौथू थाना के तुतला भवानी वॉटरफॉल के कुंड में एक युवक डूब गया। जिसकी तलाश जारी है। बता दें कि नहाने के दौरान यह हादसा हुआ है। युवक अमरेश कुमार पटना जिला के नौबतपुर का रहने वाला था तथा अपने दोस्तों के साथ तुतला भवानी वॉटरफॉल घूमने आया हुआ था। इसी दौरान वाटरफॉल के कुंड में स्नान करने लगा। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया है। स्थानीय स्तर पर गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे युवक की तलाश जारी है।

जिला पुलिस के प्रयास से एसडीआरएफ की टीम भी सासाराम आ रही है। ताकि युवक की तलाश की जा सके। उधर परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। बता दे कि तुतला भवानी देवी स्थान में वाटरफॉल है। मानसून में काफी भीड़ हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मियों की गलती का खामियाजा युवक को भुगतना पड़ा। इसका एक वीडियो स्थानीय स्तर पर वायरल हुआ है। केबी न्यूज इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कर्मी खतरनाक वाटर फॉल से लोगों को बाहर आने के लिए चेतावनी दे रहे थे।

# अवैध ब्रेकर से बाइक सवार महिला के गिरने से हुई मौत

**करगहर (रोहतास)** रविवार को पटवाडीह गांव के समीप अवैध ब्रेकर पार करने के दौरान अनियंत्रित बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े। जिसे ग्रामीणों की मदद से उन्हें पीएचसी में भर्ती कराया गया जहा इलाज के बाद डॉक्टरों ने महिला की गंभीर की स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहा सासाराम ले जाने के दौरान तिलका पुर गांव के समीप महिला ने दम तोड़ दिया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के तेन्दुआं निवासी रिपु यादव अपनी तीस वर्षीय पत्नी संजू देवी के साथ बाइक से कोचस थाना क्षेत्र के बलथरी गांव में दांत दर्द का झाड़ फूंक कराने जा रहे थे। इस बीच पटवाडीह गांव के समीप निर्मित अवैध ब्रेकर पार करने के दौरान दोनों अनियंत्रित होकर सड़क पर दूर जा गिरे। जिससे महिला के सिर में गंभीर चोटें लगी और पति जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने पति पत्नी को पीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल भेज दिया। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने के दौरान महिला ने तिलकापुर गांव के समीप रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

दुर्घटना | पुल के चौड़ाई कम और रेलिंग नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

# मौत को आमंत्रण दे रहा केसठ का जर्जर भट्टा पुल,वर्षो बाद भी आधिकारी साध रखे है मौन



**केसठ (बक्सर)** प्रखंड क्षेत्र के केसठ भट्ठा पुल पर आए दिन दुर्घटना हो रही है। बता दें कि भट्ठा पुल से ही लोगों को कोरान सराय और चौंगाई जाना होता है लेकिन पुल के चौड़ाई कम और रेलिंग नहीं होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

कुछ महीनों पहले के आंकड़ों पर नजर डाला जाए तो इस पुल पर आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है अक्सर चार पहिया वाहनों को पुल से गुजरने से समस्याओं का सामना करना पड़ता है जितनी दुर्घटनाएं होने के बावजूद भी यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा आज तक कोई भी पहल नहीं की गई है।

लोगों का कहना है कि सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है आजकल कम उम्र के युवा एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में ना सिर्फ वाहन को तेज गति से चला रहे हैं बल्कि परिवहन विभाग के कानून को भी उन्हें परवाह नहीं रहती है। बता दें कि भट्ठा पुल से चार सड़क जुड़े हुए हैं जो मुख्य सड़क है।

टेंपो चालक अशोक कुमार ने बताया कि पुल पर रेलिंग अगर बन जाए तो वाहन परिचालन में सहूलियत मिलेगी। वहीं ट्रैक्टर चालक चमन ने बताया कि कुछ साल पहले एक ट्रैक्टर चालक ने दूसरे वाहन को साइड देने में ट्रेक्टर पुल से नीचे पलट गई और दो लोगों की मौत हो गई थी,अगर पुल की चौड़ाई बढ़ा दी जाए तो हादसा कम हो सकता है बाइक चालक अकाश कुमार ने बताया कि अक्सर वाहनों के टक्कर पुल पर होती है। वही नहर विभाग के कनीय अभियंता पप्पू सिंह ने बताया कि पुल पर रेलिंग एवं पुल की मरम्मत के लिए विभाग को सूचना दे दी गई है,जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा।

## कुत्तों ने गर्भवती हिरणी व हिरण को काट किया जख्मी

**करगहर (रोहतास)** शनिवार की देर शाम पांडेपुर और सोहवालिया गांव के बधार में कुत्तों के झुंड ने दो हिरणों को काट कर जख्मी कर दिया। जिसे ग्रामीणों ने उठाकर गांव लाया जहां ग्रामीण रात भर उसकी देखरेख करते रहे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बड़हरी ओपी के पांडेपुर गांव के बधार में एक गर्भवती हिरणी को कुत्तों के झुंड ने घेर लिया और उसे काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में कीचड़ में फंसी हिरणी को ग्रामीणों ने गांव लाया उसकी रात भर रखवाली करते रहे। वहीं दूसरी ओर भोखरी ग्राम पंचायत के सोहवलिया गांव में कुत्तों के झुंड ने एक हिरण को काटकर जख्मी कर दिया। जिसे ग्रामीणों ने सुरक्षित रखकर रखवाली करते रहे। बड़हरी ओपी प्रभारी जितेंद्र पंडित ने बताया कि गर्भवती हिरणी के जख्मी होने की सूचना वन विभाग को दी गई है वन विभाग के अधिकारी रविवार की शाम दोनों हिरणों को अपने साथ ले गए।

## लूटपाट कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास)** 23 सितंबर 2022 को थाना क्षेत्र के अमेठी गांव से होकर गुजरने वाली, बक्सर राजवाहा लख के समीप एक फाइनेंस कंपनी कर्मी को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के बाद लूटपाट किया था। लंबे समय के बाद पुलिस ने हत्या व लूटपाट में शामिल शातिर अभियुक्त, सौरभ पटेल, ग्राम रेडिया बिक्रमगंज से संझौली पुलिस ने बिक्रमगंज पुलिस के सहयोग से गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, अभियुक्त के घर से रविवार को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि धारा 302 व लूटपाट का अभियुक्त बहुत दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर, कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष की माने तो अपराध में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टोह लगाए हुए है।

## टेंपो-बाइक की टक्कर में युवक जख्मी

**केसठ (बक्सर)** प्रखंड के स्थानीय मिठाईयां पुल के पास शनिवार को एक टेंपो और स्कूटी में टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार 15 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केसठ निवासी संतोष तुरहा का 15 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार किसी कार्य से स्कूटी से मिठईया पुल तरफ जा रहा था। कि अचानक सोनवर्षा की तरफ से आ रहे एक टेंपो से धक्का लग गया। जिससे गिरकर घायल हो गया। इस संबंध में पीएचसी के चिकिस्क से मिली जानकारी के अनुसार बालक का दोनो पैर की हड्डी टूट गई है। वही ग्रामीणों ने टेंपू चालक को पकड़ लिया तथा पूछताछ करने लगे।

## ख़ास ख़बर

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत गांव में पसरा सन्नाटा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर**/कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत भदौला ग्रामवासी पति पत्नी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, गांव में पसरा सन्नाटा। मृतक परिजनों मिली जानकारी के अनुसार, भदौला ग्रामवासी नारायण सिंह एवं उनकी पत्नी बिन्दा देवी, अपने गांव से रोहतास जिला के करहगर मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे कमवलिया मोड़ के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे कि मोटरसाइकिल पौधे में टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही, आसपास उपस्थित लोगों द्वारा अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा जांच करने के उपरांत बताया गया कि पति पत्नी दोनों की मौत हो गई है। घटनास्थल से मिले दस्तावेजों वह दूरभाष के माध्यम से परिजनों को सूचना मिला। प्रशासन द्वारा शव की सदर अस्पताल सासाराम से अंत्य परीक्षण के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। पति पत्नी दोनों की मृत्यु एक साथ की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया, और सन्नाटा पसर गया।

### शराब के साथ कार जप्त दो तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनियां/** मोहनियां-(कैमुर) थाना की पुलिस ने शनिवार की रात में एनएच दो स्थित एमपी कालेज के पास से, शराब के साथ तस्कर मोहम्मद सलाउद्दीन जो गांव गोबिंदपुर बलिया का रहने वाला बताया जाता है वहीं दूसरा आरोपी मोहम्मद ताहिर गांव लोहिता जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब लदी इंडिगो कार भी जब्त की।थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि कार से कुल 540 पीस यानी 108 लीटर देसी शराब ब्लू लाइम बरामद की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना की पुलिस रात्रि में वाहनों जांच कर रही थी कि शराब लदी इंडिगो कार का चालक पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। पुलिस बलों ने कार पकड़ कर तलाश की तो शराब देखी। कार चालक एवं शराब तस्कर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया, और शराब लदी कार के साथ दोनों को थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान चालक एवं तस्कर ने बताया कि शराब यूपी से लाई जा रही थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर, दोनों की मोहनियां के अनुमंडल अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया। छापेमारी के बावजूद नहीं रूक शराब रहा धंधा। जिले में शराब के खिलाफ प्रतिदिन छापामारी के बावजूद तस्करी का धंधा नहीं रूक रहा है। इस धंधे में शामिल धंधेबाज कई तरह के उपाय कर यूपी से शराब का धंधा कर रहे है। पुलिस के द्वारा सामान से लदी सामग्री में छिपाकर ले जाए जा रहे शराब लदी ट्रक, हाईवा, शराब लदी एंबुलेंस, शराब ढोने के लिए बनाए गए बक्सायुक्त बाइक, स्कूटी, टेंपो, मंहगी कारों के अलावा विद्यालय वाहन को शराब व तस्करों के साथ पकड़ा गया है। पकड़ जाने के बावजूद शराब की तस्करी नहीं रूक रही है।हालांकि इसे पकड़ने के लिए एसपी के द्वारा सभी थाना पुलिस को प्रतिदिन दिन के अलावा रात में सड़कों पर सघन वाहन जांच करने का निर्देश दिया गया है। डीएम के द्वारा उत्पाद विभाग को प्रतिदिन छापामारी करने का निर्देश दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने मंदिर में पहुंचकर किए पूजा अर्चना



**दैनिक शुभ भास्कर रौहतास**/रोहतास (सासाराम)।सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी पर स्थित चौरासन मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना कर माथा टेका गया। उन्होंने कहा कि यह स्थल वाकई अद्भुत है। इसके पूर्व आज वे सोन नद के बीच में स्थित दसाशीशानाथ महादेव स्थान भी पहुंचे थे। बता दें कि हिमाचल के रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल दो दिवसीय सरकारी प्रवास पर रोहतास एवं कैमूर आए हैं।

# मणिपुर में हुए हिंसक घटनाओं के विरुद्ध जन अधिकार पार्टी के द्वारा किया गया







**(रेल चक्का जाम करने पहुंचे कार्यकर्ताओं को रेल प्रशासन ने रेल लाइन से उठाकर किया अलग)**

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर**/कैमूर- जिला के मोहनियां बाजार चांदनी चौक से, मणिपुर में दो गुटों के बीच हो रहे हिंसक घटनाओं के विरुद्ध, जन अधिकार पार्टी के द्वारा भभुआं रोड (मोहनियां स्थित) स्टेशन तक पहुंच किया गया प्रदर्शन, रेल चक्का जाम करने पहुंचे कार्यकर्ताओं को, प्रशासन ने रेल लाइन से उठाकर किया अलग। आपको बताते चलें कि मणिपुर में दो गुटों में (आरक्षित अनारक्षित वर्ग) में सरकार के द्वारा बनाए गए नीतियों के पक्ष एवं विरुद्ध, के तहत हिंसक घटनाएं जारी है।

जिस तरह से पूरे देश में जाति के नाम पर एक वर्ग विशेष( आरक्षित वर्ग) को छूट देते हुए, एक वर्ग विशेष (अनारक्षित वर्ग) की अधिकारों का हनन करते हुए, गुलाम बनाने की कोशिश किया जा रहा है।

वैसे ही मणिपुर में भी विशेष तौर पर लागू है। जिसके विरुद्ध जिस वर्ग विशेष (अनारक्षित वर्ग) को गुलाम बनाने की कोशिश किया जा रहा है। उनके द्वारा अपने अधिकारों का हनन होने से रोकने के प्रयास किया जा रहा है।

तो दूसरी तरफ आरक्षित वर्ग के द्वारा पहले से मिल रहे सुविधाओं को बरकरार रखने हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिस वजह से दोनों गुटों में काफी दिनों से खूनी संघर्ष चल रहा है, खूनी संघर्ष में दोनों गुटों द्वारा नैतिकता को भूल कर, मानवता को शर्मसार करते हुए, हत्या बलात्कार जैसे घटनाओं तक को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमें हो रहे हिंसक घटनाओं के विरुद्ध,जिला इकाई कैमूर के तत्वधान में रामचंद्र सिंह यादव (पूर्व विधायक भभुआं) के नेतृत्व में, सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा मोहनियां के चांदनी चौक से स्टेशन रोड होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय- गया रेलखंड पर अवस्थित भभुआं रोड स्टेशन पहुंच आसनसोल वाराणसी पैसेंजर के सामने नारेबाजी करने लगे।जिन्हें पहले से सुरक्षा में तैनात आरपीएफ और जीआरपी के जवानों द्वारा रेल लाइन से उठाकर अलग कर ट्रेन को संचालित कराया गया।

# चमनलाल पोखरा का नहीं हुआ साफ सफाई, आवेदन देने के बाद भी कार्यपालक पदाधिकारी कर रहे मनमानी





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/** कैमूर- जिला मुख्यालय भभुआं शहर के वार्ड नंबर 17 स्थित चमनलाल पोखरा का साफ-सफाई नहीं होने से, स्थानीय लोगों वार्ड पार्षदों एवं स्थानीय लोगों द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। उसके बावजूद भी कार्यपालक पदाधिकारी दीनदयाल लाल द्वारा साफ सफाई नहीं कराकर बल्कि अपने ढंग से मनमानी कर पानी भरवाया जा रहा है।रविवार को चमनलाल पोखरा पर वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में, उपसभापति प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार ने प्रेसवार्ता में कहा कि शहर के वार्ड नंबर 17 में चमनलाल पोखरा नगर परिषद का पोखरा है, जो सही ढंग से साफ सफाई नहीं कराया जा रहा है। जिसको मनमानी तरीके से बंदोबस्ती कर दी गई है और बिना सफाई कराये ही पानी भरवाया जा रहा है।पानी भरने की कार्य बंद करने को भी कहा गया, लेकिन कार्य को रोका नहीं जा रहा है।

इसके पहले 20 जुलाई को भी नगर परिषद में मेन बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा गया, और नियमावली में लिखा गया कि जब तक पोखरा का साफ सफाई नहीं होता है, तब तक इस में पानी नहीं भरा जाए। लेकिन पानी को रोका नहीं गया पानी भरा जा रहा है। यहां तक कि पोखरे का साफ-सफाई के लिए 5 सदस्य टीम का भी गठन किया गया था। पर संदर्भ में कोई पत्र जारी नहीं किया गया, और पानी भरने का कार्य शुरू कर दिया गया।

इस प्रकार कार्यपालक पदाधिकारी का मनमानी रवैया है। वहां के स्थानीय लोग और वार्ड पार्षदों का आरोप है।वहीं वार्ड 17 के वार्ड पार्षद मनिंद्र गोंड ने कहा कि नगर परिषद में आवेदन देने के बाद भी आवेदन पर कोई करवाई नहीं किया जाता है। और कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा मनमानी रवैया से कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में हम लोग डीएम को भी आवेदन देंगे अगर हम लोगों को वहां से भी न्याय नहीं मिलता है, तो आगे मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी यहां के स्थानीय लोग और वार्ड पार्षद पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएंगे।जबकि इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनदयाल लाल से टेलीफोन के माध्यम से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि तालाब का बंदोबस्ती हुआ है। जब तालाब में पानी भरवाया जाएगा तभी मछली पालन होगा। वही साफ सफाई पर उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा कई बार साफ सफाई करा दिया गया है। वही एक बार जब तालाब में पानी को पूरा तरह से भरवा दिया जाएगा, तो महाजाल से भी पानी का साफ-सफाई करा दिया जाएगा।

# बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**/बिक्रमगंज( रोहतास) अनुमंडल के कच्छवां थानांतर्गत कैथी गांव में खेत में काम? कर रहे एक किसान की मौत बिजली का करेंट लगने से हो गई।

यह घटना रविवार को अहले सुबह घटी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कै कैथी के निकट ही बरडीहां - सकड्डी पथ को जाम कर दिया। जामकर्ता मृतक का फुस का मकान का हवाला दें इंदिरा आवास के तहत मकान, मृतक कि पत्नी के लिए विधवा पेशन व मुआवजे कि मांग कर रहे थे। सूचना पाकर मौक़े पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया।

और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मृतक की पहचान कैथी गांव के ही 35 वर्षीय सोनू कुमार पिता विजय राम के रूप में हुई है।बताया जाता है कि किसान अपने खेत में काम करने के लिए जा ही रहा था कि इसी क्रम में वह बिजली की करेंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत मौक़े पर ही हो गई।

हालांकि अभी इस बात पर संशय बना हुआ है कि क्या बिजली का तार टूट कर गिरा हुआ था या किसी के द्वारा कृषि कार्य हेतु मोटर का तार लगाया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले कि पड़ताल चल रही है। इधर सीओ अमित कुमार ने कहा है कि मृतक के परिजनों को जांचोपरांत उचित मुआवजा दिया जाएगा। वहीं मृतक के परिजनों पर जैसे दुखों का पहाड़ ही टुट पड़ा है। उनका रोते बिलखते बुरा हाल है। और पड़ोस के लोग उन्हें लगातार ढारस बंधा रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने पीछे चार पत्नी सहित चार बच्चों क्रमशः पल्लवी कुमारी 11 वर्ष,जीतू कुमार 8 वर्ष, रौशनी कुमारी 5 वर्ष, करण कुमार 3 वर्ष को छोड़ गए है।

### गुप्ता धाम दर्शन के लिए आए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश की यात्रा हेतु शासन प्रशासन मुस्तैद



**दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता कुदरा**/कुदरा- थाना क्षेत्र के रास्ते गुप्ता धाम दर्शन के लिए आए, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की यात्रा हेतु शासन प्रशासन मुस्तैद। आपको बताते चलें कि हिमाचल के रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल दो दिवसीय सरकारी प्रवास पर, रोहतास एवं कैमूर आए हुए हैं। जिनके द्वारा रोहतास जिला के चेनारी प्रखंड अंतर्गत गुप्ता धाम दर्शन के लिए कुदरा थाना क्षेत्र के पछाहगंज, सकरी मोड़ के रास्ते कुदरा चेनारी मार्ग से गुप्ता धाम दर्शन के लिए प्रस्थान किया गया। जिनके सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुदरा अंचल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन की कमान संभालते हुए अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार दल बल के साथ मुस्तैद रहें।

### हत्या व लूटकांड का कुख्यात अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/बिक्रमगंज(रोहतास)** संझौली पुलिस के द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने में बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। आपको बता दें कि विगत वर्ष 23 सितंबर 2022 को फाइनेंस कर्मी ऋषि कुमार ग्रामीण इलाकों से पैसा वसूली कर वापस अपने कार्यालय जा रहा था। इसी दौरान जाने के क्रम में बक्सर लाइन नहर पर दिन-दहाड़े बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दिया गया था और 83 हजार रुपए का लूट भी कर लिया गया था। जिस संबंध में संझौली थाना कांड संख्या 169 / 22 दर्ज किया गया था। जिसमें 6 अपराधियों को नामित किया गया था। नामित अपराधियों में से पांच अपराधियों की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी थी और उनके पास से 8 हजार 3 सौ रुपए नगद बरामद भी किया गया था। तब से लेकर आज तक उक्त कांड का कुख्यात अपराधी फरार चल रहा था जिसका पुलिस को तलाश था। स्थानीय पुलिस को गुप्त सूचना मिली के कुख्यात अपराधी सौरव पटेल अपने घर में छुपा हुआ है। मिले हुए सूचना के आलोक में रोहतास एसपी विनीत कुमार के निर्देश पर डीएसपी शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी के आवास पर घेराबंदी कर छापेमारी किया गया जहां से कुख्यात अपराधी सौरव पटेल को सकुशल गिरफ्तार कर लिया गया। विशेष टीम में संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पीटीसी अनित कुमार, सिपाही अतीश कुमार, मृत्युंजय कुमार के अलावे मोना कुमारी शामिल थी।

### वारंटी पिता पुत्र को प्रशासन द्वारा किया गया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/** बिक्रमगंज(रोहतास)- अनुमंडल के काराकाट पुलिस ने थाना क्षेत्र के दुआरी गांव में कुर्की जब्ती करने गई। जहाँ दोनों वारंटी हत्थे चढ़ गए, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय के हवाले कर दिया। गिरफ्तार फिरोज खाँ व काश्मीर उसी गांव का निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति पिता - पुत्र बताए जा रहे हैं। अपर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी के अनुसार गिरफ्तार पिता- पुत्र के विरुद्ध पूर्व के किसी मामले में न्यायालय से निर्गत कुर्की वारंट के आधार पर उनकी संपत्ति जब्त करने की तैयारी थी।

### स्थानीय परिषद कार्यालय में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनी




**अररिया।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती को समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. समारोह का प्रारंभ परिषद सदस्यों द्वारा चंद्रशेखर आजाद जी के तैल चित्र पर पुष्प सुमन अर्पित कर किया गया. इस अवसर पर परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफ़ेसर एमपी सिंह ने कहा कि आज हम जिस आजाद भारत में सांस ले रहे हैं वह कई देशभक्तों की देशभक्ति और त्याग की बेदी पर सजी हुई है. भारत आज जहां भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है वही एक समय ऐसा भी था जबकि देश का बच्चा-बच्चा देश भक्ति के गाने को गाता था. इन्हीं महान देशभक्तों में एक थे चंद्रशेखर आजाद. चंद्रशेखर आजाद अदम्य साहस व वीरता के प्रतीक थे जिनका कहना था कि दुश्मन की गोलियों का सामना करेंगे, आजाद हैं और आजाद ही मरेंगे.एमपी सिंह ने कहा कि देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद द्वारा दिए गए बलिदान से आज की युवाओं को कुछ सीखने की जरूरत है.

**गिरफ्तार** बाइक की चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।


# दो बाइक लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, दो बाइक , एक रिवाल्वर व तीन मोबाइल भी किया गया बरामद



**दैनिक भास्कर संवाददाता/** बिक्रमगंज( रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत काराकाट थाने की पुलिस ने क्षेत्र के सिकरियाँ गांव स्थित स्कूल के समीप बने यात्री शेड के समीप से बाइक की चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनो आरोपितों के पास से एक देसी रिवाल्वर, दो बाइक व तीन मोबाइल भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकरियाँ निवासी शशिकांत सिंह का पुत्र लव कुमार सिंह उर्फ विशाल कुमार व गोड़ारी निवासी अजय सिंह का पुत्र लक्की कुमार सिंह शामिल हैं। इस संबंध में बिक्रमगंज एसडीपीओ शशिभूषण सिंह ने प्रेस वार्ता कर्जनकारी देते हुए बताया कि इनकी गिरफ्तारी रोहतास एसपी विनीत कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान में किया गया है। काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को गुप्त सूचना मिलने पर सिकरिया गांव स्थित यात्री शेड के समीप छापेमारी करने का निदेश दिया गया। छापेमारी के निदेश मिलने के उपरांत परिक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार व महेंद्र उरांव दलबल के द्वारा सिकरियाँ यात्री शेड का घेराबंदी कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान दोनों अपराधियों के पास से एक देशी रिवाल्वर व दो पैशन प्रो बाइक व तीन मोबाइल बरसमद किया गया । गिरफ्तार लव कुमार सिंह उर्फ विशाल कुमार ने 25 मार्च 2023 को चिकसिल गांव से एक बेलोरो व बाइक की चोरी के मामले में अपनी व अन्य अपराध कर्मियों की संलिप्तता स्वीकार की है। इसका आपराधिक इतिहास भी काफी रहा है। दुष्कर्म व चोरी के तीन- तीन मामले दर्ज हैं। इसके विरुद्ध काराकाट थाना में 274/19 पॉक्सो एक्ट, 87/23 चोरी, 187/22 दर्ज है।

# जिला राजद कार्यलय में इस बाबत सभी प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड प्रभारी की बैठक आज



**बूथ स्तर तक राजद को मजबूत करने के लिए पार्टीजन हो जाएं कटिबद्ध- जगदीश झा गुड्डू**

**अररिया।**राष्ट्रीय जनता दल अररिया के ओजस्वी जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री मनीष यादव जी के निर्देश पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के द्वारा निर्गत पत्र का हवाला देते हुए जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू ने कहा है कि पत्र के आलोक में राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव यादव ने खगड़िया जिला के राजद के जिला प्रधान महासचिव, सभी प्रखंड अध्यक्ष, सभी नगर अध्यक्ष, सभी पंचायत अध्यक्ष, सभी वार्ड अध्यक्ष, सभी प्रखंड, नगर प्रभारी, पंचायत, वार्ड प्रभारी एवं सभी अररिया राजद परिवार के साथियों से अनुरोध किया है कि अम्बेडकर परिचर्चा 07 जुलाई 2023 से 20 जुलाई 2023 तक निर्धारित था, जिसमें कई पंचायतों में कार्यक्रम हुआ है। आपलोगों के प्रयास से गांधी, अम्बेडकर और लोहिया के विचारों को जन जन तक पहुचाने में सफल रहे। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह द्वारा आप सबों को धन्यवाद दिया गया है ।

लेकिन अभी भी कुछ पंचायतों में अम्बेडकर परिचर्चा नहीं हो सका है। शेष बचे हुए पंचायतों के लिए कार्यक्रम का विस्तार 05 अगस्त 2023 तक किया गया है ।

जिसमें छूटे हुए पंचायतों में अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जाय। साथ ही साथ बचे हुए पंचायत के बूथ कमिटी का भी गठन करने को लेकर अनुरोध किया गया है, ताकि पार्टी बूथ स्तर तक मजबूत हो सके एवं आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम कर सकेंगे। इस बाबत 24जुलाई को जिला पार्टी कार्यालय, अररिया में सभी प्रखंड अध्यक्ष व अम्बेडकर परिचर्चा के लिए नियुक्त किए गए प्रखंड प्रभारी की अत्यन्त महत्वपूर्ण बैठक सुबह 11 बजे बुलाई गई है। प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री जगदानंद सिंह जी के निर्देशानुसार पंचायत स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का द्वितीय चरण 5 अगस्त 2023 तक संपन्न करा लिए जाने का आदेश है।बूथ कमिटी की सूची भी उक्त तिथि तक जमा करने का आदेश है। प्रथम चरण के अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम की समीक्षा भी की जाएगी। पुनः 25 जुलाई से 5 अगस्त तक जिन प्रखड व पंचायतों में कार्यक्रम नहीं हुए हैं वहाँ कार्यक्रम को हर हाल में संपन्न कराने का निर्देश है। द्वितीय चरण के लिए प्रभारी की नियुक्ति 24 को होने वाले समीक्षा बैठक के उपरांत तय की जाएगी।

## ख़ास ख़बर

# सिंचाई विभाग के कर्मचारी ने नहरों की कराई सफाई



**अलीम हाशमी/** सकलडीहा चंदौली किसानों की समस्याओं से अवगत होने के पश्चात सिंचाई विभाग अपनी निंदा से जगने का कार्य कर रहा है जिससे फल स्वरुप क्षेत्र की कई नहरो ट्रेन माईनरो बंधियो की विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है जिस के क्रम में विगत दिनों पूर्व भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन द्वारा विभागीय अधिकारियों को जगाने का कार्य किया गया था वहीं इस दौरान चंदौली जिले के तमाम शहर माइनर की सफाई के साथ पंप कैनाल को पूरी क्षमता के साथ चलाने के निवेदन की गई थी वही डेरगावा माइनर की सफाई नहीं होने के कारण धरना देने की चेतावनी भी दी गई थी जिसका संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा त्वरित सफाई की गई थी इसी क्रम में रविवार को क्षेत्र के नहर की सफाई के लिए भारी संख्या में कर्मचारी द्वारा नहर के बीच उतर कर सफाई का कार्य किया गया

# सिकंदरपुर पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को ढूंढ कर किया सुपुर्द



**सिकंदरपुर,बलिया।** थाना क्षेत्र के 6 लोगों की मोबाइल विगत महीनों में गायब हो गई थी, जिसको सर्विलांस के जरिए बरामद कर लिया गया और थाना अध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक के द्वारा मोबाइल स्वामियों को बुलाकर थाना परिसर में सुपुर्द किया गया। मोबाइल मिलने पर मोबाइल स्वामियों के द्वारा सर्विलांस टीम और थानाध्यक्ष सिकंदरपुर को बार-बार बधाई दे रहे थे और नेक कार्य के लिए सराहना किए। सिकंदरपुर थाने में पहली बार ऐसा हुआ है की खोए हुए मोबाइलों को थानाध्यक्ष के जरिए उनके स्वामी को सुपुर्द किया गया है। बता दें कि सिकंदरपुर पुलिस ने एक सराहनीय कार्य किया है, क्योंकि मोबाइल का खो जाना और उसे खोज कर मोबाइल मालिक तक पहुंचाना छोटा काम होते हुए भी एक बड़ा काम है। आज के समय पर मोबाइल सभी के दिल का धड़कन बन चुकी है और खोया हुआ मोबाइल पाकर इंसान को बहुत खुशी मिलती है। उसी खुशी देने का काम सिकंदरपुर पुलिस ने किया है।

# मणिपुर घटना के विरोध में कांग्रेस के पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम को कैंडिल मार्च निकाला




**सिकन्दरपुर,बलिया।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना के विरोध में नवानगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम को कैंडिल मार्च निकाला।स्थानीय बस स्टेशन चौराहा से वरिष्ठ पार्टी नेता आनन्द मिश्र के नेतृत्व में देर शाम को निकला मार्च मुख्य मार्ग पर भ्रमण के पश्चात बाजार में पहुंच कर समाप्त हुआ।रैली के प्रस्थान के पूर्व अपने सम्बोधन में वरिष्ठ नेता सुमन्त मिश्र ने मणिपुर की घटना की निन्दा करते हुए उस के लिए वहां की सरकार को दोषी ठहराया ।कहा कि वहां की सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती और उस को बर्खास्त किया जाना आवश्यक है।रैली में देवेन्द्र पाण्डेय, मदन यादव,इस्लाह रहमानी,अभिषेक पाठक,मनीष पाठक, मणिशंकर सिंह,ज्ञानदीप मिश्र नन्हे,विश्वजीत शर्मा,रघु शर्मा,नुरगुल कांग्रेसी आदि शामिल रहे।

# बेगूं विधानसभा में मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना




**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/**चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा के भैंसरोडगढ़-बोराव मंडल कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार की नाकामियों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत रविवार को पंचायत समिति के बाहर धरना देकर गहलोत सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया।राज्य में बढ़ते हुए अपराध,महिलाओं पर हो रहे अत्याचार,किसानों के साथ हुई धोखेबाजी,युवाओं के साथ लगातार धोखेबाजी एवं पेपर लीक मामले,दलित उत्पीड़न जैसे मुद्दों को लेकर धरना दिया। कार्यक्रम के संयोजक भगवान सिंह गौड़ ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट ,नहीं सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला संयोजक हर्षवर्धन सिंह रुद, आंदोलन के जिला सहसंयोजक कमलेंद्र सिंह हाडा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में धरना दिया।धरने को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जैन ने गहलोत सरकार की नाकामियों के बारे में बताया,अध्यक्ष जैन ने कहा यह सरकार हर मोर्चे पर फेल रही,और अब इस सरकार के जाने का समय आ चुका है, राजस्थान की जनता इस निक्कमी और भ्रष्ट सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी। मंडल अध्यक्ष जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ऐसा संकल्प ले की राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में बने।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील जैन,मंडल संयोजक लाभचंद राठौर,कार्यक्रम संयोजक भगवान सिंह गौड़, कार्यक्रम सहसंयोजक नरेंद्र सिंह राठौड़, ग्रामीण मंडल महामंत्री उमेश श्रोत्रीय रामलाल भील, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बंटी मेवाडा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज मेवाड़ा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोना गोस्वामी, एससी मोर्चा अध्यक्ष देवीलाल रैगर, मण्डल मीडिया प्रभारी राज योगी, मंडल प्रवक्ता तेज सिंह पवार, महिला मोर्चा संयोजक शशि देराश्री, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप गॉड, भाजपा बूथ अध्यक्ष हिम्मत सिंह,फोरू राठौर, घनश्याम सोनी, उमेश पुरोहित, भगवती लाल टेलर,दीपक शर्मा, सत्तू राठौर, अशोक आमेटा,मनोज माली,ओमप्रकाश सिंह, दौलत पुरी गोस्वामी, मुकेश त्रिपाठी, अशोक मेवाडा, प्रकाश मेवाडा, नंदकिशोर मेहर, अमर सिंह राजावत, तेजमल राठौर सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तोरवा के अजय बने एनआईए में डीएसपी, लोगो मे हर्ष



**बचपन से होनहार अजय की प्रारम्भिक शिक्षा हुई है गांव से**
**पिता रामानंद सिंह दो बार रह चुके है तोरवा गांव के प्रधान**


**सकलडीहा संवाद/**सकलडीहा तहसील क्षेत्र के तोरवा गांव निवासी अजय प्रताप सिंह का एनआईए में डीएसपी पद पर चयन हुआ है।अजय के डीएसपी बनने से क्षेत्र सहित गांव में हर्ष का माहौल है।

उनके घर पहुँच बधाई देने वालो का तांता लगा है।बेटे के इस उपलब्धि माता- पिता सहित परिजन खासे उत्साहित है।तोरवा गांव के रामानंद सिंह के पुत्र अजय सिंह बचपन से ही होनहार थे।प्रारम्भिक शिक्षा इनकी गांव में ही हुई थी।तो आगे की पढ़ाई इन्होंने बाहर जाकर किया।इनमें बीटेक एच मैकेनिकल ब्रांच की भी शिक्षा शामिल रही। इन्होंने 2015 बैच के ऑल इंडिया एसएससी में 538 रैंक हासिल की थी।

तब अजय का चयन इनकम टैक्स ऑफिसर पद पर हुआ।लेकिन इतने पर अजय नहीं रुके और अपनी पढ़ाई और तैयारी जारी रखी।और 2023 मई में इनका चयन एनआईए के डीएसपी पद पर हुआ।जिसकी सारी प्रक्रिया यूपीएससी की देखरेख में हुई।काफी प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े अजय के पिता दो बार के तोरवा ग्राम के प्रधान भी रह चुके है।अजय प्रताप सिंह ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय माता,पिता रामानंद सिंह, दादा स्व.दामोदर सिंह सहित गुरुजनों को दिया है।

उन्होंने बताया कि समाज व देश सेवा का भाव बचपन से ही रहा है।अब एनआईए का हिस्सा बनकर उसको पूरा करेंगे।वही ग्रामीणो का कहना है कि अजय के एनआईए में चयन होने से गांव व जिले का नाम रोशन हुआ है।जिसपर हम सभी अपने आप को गौरवान्वित ममसूस कर रहे है।

# ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लिया डीजे बजाने पर रोक का निर्णय, चांदशहर में शादी व अन्य कार्यक्रमों में अब नहीं बजेगा डीजे




**उधवा-** मुस्लिम समुदायों में शादी विवाह व अन्य कार्यक्रमों में अब डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है।

वही डीजे पर पाबंदी लगाने को लेकर रविवार को ग्रामीण एकजुट होकर सामूहिक रूप से इसका विरोध जताया है। वही जानकारी के अनुसार उधवा प्रखण्ड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत अंतर्गत नया ईदगाह प्रांगण में रविवार को समय करीब 4 बजे डीजे पर पाबंदी लगाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।

वही सर्वप्रथम बैठक में सर्वसम्मति से बाबुल शेख उर्फ हबीब को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान बैठक में गांव के बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए।


वही बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए और बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने अपने सुझाव व्यक्त किया। सभी को प्रस्ताव के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग बारी बारी से अपने अपने सुझाव को व्यक्त किया।

वही बैठक को संबोधित करते हुए बाबुल शेख ने कहा की मुस्लिम समुदाय के शादी विवाहों में डीजे जोर शोर से बजाया जा रहा है। जो मुस्लिम शैरियत के खिलाफ है। समाज में डीजे बजाने से लोग गलत राह पर चल रहे है।

किसी भी शादी विवाह, जन्मदिन, खतना व जुलूस में डीजे का उपयोग नहीं होगा। ऐसा करने पर वो दंड का भागी बनेंगे।साथ ही समाज की ओर से उसे दंडित भी किया जाएगा।

वही लोगों से डीजे नही बजाने की अपील की गई। मौके पर जैनुल आबेदीन शेख, अब्दुल मतीन शेख, मौलाना हकीम शेख, अयुब अली, उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख, रबीउल आलम, कतकू शेख, जहांगीर शेख, नेसार अहमद, मिक्की शेख, केबलू शेख समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लीलकर गांव में ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष दिनेश पाठक को सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया



**सिकंदरपुर, बलिया।** वैसे तो पुलिस प्रशासन को लेकर जनता में भय का माहौल व्याप्त रहता है तथा जनता दूरी बनाए रखती है, लेकिन सिकंदरपुर थाना अध्यक्ष दिनेश पाठक द्वारा पिछ्ले 1 हफ्तों से खरीद, सिसोटार, लिलकर, कठौड़ा दियारे में बनाए जा रहे अवैध कच्ची शराब तथा भठ्ठयों को नष्ट किए जाने पर लीलकर गांव में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष दिनेश पाठक को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा अंगवस्त्रम से सम्मानित करने के बाद उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। दिनेश पाठक ने विश्वास दिलाया कि 15 दिनों के अंदर पूरे विधानसभा क्षेत्र से शराब बनाने वाले ठिकानों को नष्ट कर दिया जाएगा तथा अवैध शराब बिक्री कर रहे शराब माफिया दूर-दूर तक दिखाई नहीं देंगे। इस दौरान विमलेश राय उर्फमुन्ना राय, प्रवर राय, सुधाकर राय बुढ़ऊ राय, भीष्म राय, नेता पंडित, अजय मिश्रा, रामबहादुर बीन, कन्हैया वर्मा, छोटा वर्मा, फिरोज अंसारी, स्वामीनाथ यादव, ग्राम प्रधान चकपुरूषोत्तम देवेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज राय, सुधीर राय, ओम शंकर राय, राजेश राय, ऋत्तु राय, भरत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पवित्र सावन मास में कावड़ियों का टीम कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/चित्तौड़गढ़/**रावतभाटा तहसील के कुंडाल क्षेत्र शिवभक्तों द्वारा पवित्र सावन मास में तिलस्वां महादेव से रेनखेड़ा तक निकाली जा रही कावड़ यात्रा के रावतभाटा पहुंचने पर बेगूं विधानसभा से भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा की ओर से कार्यकर्ताओं ने शिवभक्तों को केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत कर फलाहार करवाया।इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप गौड़,रावतभाटा युवा मंच अध्यक्ष प्रवीण लाड़,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज मेवाडा,चौथमल माली,राकेश भंडारी,आई टी संयोजक ललित जोशी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दामाद ने सास की पेट में घोप दिया चाकू, हालत गंभीर



**उधवा-** राधानगर थाना क्षेत्र में एक निर्दयी दामाद ने अपने ही सास को चाकू से घोंप कर हत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पहाड़गांव निवासी ऐनुल शेख की पत्नी हुमेरा बीबी को उनके ही दामाद समाउल शेख उर्फ कल्लू ने जान मारने की नियत पेट में चाकू घोंप दिया है। वही बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच तनाव था तथा बीच बचाव में आई सास को ही दामाद ने चाकू मार दिया। वही उक्त घटना शनिवार की रात आठ बजे की बताई जा रही है फिलहाल सास की हालत में सुधार होने की खबर है परंतु उसका इलाज चल रहा है। वही खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर थाने में आवेदन नही दिया गया है। वही राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामले में जख्म प्रतिवेदन देकर इलाज के लिए भेजा गया है पीड़िता महिला के द्वारा आवेदन देने के बाद अवश्य करवाई की जाएगी।

**खिलवाड़** | महज दस दिनों में नामांकन, एडमिट कार्ड और परीक्षा बन गया मजाक, छात्रों में आक्रोश

# मुंगेर विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़, परीक्षा की तिथि बढ़ाई जाय- डॉ अरविन्द वर्मा, चेयरमैन




**मुंगेर (बिहार)।** इस विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ प्रशासन द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए बिहारी पॉवर ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने मीडिया से कहा महज दस दिनों के अंदर विद्यार्थी का नामांकन, एडमिट कार्ड निर्गत और परीक्षा की तिथि घोषित कर देना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जुलाई 2023 से 04 अगस्त 2023 तक होने वाले मुंगेर के अंतर्गत स्नातक पार्ट 3 सत्र 2018 - 2021, 2019 - 2022, 2020 - 2023 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को 24 जुलाई 2023 को अपने अपने कॉलेज में ही एडमिट कार्ड दिए जायेंगे। स्नातक पार्ट - 3 के सभी विषयों के छात्र एवं छात्राएं अपने अपनी विषय की परीक्षा देने के अलावे आपको ल.स विषय की परीक्षा देना अनिवार्य है अन्यथा आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक विषय कि परीक्षा का मान्य नहीं होगा।

आर्ट्स संकाय वालों के लिए 25 जुलाई को प्रथम पाली में होगी ल.स की और साइंस एवं कॉमर्स वालों की द्वितीय पाली में होगी। आगे डॉ वर्मा ने कहा परीक्षार्थियों को कम से कम एक माह का समय परीक्षार्थियों को मिलनी ही चाहिए। डॉ वर्मा ने बिहार के कुलाधिपति सह राज्यपाल महोदय से आग्रह किया कि परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को मद्दे नजर परीक्षा की तिथि अविलंब बढ़ाई जाय। डॉ वर्मा ने कहा आश्चर्य है 10 - 14 जुलाई तक नामांकन, 15- 20 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म भराई और थर्ड ईयर का 25 जुलाई से 04 अगस्त तक परीक्षा। इस प्रकार परीक्षार्थियों के साथ मजाक नहीं तो और क्या है ?

# जरूर बंद को भोजन कराने से से मिलता है शांति और सुकून (आर्य)



**विशाखा मिश्रा/दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान उदयपुर/**महाराणा भोपाल चिकित्सालय के मुख्य गार्डन में निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि महाराणा भोपाल बाल चिकित्सालय के अधीक्षक गीता आर्य साथ ही विशिष्ट अतिथि नर्सिंग अधीक्षक हीना कोसर थे संस्थान के सुविधा चावत एवं यशोदा टेलर ने अपन्नाना उड़ाकर एवं समिति चित्र भेंट कर सम्मानित किया (आर्य) ने बताया कि बीमारी से परेशान मरीज एवं उनके परिजन की मदद करना प्रभु की सेवा के बराबर है और निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ धर्म, परम पुनीत कार्य है साथ ही संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहां की मुझे गर्व होता है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ा हुआ हूं और जो अब दोनों समय का भोजन वितरण करने जा रही है यह बड़े पुण्य का काम है इससे बड़ा कोई काम नहीं संस्थान के अध्यक्ष सौरभ जैन, संरक्षक महावीर नागदा ने बताया कि रविवार को भोजन वितरण कार्यक्रम में 750 परिजन को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया संस्थान के सचिव राजकुमार सचदेव ने बताया कि भोजन वितरण की सेवा देने के लिए संस्थान के कर्मठ सदस्य संग्राम सिंह चावत, शारदा वर्मा,सुमिता जैन, भगवत मेहता, पिंटू चौधरी, सत्यनारायण सोनी, राजेश तलेसरा, विपिन तलेसरा, केदारनाथ दाधीच, ओंकार लाल, हितेश, गौरव, सुनील सेन, सुनीता जैन, भरत सोनी, संतोष सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, हरीश पेंटर राजेश देवपुरा, दिनेश अरोड़ा, सनत जोशी, हेमंत कसारा, लोकेश, आशिक अली, अनिल भटनागर, आदि उपस्थित है

## ख़ास ख़बर

## कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



**गोंडा ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर/** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा आज दिनांक 22 जुलाई 2023 दिन शनिवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड मनकापुर के ग्राम तामपार में करोंदा नींबू आंवला आदि वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके मिश्रा ने बताया कि वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्षों को बचाना बहुत महत्वपूर्ण है। वृक्षारोपण से पर्यावरण की सुरक्षा होती है।वृक्षों से हमें प्राणवायु मिलती है, जिससे हमारा जीवन चलता है।वृक्षारोपण के अवसर पर डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फलदार वृक्षों के रोपण को मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।उन्होंने बताया कि फलों से हमें विटामिन, खनिज लवण आदि पोषक तत्व मिलते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।डा.ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने बताया कि मत्स्य तालाबों के बंधों पर वृक्षारोपण करने से बंधों से मिट्टी का कटाव नहीं होता है तथा वृक्षों से हमें कीमती लकड़ी, फल, पशुओं के लिए हरा चारा आदि मिलता है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। वृक्षारोपण के अवसर पर डॉ. रेड्डीज फाउंडेशन के एसपी मिश्रा तथा प्रगतिशील कृषकों मनोज मिश्रा, पप्पू मिश्रा, सत्यनारायण पाल, दशरथ मिश्रा सहित कृषि विज्ञान केंद्र के रोहित कुमार स्टेनोग्राफर, विक्रम सिंह यादव चालक आदि उपस्थित रहे ।

## अपराधियों के खिलाफ निरंतर अभियान जारी, थाना मनकापुर पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को किया जिलाबदर



**गोंडा ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर/** पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर इनके विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के सभी प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 23.07.2023 को थाना मनकापुर पुलिस ने ऐसे ही एक असामाजिक तत्व रामजनम वर्मा पुत्र रामउजागर वर्मा नि0 ग्राम हरनाटायर थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा को गुंडा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर घोषित कराकर मुनादी कराते हुए जनपद की सीमा से बाहर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थानों द्वारा ऐसे ही अन्य असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर इनके विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए जिलाबदर कराने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

## जल ही जीवन है,और वृक्ष वर्षा का आधार- रामचंद्र यादव



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** धरती का आभूषण पेड़ पौधे हैं जो बादलों को अपनी ओर आकर्षित कर वर्षा कराते हैं यदि हम समय से जागृत नहीं हुए और पेड़ नहीं लगाया तो वह दिन दूर नहीं जब आने वाली पीढ़ी को पानी की एक - एक बूंद के लिए तरसना पड़ेगा और हमें प्राणवायु आक्सीजन के लिए तरसना पड़ेगा यह बातें नरौली में जिला पंचायत अयोध्या द्वारा निर्माणाधीन अमृत सरोवर पर देव वृक्ष पाकड़ का पेड़ रोपते हुए कही।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव, अमरेश कुमार पप्पू यादव, अश्वनी कुमार यादव, अरविन्द वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम भवन रावत, किशोरी लाल भारती, भीम सिंह, राकेश वर्मा सोनू यादव, मल्हू गुप्ता, ग्राम प्रधान राम बरन चौहान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अविवि में भारतीय स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं की भूमिका विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ

### सामाजिक समरसता का भाव हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषताः कुलपति प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ एवं सतत् शिक्षा विभाग तथा हिन्दी भाषा एवं प्रयोजन मूलक विभाग और क्षेत्रीय भाषा अध्ययन केन्द्र तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में "भारतीय स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं की भूमिका" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रविवार को श्रीराम शोध-पीठ में किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के कुलपति प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि देश को स्वतंत्रता दिलाने में मातृ शक्ति का विशेष योगदान रहा है। वर्तमान में भी महिलाओं ने अपने मातृ शक्ति का परिचय दिया है। कुलपति ने कहा कि हमारा जन्म उस देश में हुआ है जहां दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की उपासना होती है। उन्होंने कहा कि जिस समय भारत में कुरीतियों एवं कुप्रथाओं का बोलबाला था उस समय राजा राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती जैसे महापुरूषों ने नारियों के उत्थान का प्रयास किया। संगोष्ठी में कुलपति प्रो0 गुप्ता ने कहा कि हमें अहिल्याबाई, गार्गी, मैत्री, रानी लक्ष्मीबाई, झलकारीबाई, बेगम हजरत के इतिहास को पढ़ना चाहिए जिन्होंने विषम परिस्थितियों में अपने प्रयासों से समाज में नई अलख जगाई है ये सभी नारियां हमारे देश में पूजनीय है और सामाजिक समरसता का भाव हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की स्त्रियों, आदिवासी और वनवासी महिलाओं का भी हमारे देश में बहुत योगदान रहा है। असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ों आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम कभी सफल न होता अगर हमारी माता बहने साथ नही होती। उन्होंने कहा कि सुचेता कृपलानी, कस्तूरबा गांधी, विजयलक्ष्मी पंडित और बहुत सी महिलाओं ने स्वतत्रता संग्राम में महती भूमिका निभाई है। कुलपति ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं का नाम पुरूषों से पहले आता है जैसे सियाराम व राधाकृष्ण। कुलपति प्रो0 गुप्ता ने कहा कि हमारे देश के महापुरूषों के पीछे उनकी माताओं का विशेष योगदान रहा हैं चाहे विवेकानंद की मॉ भुवनेश्वरी देवी हो या शिवाजी की मॉ जीजाबाई। ऐसी मातृ शक्तिओं का योगदान कभी भुलाया नही जा सकता। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही अवध विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वह मॉ ही है जो अपने बालक को क्रांतिकारी एवं योद्धा बनाती है। उन्होंने शकुन्तला को स्मरण करते हुए कहा कि बचपन में उन्होंने अपने पुत्र भरत को निडर बनाया। इसी वीर बालक के नाम पर देश का नाम भारत पड़ा। संगोष्ठी में कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने कहा कि हमारे देश का इतिहास बहुत समृद्ध है। गुरू गोविन्द सिंह की माता ने गुरू गोविन्द सिंह का निर्माण किया और उनमें अच्छे विचार डाले। कुलपति ने कहा कि हमारा देश बलिदानों की भूमि है जिसमें महिलाओं का भी इतिहास सघर्षमय रहा है। 1857 की क्रांति में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भुलाया नही जा सकता। महात्मा गांधी को कस्तूरबा गांधी ने प्ररित किया। सावित्री बाई फूले ने दलित महिलाओं के उत्थान के लिए देश में नई आशा की किरण दिखाई। वही लक्ष्मी सहगल ने सामाजिक समरसता लाने का प्रयास किया। कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि हमारे देश का इतिहास नारियों के अथक योगदान की गाथाओं से भरा पड़ा है। इन सभी नारियों के इतिहास को जानना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है।

## राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करता है भारतीय मजदूर संघ- जयप्रकाश सिंह




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** ।भारतीय मजदूर संघ अयोध्या द्वारा 69 वां स्थापना दिवस रविवार को जिला पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में संघ के जिलाध्यक्ष अमरीश सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया।

भामसं के जिला प्रचार मंत्री पुष्कर दत्त तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर एवं श्रमिक गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ का नया ध्वज भी बदला गया । मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख जे पी सिंह ने कहा कि दत्तोपंथ ठेंगडी द्वारा 23 जुलाई 1955 को भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की गई।मजदूर क्षेत्र में एक ऐसे श्रमिक संगठन का गठन करना जो मजदूरों का, मजदूरों द्वारा, मजदूरों के लिए सिद्धांत पर राष्ट्रहित !उद्योग हित!! व मजदूर हित !! के लिए कार्य करें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा भारतीय मजदूर संघ ने अपनी स्थापना के समय तय सिद्धान्तों को आधार मानकर अपना संगठन खड़ा किया और किसी भी राजनैतिक दल से सम्बद्धता न रखते हुए स्वतंत्रत तथा स्वायत्त संगठन खड़ा किया।

बाद में बीएमएस के सिद्धान्त को विश्वभर में मान्यता मिली।आरोग्य भारती के सह प्रांत आरोग्य भारती डॉक्टर उपेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा हमारा देश राष्ट्रमन्दिर है और हम सब मजदूर हैं कर्तव्यनिष्ठ श्रम ही हमारी साधना है

सम्भवतः इसी भाव के साथ राष्ट्रमन्दिर के पुजारी दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में की। वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से समस्त विश्व मानव एक हो इस संकल्प का सिद्ध रूप आज संघ के एल 20 देशों की अध्यक्षता के गौरव की साक्षी हमारी पीढ़ी बन रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह,जिला सहमंत्री जे पी वी सीसी एन पांडे,जिला संगठन मंत्री रामप्रकाश शुभम जिला प्रचार मंत्री पुष्कर दत्त तिवारी, आरोग्य भारती प्रांत सह मंत्री डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज और राष्ट्र हित के लिए पार्टी द्वारा एनडीए के साथ किया गठबंधन- अलका पांडेय




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/बीकापुर-अयोध्या।** सुहेलदेव समाज पार्टी( सुभासपा) द्वारा रविवार को बीकापुर ब्लाक क्षेत्र के जलालपुर माफी तिराहे के पास बाग में स्वागत समारोह जनसभा एवं सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा अध्यक्षता ग्राम प्रधान शीला देवी ने किया। सुभासपा पार्टी का एनडीए के साथ गठबंधन होने के बाद बीकापुर आगमन पर महिला बिंग की राष्ट्रीय सचिव अलका पांडेय के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी, प्रदेश महासचिव सचिन सिंह और अन्य पदाधिकारियों का लोगों द्वारा स्वागत किया गया। गत दिनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होते ही सुभासपा अपने संगठन की मजबूती के लिए एक्शन मोड़ में दिखाई पड़ी। सुभासपा की महिला विंग की राष्ट्रीय सचिव अलका पांडे ने लोकसभा की तैयारी को लेकर टीम के साथ जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में रविवार को बीकापुर के जलालपुर मैदान में सदस्यता अभियान एवं स्वागत समारोह में शिरकत करते हुए बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी अयोध्या में वह उनका यह पहला कार्यक्रम है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के दिशा निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान और सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। दावा किया कि देश के युवा, दलित, पिछड़े तथा महिलाएं एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार कुर्सी पर बैठे देखना चाहते हैं। जिससे देश का सर्वांगीण विकास बाधित ना हो सके। समाज और राष्ट्र हित के लिए पार्टी द्वारा एनडीए के साथ गठबंधन किया गया। कार्यक्रम को व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर जायसवाल लखनऊ जिला अध्यक्ष नितिन उपाध्याय सहित कई लोगों द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मुकुल आनंद के नेतृत्व में क्षेत्र के आधा दर्जन ग्राम प्रधानों सहित डेढ़ दर्जन लोगों द्वारा शुभासपा का दामन थामा और पार्टी में सदस्यता लिया। मौके पर प्रदेश महासचिव सचिन सिंह, डॉक्टर जेपी सिंह, अनूप पांडे, संजय दुबे, राहुल दुबे, रामसहाय निषाद, राहुल सिन्हा, सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अवधी लोक गायक रत्नेश द्विवेदी द्वारा अपने देहाती अवधी पारंपरिक गीतों से स्वागत गीत तथा अन्य विधा के गीतों द्वारा लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं द्वारा भी राष्ट्रीय सचिव अलका पांडेय का स्वागत किया गया।

## धूमधाम से आयोजित हुआ स्वर्णकार समाज का कार्यक्रम



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/कोछा बाजार-अयोध्या।** रविवार को चौरे बाजार स्थित कार्तिक मैरिज लॉन में स्वर्णकार समाज के कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया । कार्यक्रम में दूरदराज से भारी संख्या में आए स्वर्णकार समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । इस दौरान वैवाहिक परिचय, संगठन एकता, समाजहित में राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने की चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान एकजुटता में खड़े होने के लिए लोगों ने हाथ उठाकर संकल्प भी लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी फूलचंद्र सोनी और संचालन राजेंद्र सोनी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम प्रकाश सोनी, रामविलास सोनी, सुरेश सोनी, दयाशंकर, सोनू कुमार सोनी, मनोज सोनी, जितेंद्र सोनी, राजेश सोनी, पंकज सोनी, हनुमान सोनी राजकुमार सोनी राना सहित लोगों ने अपने अपने विचार रखे।सम्मेलन में महिला विंग की की अधिवक्ता अंजली सोनी, डिंपल सोनी, लक्ष्मी सोनी ने महिलाओं के सम्मान हित में लोगों को संबोधित कर एकजुटता होने का आह्वान किया । कार्यक्रम में दूरदराज से आए लोगों में विश्वनाथ सोनी, ओम प्रकाश सोनी, दीपक सोनी, मंगल सोनी, संतोष कुमार सोनी, लालचंद, गोविंद सोनी, मनोज सोनी, अवधेश स्वर्णकार, राम प्रकाश सोनी, अखिलेश सोनी प्रधान सहित सैकड़ों सोनी समाज के लोग उपस्थित रहे ।

## मणिपुर की घटना को लेकर सपा महिला महानगर ने निकाला कैंडल मार्च



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या।** मणिपुर की घटना को लेकर बहन बेटियों महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को समाजवादी पार्टी महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल ने शाहजहांपुर से लेकर बेनीगंज चौराहे तक कैंडल मार्च निकालकर सरकार पर तीखा हमला बोला इस मौके पर उन्होंने कहा मणिपुर की घटना समाज में बहुत बड़ा धब्बा है वहां पर महिलाओं को निर्वस्त्र करके पूरी भीड़ के साथ जगह-जगह घुमाया जाता रहा और महिलाओं के रहम की भीख मांगने पर भी उन दरिंदों ने पूरे समाज में घुमाते हुए नंगा नाच किया लेकिन उनको रोकने वाला कोई नहीं था सभी ने एक स्वर में इसकी निंदा करते हुए वहां तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाते हुए सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी की सजा की मांग की इस मौके पर प्रवक्ता राकेश यादव ने कहा आज इस पढ़े लिखे समाज में ऐसा घृणित कार्य करने वाला व्यक्ति समाज और बहन बेटियों के लिए राक्षस के समान है इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है जबकि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है लेकिन सरकार नारी के सम्मान की रक्षा नहीं कर पा रही है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जसवाल, साकेत नगर पार्षद कौसर परवीन, नूर गुलाम, नीतू, तमन्ना, साबिया, नूर कुलसुम, गीता देवी, अन्नपूर्णा, रेशमा बानो, राजिया, अनीशा, रामादेवी, साबिया, आदि लोग उपस्थित रहे!

## जीआरपी पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ श्रीमती पूजा यादव के निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में तथा जीआरपी अयोध्या कैन्ट के थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ल द्वारा गठित टीम ने रेलवे अयोध्या कैन्ट के प्लेटफार्म नं01 के पश्चिमी छोर पर लगे अयोध्या कैन्ट बोर्ड के पास से शातिर चोर मनोज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 गनपत गुप्ता निवासी- म0नं0 च-1/38 फर्स्ट प्लोर सी.आर. पार्क थाना सी.आर पार्क आली दक्षिण दिल्ली व वर्तमान पता- ग्रा0 गद्दोपुर भारतीय खाद्य निगम गोदाम के पास से गिरफ्तार कर भेजा जेल

**निर्माण** लाभार्थियों पर लेखपाल ने दर्ज कराया एफआईआर

## 494 लाभार्थियों को मिली आवास की पहली किश्त, आधा दर्जन लाभार्थियों पर लेखपाल ने दर्ज कराया एफआईआर



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर में शहरी क्षेत्र से जुड़े प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 674 के सापेक्ष 494 पात्रों के लिए खुशखबरी है। सरकार ने पात्रों के पक्के आवास का सपना पूरा करने के लिए उनके खाते में प्रथम किश्त दो करोड़ 42 लाख रुपये की रकम भेज दी है, जिससे लाभार्थियों में खुशी है।परियोजना अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि पहली किश्त से निर्माण के बाद ही लाभार्थियों को दूसरी किस्त भेजी जाएगी। इसके साथ ही पैसा लेकर निर्माण न कराने वाले लाभार्थियों पर कार्रवाई होगी।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत कुमारगंज के 494 लाभार्थियों के खाते में 50-50 हजार रुपए भेजे गए हैं। सभी लाभार्थियों को पहली किश्त से आवास का निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के खाते में पहली किश्त गई है, जब वह निर्माण शुरू कर देंगे, तब दूसरी किश्त जाएगी। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत में आधा दर्जन आवास विवादों में फंस गए हैं लेखपाल विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मोतीलाल पुत्र मनोज कुमार, रोहित पुत्र राम सजीवन, जगमता पत्नी विजय कुमार, मिठाई लाल पुत्र दयाराम, चैतराम पुत्र दयाराम व राम सजीवन पुत्र हौसिला के खिलाफ नामजद तहरीर देकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित लाभार्थियों का कहना है कि जिस स्थान पर हम लोग अपने आवास का निर्माण करवा रहे हैं उस स्थान पर सैकड़ों वर्ष पुराना मेरा पैतृक मकान था जिसको गिराकर जब मकान बनाना शुरू किया तो लेखपाल ने काम को रुकवा दिया।जबकि लाभार्थी चयन में एक शर्त भूमि का स्वामित्व होना भी है। उसी मेरिट पर लाभार्थियों के चयन को प्राथमिकता मिलती है। लाभार्थी चयन की यही सूची डूडा आवास आवंटन के लिए जाती है। आरोप है कि नगर पंचायत के लेखपाल विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक भी लाभार्थी के जमीन के दावे का सत्यापन नहीं किया बिना सत्यापन के ही रिपोर्ट डूडा को भिजवा दिया था जब लोगों की आवास की किस्त आई और काम शुरू किए तो एफ आई आर दर्ज कराकर निर्माण कार्य बंद करा दिया।

## आप कार्यकर्ताओ ने मणिपुर घटना को लेकर गाँधी पार्क में किया प्रदर्शन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** आम आदमी पार्टी अयोध्या के कार्यकर्ताओं ने मणिपुर की घटना को लेकर गाँधी पार्क अयोध्या में प्रदर्शन किया कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ नारे लगा रहे थे कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद मोदी का पुतला जलाने का प्रयास किया। मौके पर पुतला जलाने से पहले पुलिस ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीन लिया प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि मणिपुर राज्य इस वक्त आंतरिक अशांति के बेहद बुरे दौर से गुजर रहा है. मणिपुर करीब 2 महीने से जल रहा है लगातार हिंसा के कारण मणिपुर एवं मणिपुर के लोगों को भारी क्षति उठानी पड़ रही है हिंसा के कारण अब तक 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है वही 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं एवं करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो गई है इसके अतिरिक्त हिंसा ग्रस्त मणिपुर से आ रही महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि बीते दिन मणिपुर से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमा कर उनके साथ गैंगरेप किया गया महिलाओं के साथ घटी इस भयावह हिंसा की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है यह बात हैरानी पैदा करती है कि देश के एक राज्य में करीब 2 महीने से हिंसा जारी है लेकिन केंद्र सरकार मौन है प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया। इस मौके पर अयोध्या विधानसभा प्रभारी शुभम श्रीवास्तव,राम अवध जायसवार,स्वर्णिम वर्मा,रामजी वर्मा, संतोष कोरी, प्रहलाद शर्मा, सुभाष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## प्रकृति को सुरक्षित रखने में हमारी भलाई- मुखिया राजेश महाराज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुखिया राजेश महाराज मुख्यमंत्री के आवाहन पर पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण किया जाना है जिसके क्रम में अयोध्या के संत महंत कार्यक्रम के इस महा अभियान मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुखिया राजेश महाराज जी ने सभी संतों और महन्थों को आवाहन करते हुए कहा कि इस प्रकृति को सुरक्षित रखने में ही हमारी भलाई छुपी हुई है ला जिसको वृक्षारोपण करके ही सुरक्षित रखा जा सकता हैं। वृक्षारोपण के दौरान उन्होंने जानकीघाट क्षेत्र में तुलसी के साथ औषधियों के अन्य पौधों का रोपण किया और सभी से अपील किया कि सभी अपने अपने घरों या आसपास जरूर एक पौधारोपण करें।

## नगर पंचायत खिरौनी में वृहद पौधरोपण का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत खिरौनी/ सुचित्तागंज में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई।

इस दौरान नगर पंचायत की चेयरमैन रेशमा भारती पत्नी डा. रामसुमेर भारती,एडीएम प्रशासन अमित कुमार सिंह, नायाब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा, अधिशासी अधिकारी इंद्रप्रताप, कुलदीप नारायण पांडेय आदि ने मिलकर सामूहिक रूप से आम, पीपल, जामुन आदि प्रजाति के सौ पेड़ लगा कर वृहद पौधरोपण की शुरुआत किया।

इस दौरान नगर एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने कहा कि नगर पंचायत में रिक्त पड़ी जमीनों में पौधरोपण अभियान के तहत किया जाएगा। वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने रेशमा भारती ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृहद वृक्षारोपण जरूरी है।

## ख़ास ख़बर

# जामताड़ा वनस्पति उद्यान में पौध, प्रहरी मनोहर राय ने किया पौधारोपण



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**वनस्पति उद्यान में रविवार को पौध प्रहरी मनोहर राय एवं जेबीसी +2 विद्यालय इको क्लब के सौजन्य से पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी सन्तोष यादव थे। मुख्य अतिथि ने पीपल का पौधा लगाकर पौधरोपण को गति दिया। इसके उपरांत बरगद,कदम,करंज,बेल,नीम इत्यादि पौधे रोपे गए ।इस कार्यक्रम में जेबीसी इको क्लब कोर्डिनेटर सह प्रवक्ता उमेश चन्द्र मिश्र,पूर्व व्याख्याता रामाश्रय साव ,जेबीसी विद्यालय के शिक्षक डॉक्टर हृदयानन्द, आरोग्य भारती के सचिव ई रमेश सिंह , ई गोरव विनीत, ई कुन्दन परशुराम, इन्द्रजीत कुमार ,पियुष कुमार, लडु, समीर ने पौधरोपण करके कार्यक्रम को सफल बनाया। इको क्लब के छात्र अभिषेक सिंह,सोमदेव ,विजय महतो,विकास महतो,लड्डू इत्यादि छात्रों ने योगदान किया।

# मोहर्रम की तैयारी को ले रहमूडंगाल में बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शनिवार देर मोहर्रम की तैयारी को लेकर रहमूडंगाल में एक बैठक एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। वीरेंद्र मंडल ने मुहर्रम अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ शांति पूर्ण रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम त्यौहार को मनाने एवं तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया। पूर्व नप अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ मुहर्रम त्योहार को मनाने के लिए नगर पंचायत अंतर्गत रहमूडंगाल मोहर्रम अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ मुहर्रम की तैयारियों, झांकी ,अखाड़ा में होने वाले खेल कर्तव्य की पूर्वाभ्यास एवं अन्य सभी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। मेरी ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रहमूडंगाल मुहर्रम अखाड़ा समिति को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। मुहर्रम हिंदू मुस्लिम एकता का सबसे बड़ा त्योहार है। जहां हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर अखाड़ा खेलते हैं। मौके पर मुख्य रुप आसिया बेगम, आजाद शेख, पप्पू शेख ,मुस्लिम खान, साजिद खान, अकबर खान ,आसिफ शेख ,मुन्ना शेख ,राजू शेख ,जेनी शेख कारू शेख ,जसीम खान सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# बरदही में विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल नाला प्रखंड कमेटी की हुई बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला( जामताड़ा )/**नाला विधानसभा क्षेत्र के बरदही में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल प्रखंड कमेटी नाला की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से देवघर विभाग संयोजक सोनू सिंह मौजूद थे।इस अवसर पर पंचायत स्तरीय कमेटी गठन को लेकर विचार मंथन किया गया। साथ ही कई अहम प्रस्ताव लिए गए। इसके अलावा वृक्षारोपण,अखंड भारत संकल्प दिवस पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में देवघर विभाग संयोजक सोनू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह,गो रक्षा प्रखंड प्रमुख आशीष पांडे, सुरक्षा प्रमुख सचिन सिंह, चिंतामणि सिंह, रूपेश पंडित विपिन सिंह, जयप्रकाश सिंह, प्रदोष सिंह अरविंद सिंह आशीष सिंह विकास सिंह सिखाने पंडित, बिनोद पंडित मुकेश पंडित, शिबू पंडित, आशीष सिंह , बसंत पंडित, गौर महतो, पर्णव गोराई, संतोष पंडित आदि उपस्थित थे।

# नाला में आयोजित विधिक सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**शिविर का उद्घाटन न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।**



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नाला में विधिक सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार तथा अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु, प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी आदि ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधिक सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप में विभिन्न विभाग के स्टाल लगाए गए थे। अधिकारियों ने उक्त स्थल पर लगाए गए सभी विभाग के स्टॉल का भी निरीक्षण किया।मौके पर अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु, प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम, डॉक्टर जियाउल हसन सरवर, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, नाला पंचायत के मुखिया अजित मुर्मू,कास्ता पंचायत के मुखिया मिनिसर मुर्मू ,आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल भारती, जेएसएलपीएस के बीपीएम गणेश महतो, सीआई श्यामसुंदर बेसरा, प्रभारी कृषि पदाधिकारी निवासी देवांशी,पीएलभी अमित कुमार सिंह ,मिहिर सिंह ,श्याम सुंदर टुडू, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शफीक अंसारी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि तथा सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से 10 लाभुकों के बीच पुस्तक ,कैलेंडर आदि सामग्री वितरण किया गया वहीं कृषि विभाग के द्वारा 4 लाभुकों के बीच केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान की गई वही आधार पंजीकरण शिविर में 3 लाभुकों का पंजीकरण किया गया खाद आपूर्ति विभाग के शिविर में 1 लाभुक की समस्या का निराकरण किया गया वन पर्यावरण विभाग में 20 लाभुकों के बीच अमरूद का पौधा का वितरण किया गया वहीं बाल विकास परियोजना शिविर में 4 लाभुकों के बीच श्रवण यंत्र तथा एक व्हीलचेयर प्रदान की गई मनरेगा शिविर में 6 जॉब कार्ड बनाया गया आवास योजना शिविर में अंबेडकर आवास की 4 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान की गई वही जेएसएलपीएस शिविर के माध्यम से 11 लाभुकों के बीच सीसीएल तथा पीएमजेजेबीवाई का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा कोषांग से 30 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान की गई साथी इस सशक्तिकरण शिविर में मेडिकल टीम के द्वारा 8 लोगों की स्वास्थ्य जांच तथा दवा प्रदान किया गया। बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा 6 केसीसी स्वीकृति प्रदान की गई। कैंप में पशुपालन विभाग के शिविर में 30 पशुपालकों के बीच कीटनाशक तथा अन्य दवा वितरण किया गया। पंचायत अंचल कार्यालय शिविर में 6 लाभुकों का जाति प्रमाण पत्र स्थानीय प्रमाण पत्र के अलावे 3 प्रधानी लगान रसीद वितरण की गई। पेयजल स्वच्छता विभाग के शिविर में 2 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ।मालूम हो कि इस विधिक सहायता एवं सशक्तिकरण कैंप में न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार ने सभी लोगों को संबोधित किया और अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया उन्होंने विधिक जागरूकता को लेकर निशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी प्रकार की विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

# तुलसीचक मोड़ स्थित जर्जर सडक़ पर मछली पकड़कर गांव के लोगों ने जताया विरोध



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**वर्षो से रोड की समस्या को लेकर जूझ रहे ग्रामीण सडक़ की समस्या को लेकर रविवार को सड़क मे पानी भरे स्थान पर मछली पकड़ कर विरोध जाहिर किया उल्लेखनीय है कि तुलसीचौक मोड़ से कुण्डहित मेन रोड को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है। इसको बनाने की मांग को लेकर गांव वाले कई बार जनप्रतिनिधियों के पास गए। उन्हें सड़क निर्माण जल्द करवाने के लिए विधायक व सांसद से आश्वासन तो मिला परंतु अभी तक कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो सका। आधा दर्जन पंचायतों के गांवों को एवं बंगाल को जोड़ती है यह सड़क। इस सड़क का निर्माण नहीं होने से दर्जनों गांव के हजारों लोग काफी परेशान हैं। गांव के लोगों ने बताया कि जब जब चुनाव आता है तब तब जन प्रतिनिधि आश्वासन तो सड़क बनवा देने की देकर वोट ले लेते हैं लेकिन सड़क नहीं बनवाते हैं। अगले चुनाव में जब तक यह सड़क नहीं बनेगी हम सभी ग्रामीण बोट नही देंगे ।भाजपा कुण्डहित मंडल अध्यक्ष सजल दास ने बताया कि काफी साल बीत जाने के बाद भी हम ग्रामीणों को सड़क नसीब नही हुआ तथा इस सड़क से आने जाने में हम ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , दर्जनों बच्चों को स्कूल आने जाने मे भी परेशानी होती है ,तथा बरसात के दिनों में गांव में आने जाने के अलावा जब कोई बीमार पड़ता है तब काफी परेशानी होती है। मौके पर विश्वरूप चौधरी, कुमारीश मंडल ,गोपीनाथ पाल, बापी पाल, कोटा पहाड़िया, रवि लाल मंडल, पिंटू नारायण, दिलीप बावरी, रामविलास किस्कु, सालुका, सपसपिया, तुलसीचौक, माधबपाडा, हरियालमाटी आदि गांव के काफी सख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# जयनगर हावड़ा ट्रेन की चपेट में आने से बालक की हुई मौत, रेल पुलिस जांच में जुटी



**साहिबगंज-** पूर्व रेलवे के मालदा रेलमंडल के साहिबगंज मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन के बीच कर्मटोला रेलवे स्टेशन के रेलवे पोल नंबर 238/6 के पास रविवार को जयनगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के हुक में फंसकर 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जहां उक्त घटना में बालक का शव ट्रेन के इंजन में फंसकर करीब 8 किलोमीटर तक घसीटते हुए साहिबगंज रेलवे स्टेशन जा पहुंची। उधर साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर जयनगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पहुंचते ही स्टेशन पर बालक के शव को देखने के लिए रेल यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उधर मामले की सूचना मिलते ही रेल थाना पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 1 में डाउन जयनगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के हुक में फंसे बालक के शव को बरामद किया। वही रेल पुलिस के अनुसार घटना कर्मटोला और साहिबगंज के बीच रेलवे पोल नंबर 238/6 के पास की बताई जा रही है।

वही रेल पुलिस के अनुसार उक्त बालक रेलवे लाइन पार कर रहा था इसी बीच डाउन की तरफ से आ रही जयनगर हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से इंजन के हुक में फंसकर बालक की मौत हो गई है। उधर रेल थाना पुलिस ने इंजन के हुक में फंसे बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है।

वहीं मृतक बालक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदर्जनना निवासी मोहम्मद इलतास आलम का 13 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सलमान बताया जा रहा है।

वहीं मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है जहां वह अपने घर में ही रहता था आज पता नहीं कैसे वह घर से निकल गया और रेलवे लाइन के किनारे चला गया। उधर सदर अस्पताल में बालक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद रेल पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है फिलहाल रेल पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राहगीरों और दुकानदारों की प्यास कैसे बुझे, जब स्टेशन रोड स्थित मिनी जल मीनार हो खुद प्यासी



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर नगर परिषद के द्वारा स्टेशन रोड में राहगीर और दुकानदारों के लिए बनाए गए मिनी जल मीनार शोभा की वस्तु बनी हुई है । जिस उद्देश्य से जल मीनार का निर्माण कराया गया थाउसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।कई महीनों से जल मीनार में पानी नहीं है। मशीन और उसका उपकरण खराब पड़ा हुआ है। रविवार को स्टेशन रोड के कई दुकानदार कांग्रेस नेता फैयाज कैसर को इसकी जानकारी दी।उन्होंने वहां जाकर स्थल का निरीक्षण किया।दुकानदारों द्वारा बताई गई बात सच निकली।उन्होंने तुरंत नगरपरिषद के जेई दिलीप कुमार से बात किया और जल मीनार को तुरंत चालू कराने की बात कही ।जेईई ने कांग्रेसी नेता को आश्वासन दिया कि जल्द ही जल मीनार को चालू कर आम लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति बहाल कर दिया जाएगा।

# नगरी के समीप 11000 बिजली में काम करने के दौरान मिस्त्री हुआ घायल, किया गया रेफर

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**रविवार को कुंडहित थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरी में मिस्त्री द्वारा शटडाउन लेकर फतेहपुर फीडर का काम किया जा रहा था इसी बीच लाइन चालू होने से मिस्त्री पोल से गिरकर घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर उपचार हेतु उच्चतर संस्थान रेफर कर दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार ईनायतपुर निवासी दशरथ गोराई के पुत्र जयहरि गोराई फतेहपुर फीडर में काम कर रहा था इसी दौरान अचानक बिजली चालू होते ही वह पोल से गिर गया और घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल को बेहतर चिकित्सा हेतु उच्चतर संस्थान रेफर कर दिया गया है। वही घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। इस दौरान घायल जय हरी ने बताया कि कन्हाई मिस्त्री को फोन कर शटडाउन लिया गया था। शटडाउन लेने के बाद पोल पर चढ़कर काम कर रहे थे इसी दौरान अचानक बिजली चालू कर दिया गया जिससे यह घटना घट गई कहा कि मैंने शटडाउन वापस नहीं किया था।

# मधुपुर पुलिस ने अकेली महिला पर जान लेवा हमला करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/** मधुपुर थाना क्षेत्र के बड़ा नारायणपूर गांव में एक युवक ने दरवाजा तोड़ कर घुस कर अकेली महिला तरन्नुम खातुन पर जानलेवा हमला किया। महिला को जान मारने की नीयत से उसी के दुप्पट्टा से गला दबाने का प्रयास किया गया । महिला को बचाने आयी घर की दुसरी महिला नगीमा बीबी पर आरोपित ने अस्तुरा चलना शुरू कर दिया। इस घटना में महिला बाल बाल बची ।घर की महिलाएं शोर मचाकर घटना का विरोध किया तो युवक घर में आग लगाकर फरार हो गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग आए । घर के लोग मिलकर आग को बुझाया । घटना में कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है । मगर इस घटना से घर के लोग परेशान और सहमें हुए हैं । सूचना पर मधुपुर थाना की पुलिस गांव जाकर मामले की जांच की । आरोपित युवक मामले में कलीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अकरम अंसारी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है । उन्होंने पुलिस को कहा है कि मेरा मंझला भाई कलीम अंसारी छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा घर के पूरा परिवार को गाली गलौज और मारपीट करते रहता है। 2 दिन पूर्व 21 जुलाई को वह घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और छोटी बहू को जान मारने के लिए गला दबाने लगा । उसे बचाने गई मां पर जान मारने के लिए अस्तुरा चलाने लगा । वह भी किसी तरह अपनी जान बचायी । हो- हल्ला होने पर वह घर में आग लगा कर भाग गया । रविवार को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

**उद्घाटन** | **सभी पुलिस पदाधिकारी सीआरपीसी का नियमित अध्ययन करें**

# बच्चियां विद्यालय या समाज में होने वाली किसी प्रकार की घटित घटना की जानकारी अपने माता- पिता को दें- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश



**साहिबगंज-** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर्स कॉनसुलेशन कार्यशाला का उद्घाटन सिद्धो कान्हू सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उद्घाटन सत्र में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित बच्चियों को बताया कि आप बेटियां विद्यालय या समाज में होने वाली किसी प्रकार की घटित घटना की जानकारी अपने माता पिता को अवश्य दें। वही किसी बात का संकोच न करें व अपने अंदर डर की भावना को समाप्त करें।

वही आप जब तक डरेंगे तब तक अपराध की घटना लगातार होती रहेगी। वही अपराध को रोकने के लिए हम लोगों को जागरूक होना अति आवश्यक है। वही समाज में गलत माहौल पैदा करने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी दें एवं गलत का साथ कभी ना दें और गलत लोगों को से कोई समझौता ना करें। वही लड़के लड़कियों में मित्रता नहीं मित्रता का भाव होना चाहिए। आप बेटियों को अपना जीवन बनाना है ताकि आप अपने सपने को साकार कर सकें। वही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पुलिस पदाधिकारियों को अपने संबोधन में कहा कि पुलिस अपना कर्तव्य को समझें। किसी भी अपराध में अनुसंधान में कोई कमी ना करें, ताकि अपराधी को अपराध के लिए सजा मिल सकें। वही अनुसंधान के क्रम में डायरी को अच्छा से बनाएं क्योंकि सारे केस का मूल डायरी ही होता है। वही सभी पुलिस पदाधिकारी सीआरपीसी को अपनी दिनचर्या में लाएं एवं सीआरपीसी का अध्ययन नियमित करें।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में विधिक सेवा एवं सशक्तिकरण कैंप का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा )/**जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के निर्देशानुसार रविवार को कुंडहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में विधिक सेवा एवं सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए । विधिक सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन जिला न्यायिक दंडाधिकारी कुशेश्वर सिंकु, बीडीओ श्रीमान मरांडी, मुखिया बिमला हांसदा,सुरजमुखी हांसदा आदि ने दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार, कृषि, पेयजल स्वच्छता, शिक्षा , सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य, पशुपालन विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। मौके पर जिला न्यायिक दंडाधिकारी कुशेश्वर सिंकु ने विधिक सेवा एवं सशक्तिकरण कैंप के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा एवं सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया है ।इसमें सभी लोग संबंधित विषय से समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं ।इस कैंप में अधिक से अधिक लोग आकर इसका लाभ उठाएं । विधिक सेवा एवं प्राधिकार कई तरह के काम करते हैं जिनमें परामर्श और कानूनी सलाह की प्रकृति में निःशुल्क और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना, न्यायालयों और न्यायाधिकरणों के समक्ष मामलों के संचालन में निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करना। कहां की लोक अदालतें शुल्क और विलम्ब को सीमित करती हैं और कानूनी तकनीकीताओं पर काबू पाते हुए त्वरित न्याय सुनिश्चित करती हैं। मौके पर बीडीओ श्रीमान मरांडी ने बताया प्रत्येक प्रखंड में स्थायी लोक अदालतों की स्थापना करके सुलह तंत्र के माध्यम से मुकदमेबाजी-पूर्व विवाद समाधान की जिम्मेदारी लेना, जहां सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित मामलों को निपटान के लिए लिया जाता है। जनता के बीच कानूनी जागरूकता फैलाना, विशेष रूप से कानूनी महत्व के विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक विधानों के लाभार्थियों और बड़े पैमाने पर जनता को लक्षित करते है। मौके पर दो बुजुर्गों का ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया वही जेएसएलपीएस के एक महिला समूह को 49 लाख का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बाल विकास से तोन लोगों के बीच कान का मशीन एक को व्हील चेयर , वन विभाग द्वारा पांच व्यक्ति को फलदार पौधे का वितरण किया गया मौके जिला न्यायिक दंडाधिकारी कुशेश्वर सिंकु, बीडीओ श्रीमान मरांडी,पशु चिकित्सक डॉ विनय कुमार के अलावे प्रभारी बीपीआरओ प्रफुल्ल माजी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा सहित विभिन्न स्टालो में विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### शांतिपूर्ण मुहर्रम संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थाना परिसर पिपरा में रविवार को थाना अध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह एवं सीओ रविन्द्र चौपाल की संयुक्त अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी ने कहा की हम सभी हर वर्ष मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाते हैं और इस वर्ष भी शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने कहा मुहर्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। हर जगह पुलिस की पैनी नज़र रहेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अगर कोई किसी तरह की अप्रिय घटना को अंजाम देता हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसलिए हम सभी जिस तरह हर वर्ष मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाते हैं उसी तरह इस वर्ष भी मनाए। मौक़े पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मंडल,एमडी वली,मुखिया प्रतिनिधि बिपिन यादव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जगदीश विश्वास,गिरधर मुखिया,पंकज कुमार,पंचायत समिति सदस्य सतीश मंडल, पथरा सरपंच मिथलेश रॉय,अजय कुमार उर्फ लक्ष्मण पासवान,एमडी इरफान आदि मौजूद थे।

### नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत छातापुर पहूंचे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू





**सोनू भगत/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत रविवार को छातापुर पहूंचे। जहां पार्टी नेता एवं कार्यकर्ताओ के साथ विधायक ने कई पंचायतों का भ्रमण कर लोगों को जनकल्याण, क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्रहित में किये गये कार्यो से अवगत कराया। वही इस दौरान विधायक ने राजेश्वरी पश्चिम स्थित पासवान टोला, घीवहा वार्ड 10 स्थित मंजेश पासवान के आवास तथा सोहटा पंचायत स्थित मंडल मेहता टोला में जनसंपर्क अभियान चलाकर पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तृत रूप से बताया। इस दौरान उन्होंने आमजनों से मिलकर क्षेत्र के ज्वलंत समस्या एवं मुद्दों की जानकारी ली और इसके निदान की दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही। तत्पश्चात विधायक श्री बबलू छातापुर प्रखंड मुख्यालय बाजार निवासी संतमती दिवंगत आनंदी देवी के आवास पर पहूंचे। जहां उन्होने शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर दुख व्यक्त किया और पुण्यात्मा की शांति हेतू ईश्वर से कामना की। मौके पर सुपौल नगर परिषद के चेयरमैन राघवेंद्र झा राघव, शालिग्राम पांडेय, सुशील प्रसाद कर्ण, पवन कुमार हजारी, केशव कुमार गुड्डू, सुरज चंद्र प्रकाश, चंद्रदेव पासवान, सत्यप्रकाश, सरीता साह चौपाल, सोनी कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थे

### घर पर हमला कर गंभीर रूप से किया जख्मी



**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के रतनपुर थाना क्षेत्र के लालमनपट्टी निवासी बालेश्वर मेहता के घर पर हमला कर परिवार के लोगों से मारपीट एवं छिनतई की गई। हमले में गंभीर रूप से जख्मी बालेश्वर मेहता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दिए गए आवेदन में पीड़ित बालेश्वर मेहता ने बताया कि बताया कि शुक्रवार को वह घर के निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान लालमनपट्टी वार्ड नंबर 14 निवासीरतनलाल मेहता, अनिल मेहता,गीता देवी, जगदीप मेहता, जसमना मेहता आदि हलवे, हथियार के साथ पहुंचे तथा उनके पुत्र पर पुलिस को शराब माफियाओं की सूचना देने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगे। बेटे के साथ मारपीट देख बीच बचाव में जब वो पहुंचे तो उनके ऊपर भी धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

# छतौनी गांव का अस्तित्व मिटने के कगार पर



**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के पूर्वी कोसी तटबन्ध के 12,87 किलोमीटर सपर के ठीक सामने नदी की दो धाराओं के बीच अवस्थित पौराणिक गांव छतौनी का सतीत्व खतरे में है।साल 2008 की कुशहा त्रासदी के बाद नदी का बहाव पूर्व दिशा की ओर हो जाने के कारण यह गांव हर साल उजड़ती और बस्ती रही है। कल तक तटबन्ध के गांव के करीब रह रहा छतौनी कटते कटते नेपाल सीमा के करीब पहुँच चुकी है।अब इसको आगे नही बढ़ाया जा सकता ।इसलिए लोग कह रहे कि यह गांव अब सिर्फ इतिहास में बनकर न रह जाय।150 परिवार के आसपास वाले गाँव छतौनी में बमुश्किल आज 30 परिवार रह रहे।जो रह भी रहे वे इसलिए कि उनको अन्य कोई ठिकाना मिल नही पा रही हैं।कभी यहा प्राथमिक विद्यालय , आंगनवाड़ी केंद सहित सभी वो अन्य सुविधा उपलब्ध थी जो एक गांव को होनी चाहिए।पर साल 2008 के बाद इस गांव के हर साल उजड़ने के कारण प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद को ढाढा मध्य विद्यालय में शिप्ट कर दिया गया।1960 के दशक में जब कोसी तटबन्ध का निर्माण कार्य शुरू किया गया तो छतौनी एक सम्पन्न और प्रभावशाली गांव हुआ करता था।यहाँ सम्पन्न और बड़े बड़े जमींदार थे।जब कोसी पुनर्वास योजना के अंतर्गत लोगो को तटबन्ध के बाहर पुनर्वासित किया जाने लगा तो छतौनी गांव के लोगो को भी बैजनाथपुर, पिपराही ,में बसाया गया पर 150 के आसपास परिवार जो छूट गए उन्हें आजतक बसाया नही जा सका।यहाँ के लोगो पशु- पालन कर जीवन यापन करते है।बाढ़ के दिनों में न उनके खाने का ठिकाना रहता है न पीने का।स्थायी निवास नही होने के कारण इन्हें पीएम आवास जैसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी नही मिल पाता हैं।नदी की दो दो धराओं को पार कर इनका हाल चाल लेने भी कोई नही जाता।साल 2012 में तत्कालीन एसडीएम दीपक कुमार साहू ने गांव में अधिकारियों की टीम के साथ पहुचकर जनता दरबार लगाकर इनका दर्द जानने का प्रयास किया तो इससे इनलोगों को उम्मीद की किरण दिखाई दी।पर उनके स्थानांतरित होने के बाद फिर से किसी ने कोई सुधि नही ली।स्थाई निवास नही होने के कारण अब इस गांव के लड़कों लड़कियों के रिश्ते बाहर के गांव से नही आते गांव में ही आसपड़ोस गांव मेंआपस मे शादी ब्याह कब हो जाता है पता ही नही चलता है।बच्चे स्कूल की शिक्षा से बंचित हो रहे।शिक्षा के मौलिक अधिकार का लाभ नही मिल रहा।सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन उनके हक को लेकर चुपी साधे हुए हैं।गांव के बुजुर्ग चन्देश्वर यादव कहते है कि सरकार 06 डिसमिल जमीन देकर भूमिहीन को बसा रही है।पर तटबन्ध के भीतर बसे गांव के लोगो की अनदेखी कर रही हैं।यहाँ के लोगो को भी जल्द से जल्द बसाया जाना चाहिए।अनमिल पासवान कहते है कि 65 साल होने को हे जो बच गए उन्हें पुनर्वासित नही किया गया।बेचन राम कहते है कि लगता ही नही है कि हमलोग भी यही के नागरिक है।सरकार हमे भी बसावे।जीवन जीने का अधिकार दे।सबके कहने का वाक्य अलग अलग है पर सबका दुख एक है।सभी एक ही बात कहना चाहते है कि उनकी 60 सालो से अनदेखी की गई।हम सहते रहे।अब यह नोबत आ गई है कि यही स्थिति रही तो सुनने को मिलेगा एक गांव था छतौनी ।क्या कहते है अधिकारी। एसडीएम बीरपुर कुमार सत्येंद्र यादव कहते है कि तटबन्ध के भीतर के गांव कोसी नदी में हो रहे कटाव के कारण स्थान्तरित होते है।उनके स्थाई निवास नही होने की स्थिति में उनको लाभ लेने भी समस्या आती है।पर कई स्किम उनके लिए भी हाल के दिनों में शुरू हुई।जैसे सोलर लाइट के माध्यम से रोशनी उपलब्ध कराने की ब्यबस्था। पशु टीकाकरण आदि। उनके लिए स्थाई निदान की दिशा में सोचे जाने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा ने सहरसा की महापौर बैन प्रिया का किया भव्य नागरिक अभिनंदन





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल/** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बजार स्थित गांधी क्लब में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा द्वारा सहरसा की महापौर बैन प्रिया का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महासभा के संरक्षक संजीव मिश्र, जिलाध्यक्ष मनोज पाठक सहित जिले भर के ब्राम्हण महासभा के नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज पाठक ने की, कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान दौर में ब्राम्हण समाज की स्थिति और उसके उत्थान को लेकर चर्चा की। सहरसा के महापौर के रूप में बैन प्रिया की जीत पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा की उन्होंने जिस तरह से चुनाव में जीत हासिल की है यह हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। इस दौरान तमाम अतिथियों का पाग शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा की हाल के नगर निकाय चुनाव सहरसा में महापौर के रूप में बैन प्रिया की जीत से हम लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है तभी हमारे समाज की अन्य महिलाएं भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में आगे आ सकेंगे। कहा की आज हमारे समाज के कई लोग गरीबी और अशिक्षा से जूझ रहे हैं।

जिसको लेकर मंथन की जरूरत है। आपसी तालमेल का अभाव और संगठन की कमी के कारण योग्य लोगों को उचित मुकाम हासिल नहीं हो रही है।

इसको लेकर समाज के सक्षम लोगों को आगे आना होगा। ताकि संगठन के माध्यम से समुचित मदद कर उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाया जा सके। इस मौके पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की जिला सुपौल के कार्यसमिति की बैठक भी किया गया। इस मौके पर नागेंद्र नारायण ठाकुर, सीतानंद झा, कमल नाथ झा, रणधीर ठाकुर, प्रमोद खां, ललन झा, इंद्रनारायण पाठक, संतोष झा, केशव झा, राजू झा, शुशील झा, मुनींद्र झा, भगवान झा, निरंजन झा, शैलेंद्र कुमार झा, प्रवीण कुमार झा, रोशन कुमार झा, सुरेंद्र झा, अनूप कश्यप, अजय उर्फ रिंकू मिश्रा, संतोष कुमार चौधरी, पंकज ठाकुर, भगवान झा,रिंकू झा, बिमल झा, शुभंकर झा, बबलू झा, घुरन झा, आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जाप कार्यकर्ता द्वारा राज्यव्यापी रेल चक्का जाम, ट्रेन रोककर किया प्रदर्शन








**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल/**जिले में सुपौल स्टेशन स्थित मणिपुर की घटना के विरोध में आज जाप कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी रेल चक्का जाम के तहत ट्रेन रोककर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष नंदकुमार चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों जाप कार्यकर्ताओं ने सुपौल स्टेशन के समीप ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया।

इस दौरान नंदकुमार चौधरी ने कहा की मणिपुर की घटना के लिए जब तक मणिपुर की सरकार को बर्खास्त नहीं किया जाएगा तबतक जाप कार्यकर्ता का आंदोलन जारी रहेगा।

कहा कि इसको लेकर गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने बिहार में शिक्षक नियुक्ति के लिए डोमिसाइल नीति को लागू करने की मांग की है। कहा की इन दोनो मांगों को लेकर जाप का चरण बद्ध आंदोलन जारी रहेगा और हमारी मांग को पूरा करना होगा।

### कोसी प्रोजेक्ट कॉलनी में चोरों ने दिनदहाड़े जल संसाधन विभाग के कर्मी के आवास में ताला तोर कर किया चोरी





**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली, सुपौल/** जिले के निर्मली में कोसी प्रोजेक्ट कॉलोनी में जल संसाधन विभाग के एक कर्मी के आवासीय परिसर से चोरों ने दिनदहाड़े चोरी कर ली. घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है. चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर गया. पीड़ित कर्मी दिलीप कुमार ने बताया कि वह जल संसाधन विभाग के पश्चिमी तटबंध अवर प्रमंडल कार्यालय निर्मली में कार्यरत है. शनिवार की दोपहर में अपने कामकाज के सिलसिले में कार्यालय में था. इसी दौरान पड़ोसियों के द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि उनके घर में चोरी की घटना को चोरों के द्वारा अंजाम दिया गया है. इसके बाद जब वे घर पहुंचे तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था. पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई है. आवासीय परिसर स्थित उनके कमरे से जेवरात, नकदी सहित अन्य बेस कीमती सामानों की चोरी कर ली गई है. पत्नी के आने के बाद चोरी गई सामग्री और संपत्ति का पूरा आकलन हो पाएगा. पुलिस को घटना की सूचना दी गई .सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर वास्तु स्थिति का जायजा लिया. थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर संबंधित कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी.

### प्रखंड के शिवपुरी पंचायत में राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया एक बैठक का आयोजन





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के शिवपुरी पंचायत के थरबिट्टा पुनर्वास में रविवार को राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश राय के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । उन्होंने बैठक की संबोधित करते हुए कहा की बिहार प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की और से राज्य के समस्त जिलों में एक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। क्योंकि कई ऐसे गरीब लोग है जो पटना पहुंचने में असमर्थ है उसके लिए हम आवाज उठाने का कार्य करेंगे। कुछ दिन पहले हमने मुख्यमंत्री से भी आवेदन देकर अवगत कराए है की बहुत ऐसे वृद्ध महिला और पुरुष है जिसे वृद्धा पेंशन नहीं मिल पा रहा है और जिनको मिलता भी है तो तीन से चार महीने में मिल रहा है वह भी समय से दिया जाय। वृद्धा पेंशन बढ़ाकर एक हजार पर महीना दिया जाय तथा शिक्षा, स्वस्थ मुफ्त किया जाय। और सहरसा फरविसगंज रेल लाइन तैयार होने के बावजूद भी ट्रेन चालू करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है जिसके कारण गरीब कोशी पीरित जनता को यातायात सुविधा में काफी कठिनाई का सामना करना परता है यह शीघ्र ही चालू किया जाय। अगर सरकार इस और ध्यान आकृष्ट नही करते है तो हमलोग पटना पहुंच कर आंदोलन करेंगे। मौके पर वृजमोहन साह उर्फ फोजी,मोहन दास,सकलदेव पोदार,कपिलदेव यादव,धीरेंद्र राम ,शोभा देवी,सीता देवी, कुशुमलाल मुखिया, मोहरी देवी,कोशल्या देवी,बुचिया देवी,शिवकुमारी देवी,मोहन साह, उपेन्द्र शर्मा आदि लोग मोजूद थे।

**बैठक** त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार रहे मौजूद

# आगामी मुहर्रम पर्व को ले छातापुर थाना में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को ले शांति समिति की बैठक रविवार को हुई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान ने की बैठक में मुख्य रूप से त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार समेत विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि,गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इसमें मुहर्रम पर्व शांति ढंग से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार ने कहा कि आपसी सोहार्द को कायम रखते हुए मुहर्रम पर्व मनाना है उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर सभी को सहयोग देने की जरुरत है कहा कि ताजिया प्रखंड क्षेत्र के लिए निकलने सम्बन्धी जानकारी मिली है इसको लेकर सभी मेला स्थल और कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल भी जगह जगह तैनात किये जायेंगे उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने वालें व्यक्ति बक्शे नही जायेंगे कहा की बिना अनुमति के डीजे बजाने पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगी। अगर किसी को डीजे के निमित लाइसेंस लेना है तो वो डीजे किस कार्य के निमित बजानी है उनका विवरण दे.. विवरण देख पदाधिकारी निर्णय करेंगे की डीजे बजाने आवश्यक है या नही आवश्यक होने पर विमर्श होगी व स्वीकृति दी जा सकती है। डीजे की अनुमति स्वीकृत होने पर ही डीजे बजाएंगे। अन्यथा कार्रवाई होना तय है। कहा की मुहर्रम मेला के निमित लाइसेंस बिना 40- 50 सहयोगी कार्यकर्ता के नही दी जाएगी। हर लाइसेंस के निमित 50 की सख्या के लगभग कार्यकर्ता के फोटो, आधार, संपर्क नंबर उपलब्ध होगी तब ही लाइसेंस निर्गत होगी। सभी लाइसेंस धारी को अपने मेला स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा, समेत कैमरा लगे होने संबंधी स्लोगन दर्जनों जगह निश्चित रूप से लिखवाकर रखनी है। बाहर से आने वाले आसाजिक तत्वों पर भी खास नजर मेला कमिटी व कार्यकर्ता को रखनी है। उन्होंने कहा वैसे पुलिस साढ़े लिबास में भी विभिन्न स्थलों पर गश्त करेगी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को भी पर्व में विधि व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने की जरुरत है इसके साथ ही कटहरा के वार्ड 3 में संकीर्ण रास्ता की बात बैठक में मौजूद ग्रामीण द्वारा उठाए जाने पर वालें कर्मचारी को कल भेजे ।इसके साथ ही कटहरा में संकीर्ण रास्ता की बात ग्रामीण द्वारा उठाए जाने पर एसडीपीओ ने कर्मचारी को कल भेजकर वस्तु स्थिति की पड़ताल करवाने की बात कही। सीओ उपेंद्र कुमार ने कहा की छातापुर में दोनो समुदाय मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएंगे। प्रशासन सक्रिय होकर साथ देंगे। पर्व में शांति सद्भाव बने रहे इसको लेकर प्रशासन कृत संकल्पित है। मौके पर व्यापर मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर भगत, मुखिया प्रतिनिधि मकसूद मसन, साबिर कोशर, सुखदेव प्रसाद भगत, फेक नारायण मंडल, हसन अंसारी, राम टहल भगत, प्रमोद यादव, विजय प्रकाश यादव, मो. नूरुद्दीन, लक्ष्मी साह, आफताब आलम बदियल, मोंटी दास, मो.जनीफ, मो. राजू, सुभाष कुमार यादव, बिरेंद्र मंडल, मुन्ना भगत आदि थे

# प्रखंड के तेरापंथ भवन में महिला स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर दीदी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/** जिले के निर्मली शहर स्थित तेरापंथ भवन में रविवार को महिला स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर दीदी कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस दौरान आयोजन की अध्यक्षता दीपक कुमार मंडल ने की. वहीं, मंच संचालन क्रांति कामत एवं सीताराम चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीविका कोऑर्डिनेटर रवि शेखर झा एवं राजेश कुमार मौजूद थे. साथ ही सभी आजीविका समूह के सीआरपी सरस्वती कुमारी,मीना कुमारी,चंचल कुमारी,सुनीता देवी, अंबिका नायक आरती कुमारी, शिवानी पूर्वे, नेहा नायक उपस्थित रहे.वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक कुमार मंडल ने कहा कि समाज में गरीबी का प्रमुख कारण हमारी परिस्थिति नहीं बल्कि हमारी छोटी सोच है. गरीबी एक ऐसी बीमारी है जो इंसान को हर तरीके से परेशान करती है. इसका मुख्य वजह है रोजगार की कमी. सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चला जाती है,सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है. मौके पर मनीष जलान ने लघु उद्योग को बारीकी से महिलाओं के बीच बताया. इसके अलावा कार्यक्रम को विकाश महतो,चंदन साह, कृष्णा कन्हैया,नीतीश राणा,जीवछ राउत, विकाश कुमार, वीरेंद्र नायक,रामबाबू साह मुन्ना लहेरी सहित अन्य ने सम्बोधित किया.

## ख़ास ख़बर

## कटिहार रेलवे स्टेशन परिसर में मणिपुर में हुए हिंसात्मक घटना व अन्य मुद्दों को लेकर जाप कार्यकर्ता रेल का चक्का जाम करने पहुंचे, रेल पुलिस ने उन्हें रोका





**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**रेलवे स्टेशन पर रेल का चक्का जाम करने पहुंचे जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राष्टीय अध्यक्ष पप्पू यादव के आह्वान पर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत जाप कार्यकर्ता रेल का चक्का जाम करने के लिए पहुंचे हैं। जाप कार्यकर्ताओं ने बताया कि मणिपुर में हुए हिंसात्मक घटना के विरोध में और डोमिसाइल नीति के मांग को लेकर रेल चक्का जाम करने के लिए वह लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। हालांकि इस दौरान रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस मौजूद थे और उन्हें रेलवे स्टेशन परिसर में ही रोक दिया गया। इस दौरान जमकर जाप कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

## किशनगंज शतरंज मुकाबले में धान्वी, अथर्व व अमानुल्लाह बने विजेता



**किशनगंज 23 जुलाई (अली रजा)/** जिला शतरंज संघ द्वारा रविवार को स्थानीय इंडोर स्टेडियम में एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने-अपने विभागों में मोहम्मद अमानुल्लाह, धान्वी कर्मकार एवं अथर्व राज विजेता घोषित हुए। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने जानकारी दी की अंडर-15 विभाग में अमानुल्लाह के बाद आयुष कुमार एवं ऋत्विक मजुमदार को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं अंडर-10 विभाग में धान्वी के बाद आदित्य कुमार एवं आरव बुचा काबिज हुए। जबकि अंडर-7 विभाग में अथर्व के बाद सार्थक आनंद एवं काव्या जैन दूसरे व तीसरे स्थानों पर रहे। आरव कुमार, ग्रंथ जैन, रमित जैन ,नैतिक बोथरा, मयंक कुमार, अनिमेष कुमार, श्रीजोय पाल, हिमांश जैन, पलचीन जैन, समृद्धि प्रिया, अयंतिका, अनुश्री सिंह एवं अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे।प्रत्येक विभाग के 3-3 शीर्ष विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत करने में महासचिव श्री दत्ता के साथ-साथ श्री कर्मकार एवं अभिभावक के रूप में उपस्थित बासुकीनाथ गुप्ता ने अपना हाथ बंटाया।

## पवित्र सावन मास में कावड़ियों का टीम कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर/ मोहन सिंह/ राजस्थान/ चित्तौड़गढ़/** रावतभाटा तहसील के कुंडाल क्षेत्र शिवभक्तों द्वारा पवित्र सावन मास में तिलस्वां महादेव से रेनखेड़ा तक निकाली जा रही कावड़ यात्रा के रावतभाटा पहुंचने पर बेगूं विधानसभा से भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा की ओर से कार्यकर्ताओं ने शिवभक्तों को केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत कर फलाहार करवाया।इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप गौड़,रावतभाटा युवा मंच अध्यक्ष प्रवीण लाड़,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनोज मेवाडा,चौथमल माली,राकेश भंडारी,आई टी संयोजक ललित जोशी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिर्फ नाम का ही साबित हो रहा है मॉडल स्कूल डाढ़ा, 200 बच्चों मे मात्र 15 बैठने वाला बेंच डेस्क, मात्र 4 टीचर्स





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** इचाक प्रखंड के सुदूरवर्ती डाढ़ा पंचायत के डाढ़ा गांव में निर्मित मॉडल स्कूल का स्थिति बहुत ही दयनीय है। नवोदय केंद्र विद्यालय के तर्ज पर ही होता है यहां विद्यालय में नामांकन । जहां पर बच्चों के माता-पिता बड़े-बड़े सपने देख कर के अपने बच्चों को पढ़ाई करने के लिए भेजते हैं। लेकिन मॉडल स्कूल में बच्चों के बैठने के लिए मात्र 15 डेस्क बेंच है। मजबूरी मे बच्चों को दरी पर बैठ कर के पढ़ाई करना पड़ता है। इस विद्यालय में छठा से दसवीं तक पढ़ाई संचालित है, जिसमें कुल 200 बच्चे नामांकित है। मॉडल विद्यालय में सभी गया है लेकिन फिर भी अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान और हिंदी के ही शिक्षक है। सभी विषय के शिक्षक नहीं विभाग को कई बार चुका है लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती। कुछ महीना पहले 3 शिक्षकों का विषय के शिक्षकों का होना अनिवार्य किया यहां मात्र गणित होने के कारण मॉडल विद्यालय का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। आवेदन दिया जा प्रति नियोजित वहां किया गया था। जिसमें।से सिर्फ एक शिक्षक संजय कुमार दास ने अपना योगदान देना सुनिश्चित किया और 2 शिक्षकों ने योगदान नहीं दिया। गणित के एक शिक्षक ने योगदान तो दिया था लेकिन एक महीना के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया। विद्यालय में विज्ञान संस्कृत भूगोल कंप्यूटर शिक्षक की कमी है। बच्चों के माता-पिता बड़े-बड़े सपनों को संजो कर के अपने बच्चों को विद्यालय में भेजते हैं लेकिन लगता है मॉडल विद्यालय का सपना अधूरा ही रह जाएगा। प्रखंड से 20 किलोमीटर दूर होने के बावजूद भी बच्चे खुद से भाड़ा देकर विद्यालय प्रतिदिन आते हैं, क्योंकि माता- पिता बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहते लेकिन विभाग का ध्यान अभी तक इस पर पूर्ण रूपेण नहीं जा रहा है। विद्यालय के प्रभारीप्रधानाध्यापक शाहनवाज आलम, सहायक शिक्षक पवन चौधरी, श्वेता आनंद, प्रति नियोजित शिक्षक संजय कुमार दास, रेखा कुमारी अग्रवाल बच्चों के भविष्य को लेकर के काफी चिंतित हैं। शिक्षक संजय कुमार दास ने कहा अभिभावक को सांत्वना देते देते थके जा रहे हैं उम्मीद है।विभाग इस पर अवश्य सुनवाई करेगा। विद्यालय पहले इचाक में संचालित था 11 महीने पहले, अब 20 किलोमीटर दूर आने के बाद बहुत सारे बच्चों ने अपना नाम कटवा लिया और जो बच्चे पढ़ रहे थे वह आना नहीं चाहते थे। लेकिन वहां के शिक्षकों के बेहतर प्रयास से विद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एक शुरूवात का समय था जब एक गाड़ी में बच्चे नहीं आते थे, उतना दूर से अब 3-3 गाड़ी में बच्चे भर कर के आते हैं, वह भी अपना जेब से भाड़ा दे करके। इस बार विद्यालय का मैट्रिक के परीक्षा में रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा है, वह भी फर्स्ट डिवीजन से। सभी विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है। एक महीना पहले प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार ने भी विद्यालय का जायजा लिया था और उन्होंने विभाग को भी इस कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करवाया था। फिर भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस विषय मे बीईईओ बंशीधर राम से फोन पर बात करने की कोशिस की गई लेकिन उनका फोन आउट ऑफ नेटवर्क बताया।

## नरकटियागंज में 13वीं कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया,** 23 जुलाई 2023 (रविवार) को शिवगंज चौक, नरकटियागंज स्तिथ रास वर्ल्ड मार्शल आर्टस् क्लब मे "इंडिया ज़ेन डू शिन कराटे फेडरेशन" के तात्वाधान मे 13वीं कराटे बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट प्रतियोगिता -2023 का आयोजन किया गया। जिसमे की कराटे के लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियो ने भाग लिया।

कराटे बेल्ट ग्रेडिंग प्रतियोगिता मे सफल सभी खिलाड़ियो को "ऐशिया ज़ेन डू शिन कराटे फेडरेशन" के चेयरमैन, ग्रैंडमास्टर सिहान ई राहुल श्रीवास्तव के द्वारा बेल्ट बांधकर प्रमोशन दिया गया व कलर बेल्ट श्रेणी मे टॉप करने वाले खिलाड़ी सादिक अली को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रमोशन पाने वाले खिलाड़ी श्रेयश जयसवाल, आयुष कुमार गुप्ता, मेराज अहमद, इमरान अंसारी, सादिक अली, शिवम कुमार, वाहिद शमी, सुकामा नारायण, सुकन्या नारायण, मो. मोहसिन, गुड्डू रंगीला को प्रमाण पत्र देकर रास वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स, नरकटियागंज ब्रांच के निदेशक सेंशाई आशिफ अनवर, व परिक्षक सेंशई नितेश कुमार के द्वारा सम्मानित भी किया गया। मौके पर रास वर्ल्ड के संस्थापक सह सि0ई0ओ ग्रैंडमास्टर सिहान ई0 राहुल श्रीवास्तव जी को पहुचने पर सभी पदाधिकारी व खिलाड़ियों द्वारा जोरदार स्वागत भी किया गया।

## मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में निकाला गया फ्लैग मार्च





**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार,**मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर साठी पुलिस द्वारा रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष उदय कुमार की अगुवाई में दरोगा अरविंद कुमार सिंह,पीएसआई लक्ष्मी कुमारी, पीएसआई जायसल कुमार,दरोगा जितेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल,जवान एवं चौकीदार शामिल थे। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर नवमी चौक, साठी बाजार, हिच्छोपाल, प्रशौनी,सिरिसिया, बेलवा, हिंगुलहर, भेडिहरवा, हैसवा,भभटा सोमगढ होते हुए पुनः थाना पहुँची। विभिन्न जगहों पर रुक कर आलाधिकारियों ने जुलूस में शामिल होने वाले खलीफा एवं नवयुवकों से बातचीत हुई ।इस दौरान थानाध्यक्ष ने पर्व को शांति और सद्भावपूर्वक मनाने की अपील किया। कहा कि पर्व के दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मोहर्रम जुलूस के दौरान डीजे का प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व में शांति बनाये रखने को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। फ्लैग मार्च में दरोगा अरविंद कुमार सिंह,पीएसआई लक्ष्मी कुमारी, पीएसआई जायसल कुमार,दरोगा जितेन्द्र कुमार सहित पुलिस के जवान चौकीदार,विनोद यादव,धनंजय कुमार,धुरूप यादव, आदि चौकीदार मोटरसाइकिल से साथ साथ चल रहे थे।

## जीतन राम मांझी के भाजपा में जाते ही उनकी जुबान जहरीली होने लगी- इन्तेखाब आलम



**किशनगंज 23 जुलाई (अली रजा)/** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री श्री जीतन राम मांझी के किशनगंज के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें सीमांचल में बसने वाले शेरशाह वादी को देश से बाहर का बतायाहै. श्री आलम ने कहा कि श्री जीतन राम मांझी के एनडीए का हिस्सा बनते ही और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और अमित शाह जी से ट्रेनिंग लेने के बाद किशनगंज में उन्होंने एक बयान देकर शेरशाहवादी बिरादरी के भाइयों को गहरा ठेस पहुंचाया है जिससे उनके मन में व्यापक आक्रोश है. श्री आलम ने कहा कि लोकसभा का चुनाव के पूर्व सीमांचल में श्री मांझी का बयान एक सोची समझी साजिश है उन्होंने कहा कि चुनाव के पूर्व ऐसे ऐसे मुद्दे भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी द्वारा उठाए जाते रहे हैं ताकि वोट की राजनीति में ध्रुवीकरण हो सके.उन्होंने कहा कि पुनः 2024 लोकसभा चुनाव में आने के लिए देश में ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू कर दी है. श्री आलम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है गरीब गरीब होता जा रहा है महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारों को रोजगार का काफी अभाव है ऐसे में जनता समझ चुकी है कि मुझे क्या करना है अब और जादू नहीं चलने वाला है.

## कोच खालीबारी के पास ऑटो व बाइक की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी, इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती





**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**कदवा थाना क्षेत्र के कुछ खाली बारी के पास ऑटो व बाइक की भिड़ंत में ऑटो सड़क पर ही पलटी मार गई। ऑटो के अंदर बैठे जय प्रकाश राय गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। लेकिन हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां घायल का इलाज भी चल रहा है। वहीं परिजनों ने बताया कि वे लोग कुम्हारी गांव के निवासी है। जयप्रकाश राय किसी काम से सनोली गए थे और वापस अपने घर ऑटो से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे बजाने पर प्रतिबंध




**हज़ारीबाग** इचाक मे मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि क्षेत्र में  शांतिप्रिय माहौल में पर्व मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस है। पूर्व में जिन अखाड़ा धारी को लाइसेंस जारी किया गया है वही ताजिया या जुलूस निकाल सकते है। बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने वाले लोगो पर शख्त कार्यवाई की जाएगी। पूरे जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आईपीएस ने अखाड़ा धारियों को मुहर्रम पर्व भाईचारे के साथ मानने की अपील किया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा ने कहा की आपस में शांति पूर्वक मिलजुल कर पर्व को मनाए। अगर शरारती तत्वों के द्वारा कहीं डिस्टर्ब करने का प्रयास किया जाता है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें । मेला में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की टीम भी शामिल रहेगी। सभी ने एक स्वर में शांति पूर्वक मुहर्रम त्यौहार मनाने पर बल दिया।

**शुभकामना** राष्ट्रपति द्वारा एवार्ड से जिलाधिकारी ने किशनगंज का गौरव बढाया- शिफा हफिज

## किशनगंज डीएम एवम एडीएम को निजी विद्यालय संघ की ओर से शुभकामना दी गई





**किशनगंज 23 जुलाई (अली रजा)/**किशनगंज निजी विद्यालय संघ की ओर से डी एम श्री श्रीकांत शास्त्री , ए, डी एम श्री अनुज कुमार, और एस डी एम श्री अमिताभ कुमार जी को फूल दे कर शुभकामनाएं दी गई। ईस अवसर पर इन्सान स्कूल के डायरेक्टर शिफा सैयद हफिज ने कहा कि राष्टपति द्वारा किशनगंज डीएम श्रीकांत शास्त्री को एवार्ड मिलने से किशनगंज जिला का गौरव बढा है। शिफा सैयद हफिज ने कहा कि किशनगंज जिलाधिकारी के नेतृत्व में किशनगंज जिला प्रशासन का कार्य बहुत ही सराहनीय है। हमें ऐसे डीएम पर गर्व है जिन्होंने अपने काम से किशनगंज जिला का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि किशनगंज जिला के सभी वरीय पदाधिकारीगण अपने कार्यो को बखूबी अंजाम दे रहे हैं जिससे किशनगंज जिला वासियों में खूशी की लहर है। बहरहाल डीएम समेत उक्त पदाधिकारियों को बधाई एवम शुभकामनाएं देने वालों में। शिफा सैयद हफ़ीज़, इंसान स्कूल, अतुल कुमार रौशन, जी बी एम स्कूल, नन्हे मुश्ताक़, बचपन स्कूल,सुजय जी, लिटिल क्लाउड स्कूल, प्रचार्य, इंसान इंटर कॉलेज, अदि लोग , सम्मिलित रूप से मौजूद थे। सब ने बताया कि राष्टपति द्वारा सम्मान मिलने से जिले के लोगों को बहुत खुशी मिली है और जिला वासी खूद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## मोहर्रम को लेकर साठी थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक दिया गया कई दिशा निर्देश





**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार,**मोहर्रम पर्व को लेकर साठी थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने शांति और सद्भाव के साथ मोहर्रम मनाने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेनो अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम को लेकर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उन्होंने लोगों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही साथ यह भी हिदायत दिया गया है कि जुलूस के समय फरसा, गडास, तलवार, भला आदि लेकर न निकले अगर किसी व्यक्ति के द्वारा फरसा, गड़ास,तलवार,भला आदि निकलते पाए जाते हैं तो उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक मे दरोगा अरविंद कुमार सिंह,पीएसआई लक्ष्मी कुमारी, पीएसआई जायसल कुमार, दरोगा जितेन्द्र कुमार, चौकीदार विनोद यादव, धनंजय कुमार , धुरुप यादव, होरिल यादव, मोतीचन पासवान, तथा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय सहित पंचायत जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

## सभी मंगल मिलन केंद्र पर तुलसी शास्त्र एवं शस्त्र पूजन होगी- दिनेश प्रसाद




**मोतिहारी 23 जुलाई अशोक वर्मा/** हिंदू नवजागरण मंच के नगर मंगल समिति कि बैठक जिला कार्यालय नरसिंह बाबा मंदिर परिसर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नगर प्रधान राजनारायण तिवारी ने की।नगर मुख्य कार्यकारी राममनोहर ने बताया कि बैठक में नगर के सभी वार्डो में संगठन विस्तार कि योजना बनाई गई।दो माह में सभी वार्डो में बैठक एवं 25 वार्डो में मंगल मिलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं प्रत्येक मंगल मिलन केंद्र पर तुलसी शास्त्र एवं शस्त्र पुजन करने का निर्णय लिया गया।जिला मुख्य कार्यकारी दिनेश कुमार ने कहा कि मंगल मिलन समाज को संगठित करने का एक उपक्रम है जो प्रत्येक मंगलवार को ग्राम एवं वार्ड स्तर पर संचालित किया जाता है जिसमें संवाद सहमति सहकार के माध्यम से स्थानीय समस्या के समाधान हेतु चर्चा कि जाती है। बैठक में मुरारी शरण पांडे,पं अरविंद मिश्रा, आनन्द प्रकाश केसरी, राजेश्वर प्रसाद सिंह, त्रिलोकी नाथ चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, अमित कुमार,संजय तिवारी,राजन शास्त्री,दीपक चौधरी,ऋषभ मिश्र, रामबाबू तिवारी, शिवजी सिंह, जगरनाथ प्रसाद, संजय वर्मा, विकास कुमार, संतोष जी आदि उपस्थित थे।


## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था की





**मोतिहारी 23 जुलाई अशोक वर्मा**/ आसन्न भीषण ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जिला लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग , मोतिहारी द्वारा जनहित में पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपनी कटिबद्धता के साथ युद्धस्तर पर चापाकलों की मरम्मती के साथ साथ सभी जलापूर्ति योजनाओं के पाइप लाइन के लीकेज को भी दुरुस्त किया जा रहा है । लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को क्रियाशील रखने के साथ साथ ससमय जलापूर्ति की जा रही है। यही नही वरन वैसे क्षेत्र जहाँ भू-जल स्तर काफी नीचे जा रही है, वहां पेयजल टैंकर के माध्यम से भी आम लोगो को पेयजल उपलब्ध कराई जा रही है।वर्तमान में सरकार के प्रस्तावित दिशा निदेशों के आलोक में पंचायती राज विभाग द्वारा पूर्व में क्रियान्वित जलापूर्ति योजनाओं का हस्तांतरण कार्य भी युद्ध स्तर पर संचालित की जा रही है ताकि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जलापूर्ति के नए आयाम एवम मापदंडों को सफलीभूत किया जा सके।

## खुशनुमा मौसम का लुफ्त उठाने उमड़ा जनसैलाब



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर/** रविवार के दिन अच्छी बारिश होने की वजह से मौसम खुशनुमा हो गया उदयपुर की प्रसिद्ध झील फतेहसागर छलक उठी जनों को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा बारिश की वजह से आमजन हुए प्रश्न कहीं जगह पर गाड़ियों की वजह से लगे जाम शहर में स्मार्ट सिटी वर्क वे फेल जगह-जगह कॉलोनियों में पानी भरा आज रविवार की छुट्टी होने की वजह से गुलाब बाग स्वरूप सागर तलाई दूध तलाई पिछोला झील फतेहसागर सभी जगह काफी भीड़ देखी गई

## सुखाड़ से चंपारण में अकाल की स्थिति, सरकार को विशेष पहल करने की जरूरत- राय सुंदर देव शर्मा




**मोतिहारी 23 जुलाई अशोक वर्मा/** चम्पारण किसान संघर्ष मोर्चा, पूर्वी चंपारण के अध्यक्ष राय सुंदर देव शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सुखाड से उत्पन्न चंपारण की भयानक स्थिति की जानकारी देते हुए सरकार से विशेष पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में वर्षा नहीं होने से धान के पौधे सूखने लगें है,खेतों में दरार पड़ने लगा है। जिससे धान की फसल के साथ खरीफ के सभी फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। आकाल की भयावह स्थिति की आशंका है, किसान मजदूर चिंतित हैं।उन्होंने प्रेस वार्ता में सरकार एवं प्रशासन से समस्याओं के समाधान पर विचार कर नहरों में उन छोटे नहर जिसे पटवन होता है, को मरम्मत के नाम पर उनके बैग से मिट्टी काट कर बांध पर रख दिया गया है जिससे पेट 2 से 3 फीट तक का पानी नीचे हो गया है और खेतों में पानी नहीं जा रहा है। ऐसे में चंपारण किसान संघर्ष मोर्चा बिहार सरकार से मांग करती है कि चंपारण को सुखा क्षेत्र घोषित किया जाए। सभी बोरिंगों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध करायी जाय। धान को सूखने से बचाने के लिए किसानों को सरकार की तरफ से डीजल उपलब्ध कराई जाए,सभी सरकारी ट्यूबवेल को तुरन्त चालू किया जाए। जिले में सरकारी लक्ष्य के अनुसार 1.80 लाख हेक्टेयर में धान की रोपनी की जानी है और लगभग 80 से 90त्न क्षेत्र में किसानों ने दिन-रात पानी पटा कर लोग अपनी धान की रोपनी कर चुके हैं। अभी ग्रामीण क्षेत्र में रात दिन किसान निजी बोरिंग से मोटर पंप सेट चलाकर पटवन कर रहे हैं। परंतु दिन में चिलचिलाती धूप से पौधे झुलस जा रहे हैं। भूगर्भ जल स्तर के 20-30 फिट नीचे चले जाने से बोरिंग से भी पानी कम मात्रा में निकल रहा है। आने वाले सप्ताह अगर इसी तरह रहा तो पीने के पानी का संकट भी घर आएगा। ज्यादातर चापाकल से पानी नहीं निकल रहा है, जिससे कि सभी प्रखंडों में कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। जल संसाधन विभाग के द्वारा नियमित नहर, वितरणी, उप वितरणी, अहर, पइन से कोई सिंचाई नहीं हो पा रही है। नहरों की बुरी स्थिति है। इसके रख रखाव पर विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कोई पदाधिकारी संवेदनशील नहीं है। लघु सिंचाई के नलकूप 25त्न चालू है, जिसके जिले में सिर्फ दो ऑपरेटर कार्यरत हैं। कृषि विभाग या जल संसाधन विभाग को फसलों के उत्पादन से कुछ लेना-देना नहीं है। इस भयावह स्थिति में जिले के सभी दलों के विधायक, सांसद और जनप्रतिनिधि चुप्पी साध कर बैठे हैं, जैसे सामान्य बात हो। खेतिहर मजदूर दूसरे प्रदेशों में धान रोपनी करने पलायन कर चुके हैं। जिले के नदियों, तालाबों, झीलों का पानी सुख रहा है। पहाड़ी नदियों का भी पानी सूख रहा है। जिससे किसान पटवन कर लेते थे। जिले की जनसंख्या 60 लाख के करीब है और इस 90त्न आबादी खेती पर ही निर्भर है। ऐसी स्थिति में सरकार, जिला प्रशासन,जनप्रतिनिधियों को इस समस्या के समाधान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि इससे बचाया जा सके।प्रेस वार्ता में मोर्चा के उपाध्यक्ष कृष्ण कांत मिश्रा,अरुण यादव, महासचिव रमेश सिंह, ललन राय, प्रो अखिलेश सिंह, संजय सिंह, नीरज शर्मा,कालीभ हसन, उदय बहादुर सिंहके साथ दर्जनों किसान उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को रखा।

## उदयपुर के लाखों विद्यार्थियों ने ली तंबाकू निषेध की शपथ







**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान उदयपुर** /मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि शिक्षा शासन सचिव नवीन जैन द्वारा शिक्षा विभाग को दिए गए निर्देशों की पालना में उदयपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त 20 खण्डशिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों में प्रार्थना सभा के समय तम्बाकू निषेध संबंधित शपथ दिलाई जाए। इसकी पालना स्वरूप आज जिले के तीन हजार से अधिक विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय एक साथ लाखों विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली।सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि जिले में 60 दिवसीय टोबेको फ्री यूथ केम्पेन का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत सभी विद्यालयों ,चिकित्सा संस्थानों, पंचायत समिति और सभी सरकारी कार्यालयों में समय-समय पर तंबाकू निषेध संबंधी शपथ दिलाई गई।उदयपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा मंडावत ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं तंबाकू फ्री युवा कैंपेन के तहत राज्य स्तर से शासन सचिव नवीन जैन द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालय परिसर तंबाकू मुक्त घोषित किये जाए एवं वहां कार्यरत विद्यार्थी एवं स्टाफ को तंबाकू नहीं खाने की शपथ दिलाई जाए ।इसके तहत आज सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई।जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ प्रणव भावसार ने बताया कि विद्यालयों में तम्बाकू निषेध सम्बंधित जागरूकता के लिये रैलियो का आयोजन ,पोस्टर, चित्रकला,वाद विवाद, रोल प्ले जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, और शिक्षण संस्थानों को निर्धारित किये गये 9 मापदंडो के आधार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया जा रहा है , शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया ,कुछ विद्यालयों में कठपुतली कलाकारों द्वारा और प्रदर्शनी के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई। जिले में एक साथ इतने विद्यार्थियों द्वारा ली गई शपथ का एक रिकॉर्ड कायम हुआ है और तंबाकू निषेध के लिए ये जागरूकता अभियान छोटे छोटे गांव ढाणियों तक पंहुचा है,डॉ प्रणव भावसार द्वारा ये भी बताया गया की तम्बाकू सेवन के दुरपयोग सम्बंधित जागरूकता को शिक्षा विभाग द्वारा हर शनिवार संचालित नो बेग डे में भी सम्मिलित किया गया है , जिससे ना सिर्फ इस अभियान के तहत जबकि शनिवार के इस शैक्षणिक पाठ्यक्रम के जरिये भी विद्यार्थी इस नशे सम्बंधित लत से जागरूक रह सकेंगे !

## चंदौली पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिन्द, पार्टी के कार्यकर्ता के साथ किया सम्मेलन



**चन्दौली** जिले सदर अंतर्गत एक निजी लान में प्रगतिशील मानव समाज पार्टी ने रविवार को विशाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिन ने मिशन 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर विचार मंथन किया।आपको बता दें कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन के मद्देनजर पार्टी के कार्यकर्ता ने सुबह से ही पहुंचने लगे थे। ज्यों ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला चन्दौली बाजार पहुंचा कार्यकताओं ने नारा लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। वही सद्दाम हुसैन को प्रगतिशील मानव समाज पार्टी का अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अध्यक्षता मोहन मानवजी एव संचालक मुन्ना बागी ने किया। वही लोक गायक समरजीत बिन्द ने मिशन गीत कार्यकर्ताओं में जोश भरने सम्मेलन में पुष्प कार्यकर्ताओं में जोश भरे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिन्द ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी सरकार बनाकर सत्ता के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेंगे अभी से कमर कस लें। जिससे कि हम आम लोगों के बीच में मानवता का संदेश दे सके और सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन करने का काम कर सके। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता समानता मानवता एवं न्याय बंधुत्व कायम हो सके।जो मानव हित के लिए जरूरी है भारत में आरक्षण भीख नहीं है। यह हमारा अधिकार है। प्रदेश अध्यक्ष भोला बिंद ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। आगामी लोकसभा 2024 को देखते हुए सभी कार्यकर्ता जी-जान से जुट जाए समय रहते ही प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों से आमजन को अवगत कराएं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भोला बिन्द, सद्दाम हुसैन,रमेश पासवान मोतीलाल, प्रेम बहादुर, महेंद्र दशरथ हीरा मती देवी, शशि प्रभा, गणेश प्रधान, चंद्रिका बिन्द लोग उपस्थित रहे।

## जरूर बंद को भोजन कराने से से मिलता है शांति और सुकून (आर्य)




**विशाखा मिश्रा/दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान उदयपुर/** महाराणा भोपाल चिकित्सालय के मुख्य गार्डन में निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि महाराणा भोपाल बाल चिकित्सालय के अधीक्षक गीता आर्य साथ ही विशिष्ट अतिथि नर्सिंग अधीक्षक हीना कोसर थे संस्थान के सुविधा चावत एवं यशोदा टेलर ने अपन्नाना उड़ाकर एवं समिति चित्र भेंट कर सम्मानित किया ( आर्य ) ने बताया कि बीमारी से परेशान मरीज एवं उनके परिजन की मदद करना प्रभु की सेवा के बराबर है और निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ धर्म, परम पुनीत कार्य है साथ ही संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहां की मुझे गर्व होता है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ा हुआ हूं और जो अब दोनों समय का भोजन वितरण करने जा रही है यह बड़े पुण्य का काम है इससे बड़ा कोई काम नहीं संस्थान के अध्यक्ष सौरभ जैन, संरक्षक महावीर नागदा ने बताया कि रविवार को भोजन वितरण कार्यक्रम में 750 परिजन को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया संस्थान के सचिव राजकुमार सचदेव ने बताया कि भोजन वितरण की सेवा देने के लिए संस्थान के कर्मठ सदस्य संग्राम सिंह चावत, शारदा वर्मा,सुमिता जैन, भगवत मेहता,पिंटू चौधरी,सत्यनारायण सोनी, राजेश तलेसरा, विपिन तलेसरा, केदारनाथ दाधीच, ओंकार लाल, हितेश, गौरव, सुनील सेन,सुनीता जैन, भरत सोनी, संतोष सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, हरीश पेंटर राजेश देवपुरा, दिनेश अरोड़ा,सनत जोशी, हेमंत कसारा, लोकेश, आशिक अली, अनिल भटनागर, आदि उपस्थित है

## गंगा नदी में लगातार हो रही जलस्तर में वृद्धि, 4 फिट और बढ़ा गंगा नदी में जलस्तर



**चहनियां।चंदौली/**गंगा अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है । शनिवार की रात से अब तक तीन फीट फुट और पानी बढ़ गया । पानी बलुआ घाट पर सीढ़ियां पर पानी चढ़ते हुए शमशान घाट से होते हुए चेकिंग रुम के तरफ़ पहुंचा पानी।गंगा नदी के दर्जनों तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों में दहशत व बैचैनी दिखने लगा है । गंगा नदी लगातार पानी बढ़ने से तटवर्तीय गांवों व किसानों में भय और चिंता सताने लगी है। तटवर्ती गांव भुपौली, डेरवा,महड़ौरा, कांवर, महुअरिया, पकड़ी, विशुपुर,महुआरी खास,सराय,बलुआ,डेरवा कला,महुअर कला,हरधन जुड़ा,बिजयी के पूरा,गणेश के पूरा, सोनबरसा, टांडाकला, महमदपुर सरौली, जमालपुर,बड़गांवा,तीरगांवा, हसनपुर,नादी निधौरा सैफपुर आदि गांवो के किसानों व ग्रामीणों में गंगा नदी में तेजी से जलस्तर बढ़ने से किसानों की हजारो एकड़ उपजाऊ जमीन गंगा में समाहित हो चुकी है । किसानों का कहना है कि हमलोगों का हर वर्ष बाढ़ आने से कुछ न कुछ जमीन गंगा नदी में समाहित हो जाता है । वहीं खेतों में बोये गए सैकड़ों एकड़ ज्वार, बाजरा,अरहर, सब्जियां,व धान की फसलें गंगा नदी में बाढ़ के दौरान पानी में डुबकर बर्बाद हो जाती है। गंगा नदी तटवर्तीय गांवों में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को भोजन कि विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है साथ ही विशैले जानवरों का खतरा बना रहता है। किसानों के रोजी-रोटी पर भी संकट मंडराने लगता है। बाढ़ में उपजाऊ भूमि गंगा नदी में समाहित होने पर किसानों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गंगा कटान रोकने का वादा सिर्फ वादा ही रह जाता है । आज तक कटान रोकने का कोई ठोस उपाय नही हुआ है। बाढ़ आने से तटवर्तीय गांव के लोगों को अपनी आशियाना व पशुओं को लेकर सुरक्षित जगहों पर रहना पड़ता हैं। जिससे लोगों को पशुओं के चारे व भोजन को लेकर काफी परेशानियां उठानी पड़ती है।

## समिति ने पौधरोपण कर संरक्षण का दिलवाया संकल्प



**धीना।**रामधारी सिंह दिनकर सेवा समिति की ओर से रविवार को राहुल एजुकेशनल ग्रुप मुंबई के चेयरमैन पंडित लल्लन तिवारी के जन्मदिन 20 जुलाई से लगातार 60 दिनों तक पौधरोपण अभियान के तहत चौथे दिन अरंगी गांव में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया।मौके पर आम ,पीपल,बरगद के पौधे लगाकर उपस्थित लोगों से संरक्षण करने का संकल्प दिलवाया गया।समिति सचिव मृत्युंजय सिंह दीपु ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की जरूरत है।वृक्ष धरा के सबसे सुंदर आभूषण है।

धरना | पंचायत समिति के बाहर धरना देकर गहलोत सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया।

## बेगूं विधानसभा में मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना





**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/**चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा के भैंसरोडगढ़-बोराव मंडल कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार की नाकामियों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत रविवार को पंचायत समिति के बाहर धरना देकर गहलोत सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया।राज्य में बढ़ते हुए अपराध, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, किसानों के साथ हुई धोखेबाजी,युवाओं के साथ लगातार धोखेबाजी एवं पेपर लीक मामले,दलित उत्पीड़न जैसे मुद्दों को लेकर धरना दिया। कार्यक्रम के संयोजक भगवान सिंह गौड़ ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट ,नहीं सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला संयोजक हर्षवर्धन सिंह रुद, आंदोलन के जिला सहसंयोजक कमलेंद्र सिंह हाडा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में धरना दिया।धरने को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जैन ने गहलोत सरकार की नाकामियों के बारे में बताया,अध्यक्ष जैन ने कहा यह सरकार हर मोर्चे पर फेल रही,और अब इस सरकार के जाने का समय आ चुका है, राजस्थान की जनता इस निक्कमी और भ्रष्ट सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी। मंडल अध्यक्ष जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ऐसा संकल्प ले की राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में बने। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, मंडल संयोजक लाभचंद राठौर, कार्यक्रम संयोजक भगवान सिंह गौड़, कार्यक्रम सहसंयोजक नरेंद्र सिंह राठौड़, ग्रामीण मंडल महामंत्री उमेश श्रोत्रीय रामलाल भील, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बंटी मेवाडा, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप गॉड, अमर सिंह राजावत, तेजमल राठौर सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक के तहत बेटियों के शिक्षा को लेकर किया गया जागरूक, बेटियों की शिक्षा घर के आंगन- डॉ प्रदीप मौर्य





**शिकारगंज क्षेत्र --** हेतिमपुर ग्राम सभा में बाबा जागेश्वर नाथ के प्रांगण गर्ल आई कार्न प्रोग्राम के तहत शिक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक के तहत छात्राओं द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉ प्रदीप कुमार मौर्य छात्राओं द्वारा द्वारा स्वागत गीत पुष्पगुच्छ देकर कर स्वागत किया गया, नाटक का कार्यक्रम के तहत बेटियां को शिक्षा जागरूक लेकर समाज को संदेश दिया गया कि घर की बेटियां आज के समय में शिक्षा अनिवार्य रूप से समाज के परिवार को चलाने के लिए जरूरी हो चुका है बेटियों का शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है मुख्य अतिथि के तौर पर आए हुए डॉ. प्रदीप कुमार मौर्य ने बताया कि समाज में नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ को और विकसित करना होगा शिक्षा के बिना बेटियों का जीवन अधूरा है शिक्षा ही समाज का नया निर्माण करता है

बेटियों का शिक्षा आगन को उजाला करने के समान हैं नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा को और बढ़ावा देना होगा जो आज के समय में बेटियां वंचित है उसे और भी जागृत करना होगा बेटियों को शिक्षा देना बहुत ही अनमोल है गर्ल आई कार्न का प्रोग्राम के तहत लोगों को जागरूक करते हुए समाज को एक नया संदेश दीया जिसमें बेटियों के शिक्षा प्रति लोगों को शपथ भी दिलाया गया ग्राम प्रधान राजेश कुमार भारती ने संबोधन में कहा कि बेटियों को शिक्षा ही आगे समाज को आगे बढ़ा सकती हैं

समाज के उत्थान के लिए बेटियों की शिक्षा अनिवार्य रूप से देना चाहिए मौके पर जिला पंचायत सदस्य दीपक शेषनाथ दुबे संतोष दुबे रशीद अहमद, दिनेश बघेल रोशनी पांडे ,पूजा पांडे ,पूनम कुमारी, उज्जवल कुमारी प्रियांशी दुबे संजना कुमारी , पूर्णिमा दुबे, शालिनी पांडे ,गुड़िया यादव ,सीप्पू कुमारी, दीपू कुमारी ,रीमा ,सिद्धि कुमारी, काजल कुमारी, स्नेहा पांडे ,एवं सैकड़ों में लोग मौजूद रहे

# ख़ास ख़बर

## नकली नोट के तस्कर को दस साल की सजा


**चंदौली।** अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय डॉ. जया पाठक की अदालत ने नकली नोटों की तस्करी मामले में शनिवार को दोष सिद्ध होने पर आरोपी श्याम बाबू कुमार को 10 वर्ष का कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता शशि शंकर सिंह, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवधेश कुमार पांडेय और अपर शासकीय अधिवक्ता संजय त्रिपाठी ने पक्ष रखा। लखनऊ एटीएस को बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल के रास्ते भारतीय जाली मुद्रा पुणे और मुंबई भेजने की सूचना मिली। इसके आधार पर 12 जनवरी 2019 को निरीक्षक शैलेश त्रिपाठी ने टीम के साथ पीडीडीयू नगर के रोजा कॉलोनी के पास से आरोपी को पकड़ा था। उसके बाद से नकली नोट बरामद किए गए थे। पूछताछ में उसने नाम श्याम बाबू निवासी रामनगर पोस्ट सालिमपुर, जिला पटना (बिहार) बताया। तलाशी में उसके पास से दो-दो हजार के 260 नकली नोट बरामद हुए। इसका योग 5.20 लाख रुपये था। पूछताछ में श्याम बाबू ने बताया कि वह इसे लेकर पुणे जाने वाला था। जिला शासकीय अधिवक्ता शशि शंकर सिंह ने न्यायालय में कहा कि अभियुक्त पर नकली नोटों की तस्करी करता रहा है। लखनऊ एटीएस ने उसे पकड़ा था। उसके बाद नकली नोट बरामद किए गए। थे। अभियोजन की तरफ से न्यायालय में कुल सात गवाह परीक्षित कराए गए। गवाहों के बयान, अधिवक्ता की दलील और पत्रावली के आधार पर अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## दस दिनों से जला ट्रांसफार्मर, ग्रामीण लामबंदद्य



**शहाबगंज, चंदौली** । शहाबगंज ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बडगांवा गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर दस दिनों से जला है, लेकिन उसे बदलने की कवायद अब तक नहीं की गई है। दस दिनों पूर्व बडगांवा गांव के नहर के समीप रोड पर लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 35 घरों का कनेक्शन जुड़ा है। उमस भरी गर्मी में पिछले दस दिनों से बिजली के न रहने से बिजली विभाग के खिलाफ लामबंद ग्रामीणों ने बिजली विभाग व जेई के खिलाफ नारा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि 10 दिनों से जला ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग के जेई एवं बिजली कर्मचारियों को सूचना देने के बाद भी अभी तक नहीं बदला गया। वही उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बार बार जल रहे ट्रांसफार्मर से निजात पाने के लिए 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगवाने का भी ग्रामीणों ने मांग कीया इस मौके पर इरफान पठान, हलीम अहमद,आदि रहे

## बिजली का खंभा टूटकर गिरने से पंद्रह दिनों आपूर्ति बाधित





**शहाबगंज,चंदौली।** शहाबगंज विकास खण्ड के तियरा गांव में में बिजली का चार खंभा टूटकर गिरने से मुस्लिम बस्ती की आपूर्ति बाधित है। जिससे बस्ती के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।,तियरा नहर पर पुल के पास बीते दिनों तेज आंधी बारिश से पीपल का पेड़ टूट कर गिरने से तार सहित चार सीमेंट का बिजली खंभा टूट कर गिर गया।इससे लगभग 20 घरों की आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस सबंध में शौर्य न्यूज इंडिया के स्थानीय पत्रकार मो तसलीम ने जब विद्युत विभाग के जेई संजीव कुमार पाण्डेय से फोन पे बात करना चाहा तो जेई साहब फोन उठाना मुनासिब नहीं समझे जिससे किसी प्रकार की बात नही हो सकी।

## ट्यूबवेल की मोटर जल जाने से पांच दिन से पेयजल किल्लत



**चंदौली।** शहाबगंज कस्बा साहित दर्जन भर सें अधिक गांवों में ट्यूबवेल की मोटर जल जानें से पांच दिन से पानी की आपूर्ति ठप है जिससे ग्रामीणो को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहाबगंज बस स्टैंड के पास स्थित जलनिगम से शहाबगंज बाजार कस्बा सहित आस पास के गांव में पेयजल आपूर्ति होती है लेकिन,ट्यूबवेल की मोटर जल जाने से लोगों को परेशानी बनी हुई है। ग्रामीण दूर दराज से पानी लाने को मजबूर हैं।आज पांच दिनों से सप्लाई बंद है इस मामले को लेकर शहाबगंज के स्थानीय रिपोर्टर ने शहाबगंज जलनीगम ऑपरेटर राकेश गुप्ता द्वारा कारण पुछा तो उन्होने बताया कि ट्यूबवेल की मोटर जल गई थी, जिससे कस्बा व आसपास के ग्रामीणों को पेयजल किल्लत बनी हुई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया है। वहीं सहायक अभियंता, वीरेंद्र सिंह, ने कहा मोटर मोटर मेकैनिक के पास मरम्मत के लिए भेजी गई है। वहां समय लग रहा है, शीघ्र ही मोटर की मरम्मत कराकर पानी की आपूर्ति चालू करा दी जाएगी।

# कान्हा गौशाला के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप बिना नक्शा स्वीकृत मानक व गुणवत्ता के विपरीत बन रहे हैं

**पीडीडीयू नगर चंदौली** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर अंतर्गत नगर पालिका परिषद मुगल चक्र वार्ड नंबर 9 में एक करोड़ ?65 के टेंडर से कान्हा गौशाला के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप में बिना नक्शा स्वीकृत मानव वह गुणवत्ता के अधिकारी बन रहे हैं कान्हा दो साले की बागी राकेश रोशन सिंह के शिकायत पर 15 जुलाई को चंदौली पहुंचे अपर मुख्य सचिव डॉ रजनीश दुबे जा जिले के अधिकारियों संग बैठक कर पीडीडीयू नगर का कान्हा गौशाला की जांच कराने का सख्त निर्देश दिया गया था जिस पर जिलाधिकारी निखिल टी फुडे द्वारा पीडीडीयू नगर कान्हा गौशाले पर जांच की टीम भेजी गई है जहां कान्हा गौशाले पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के परियोजना डायरेक्टर व पीडब्ल्यूडी एक्सईएन की टीम अधिकारियों ने मौके की जांच किया कान्हा गौशाले कि जांच में मिले खामियां बिना नक्शा स्वीकृत बन रहे कान्हा गौशाले को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने हो रहे कार्यों के मानव व गुणवत्ता में दोयम दर्जे के कार्य को लेकर जांच में खानापूर्ति करने का कार्य किया पूर्व में नगर पालिका अधिशासी



अधिकारी द्वारा सैंपलिंग कराई गई जिसकी जांच रिपोर्ट जिओटेक प्राइवेट संस्था से पाया गया जो अधिकारियों ने निराधार बताया पूर्व में बागी राकेश रोशन सिंह ने कान्हा गौशाले में घटिया सामग्री से हो रहे कार्य की शिकायत नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को पत्रक भेज मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी कान्हा गौशाला योजना के तहत गौशाला निर्माण कार्य मानव के विपरीत 3 नंबर ईंट 2.5 सूत का सरिया वह भस्सी का प्रयोग से कालम पिलर मे घटिया सामग्री का प्रयोग कराया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर 6/7/23 को नगर पालिका परिषद पीडीडीयू नगर के अधिशासी अधिकारी कृष्ण चंद व जेई मुरलीधर के साथ व कार्यदायी संस्था के प्रोपराइटर की उपस्थिति में कार्य को बंद कराए जाने का नाटक किया गया और 6/7/23 को जो सैंपलिंग किया गया ग्वार सैंपल जांच हेतु 19/07/23, तक जांच लैब एजेंसी बीएचयू वाराणसी को भेजा गया बागी राकेश रोशन सिंह ने गौशाला निर्माण कार्य नहीं होने पर 10/7/23 को डीएम से मिलकर कई बिंदुओं पर अवगत कराया कि आपके आदेश की अवहेलना पीडीडीयू नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अभियंता व कार्यदाई संस्था द्वारा किया जा रहा है कान्हा गौशाला निर्माण का मानव 50 मीटर लंबा वह 50 मीटर चौड़ा भूखंड पर नहीं हो रहा है जहां अभी तक कान्हा गौशाला का नजरी नक्शा किसी भी आर्किटेक्ट कंपनी की आर्किटेक्ट इंजीनियर या जिम्मेदार संस्था से नहीं बनवाया गया है बगैर नक्शे के निर्माण कार्य विधि विद्युत तरीके से प्रगति पर चल रहा है इसे तत्काल प्रभाव से इस कार्य को संपूर्ण जांच कराते हुए दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने व कार्यदाई संस्था को काली सूची में डालने की शिकायत की थी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने डीडीयू नगर कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया

गौशाला के दोयम दर्जे के निर्माण कार्य को लेकर आसपास के नगर वासियों में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मिलकर बताया कि शिकायत के बाद भी कार्य था और घटिया सामग्री का इस्तेमाल कराया जा रहा था जिसे अब हटा बढ़ा दिया गया मौके पर मिले कंस्ट्रक्शन सामग्री की सैंपल लिंग अधिकारियों द्वारा कराया गया बागी राकेश रोशन सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मिलकर कान्हा गौशाला की निष्पक्ष जांच कराए जाने की अपील किया सूत्रों द्वारा पता चला कि जिला परियोजना अधिकारियों के मिलीभगत से लीपापोती की जा रही है

# सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**नियामताबाद।** सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर पाण्डेयपुर बाजार में स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट व सरस्वती ज्ञान निकेतन विद्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई।जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया और साथ ही बताया कि बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, जिसमें लोग सुरक्षित घर पहुंचे। इस अभियान में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया है।

जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और सड़क सुरक्षा के नारों का उद्घोधन करते हुए आम जनमानस को भी यातायात नियमों के पालन की सीख दी और उन्हें प्रेरित किया।वहीं रैली को प्रमुख



समाजसेवी सतीश जिंदल,आर आई अशोक यादव, यातायात प्रभारी आरपी यादव,ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने हाथ में तख्ती लेकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख समाज सेवी सतीश जिंदल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी लोग पूर्ण रूप से प्रयास करें, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। वही पुलिसकर्मियों द्वारा जागरूकता रैली में प्रतिभाग कर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट/हेल्मेट का प्रयोग करने व वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाने, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य लोगों को भी इनका पालन करने के लिये प्रोत्साहित करने की अपील भी की गई।

वही इस रैली में सरस्वती विद्या मंदिर ,बी पी इंटर कॉलेज के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में यातायात प्रभारी आर पी यादव ने कार्यक्रम में सम्मिलित व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई।इस अवसर पर पद्माकर चौबे, स्वामी कबीर मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप कुमार मौर्य,बृजेश कुमार बिंद, रमेश प्रसाद , राजन गुप्ता कुंदन सिंह राजन सेठ, मनमोहन पांडेय, अखिलेश श्रीवासतव, अद्विितीय, गुलाब जायसवाल, हरिद्वार प्रसाद ,गोपाल साव, गोविंद गुप्ता, बिहारी सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों बच्चे सम्मिलित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में -गंगोश्री हास्पिटल वाराणसी की ओर से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बांटी गई दवाईयां

**सेमरा शहाबगंज चन्दौली।** मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आर.के नेत्रालय वाराणसी द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हर शनिवार की भाती इस शनिवार भी किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पवन पांडेय ने महामना मदनमोहन मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।वही संचारी रोगों से बचाव के लिए डा.प्रदीप चौरसिया की पहल पर गंगोश्री हास्पिटल की तरफ से बेसहारों में नि:शुल्क दवाईयां बांटी गई।हर बार की तरह इस बार भी ञडा.आर.के ओझा सर की पहल पर बीमारियों से पीड़ित निराश्रितों की मदद की गई।कार्यक्रम में उपस्थित महान क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय जी के वंशज पवन कुमार पाण्डेय ने। अपने उद्घोष में कहा हमारी संस्कृति में



किसी की सहायता करने पर अहंकार का भाव नहीं आता है, अपितु कृतज्ञता का भाव उत्पन्न होता है। उपकार नहीं अपितु सम्मान के भाव के साथ परोपकार करना हमारी संस्कृति है। पश्चिम का दर्शन है कि सरवाइकल आफ द फिटनेस, लेकिन हमारा दर्शन है कि जो अक्षम है तो भी उसे जीवन का अधिकार है और उससे इस अधिकार की सुरक्षा करना सुरक्षा का उत्तरदायित्व सर्व समाज का है। यहां आकर और मातृभूमि सेवा ट्रस्ट का सेवा कार्य देखकर मन उर्जा से भर जाता है वही कार्यक्रम में उपस्थित राजेश विश्वकर्मा 'राजू' ने फिर एक बार उपस्थित जनसमुदाय को गर्मजोशी रचनाओं से जनसमुदाय को झूमने पर विवश किया कार्यक्रम का संचालन सुबाष विश्वकर्मा ने किया आभार मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने किया।

# लड़कियों ने समूह बनाकर महिलाओं को जागरूक किया




**चंदौली** ग्लोबल गर्ल प्रोजेक्ट उन लड़कियों को एकजुट कर रहा है जो वैश्विक बहुमत के भीतर वंचित समुदाय से है यह उनके नेतृव कौशल को बढ़ाने में उन्हें समर्थन करते हैं।ग्लोबल गर्ल प्रोजेक्ट एक मंच है जहां किशोरी अपनी आवाज़ सक्षम रूप से रख सके और अपने समाज में भी बदलाव ला सके ग्लोबल गर्ल प्रोजेक्ट महिलाओं की आवाज़ को सुनने और समुदाय में महिला नेतृत्व वाले बदलाव को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मंच, संसाधन और समर्थन प्रदान करने के लिए मौजूद हैग्लोबल गर्ल प्रोजेक्ट ने मिलान फाउंडेशन जो की साझेदारी। में एक सोशल एक्शन प्रोजेक्ट आयोजित किया माहवारी विषय पर जिसमे उतरप्रदेश की किशोरियों और उनके समुदाय के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया क़रीब 100 से अधिक लोग ऑनलाइन एकत्रित हुए और उन्होंने चर्चा किया जिस प्रकार माहवारी विषय पर आज भी हमारे समाज में भेदभावकिया जाता है इस विषय पर गहराई से चर्चा किया और अपने समुदाय में जागरूकता फैलाया। यह कार्यक्रम में उत्तप्रदेश के 4-3ज़िले की लड़कियों ने हिस्सेदारी लिया।।!

# चंदौली सीओ और वाराणसी सिटी रहे सुधाकर यादव का निधन



**ब्यूरो चीफ मानवेंद्र जायसवाल**/चंदौली एडिशनल एसपी फतेहपुर पीएससी सुधाकर यादव 55 को शनिवार को उनके पैतृक गांव तरहटी में हार्ड अटैक से निधन हो गया डीजीपी जगमोहन यादव के छोटे भाई सुधाकर यादव लंबे समय तक चंदौली में बतौर सीओ तैनात रहे दो वर्ष वाराणसी में एसपी सिटी के तौर पर अपनी सेवाएं दी सपा सरकार में इनकी तूती बोलती थी सुधाकर यादव की साहित्य में भी गहरी रूचि थी तो कहीं भाषाओं का ज्ञान भी था मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहटी गांव निवासी सुधाकर यादव दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर गांव आए थे इनके बड़े भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख बृजलाल यादव का परिवार रहता देर रात परिजनों के साथ भोजन किया इसके बाद अपने कमरे में सोने चले गए सुबह नौ बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजन उन्हें जगाने गए शरीर में किसी तरह की हलचल नहीं होते देख तत्काल निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सुधाकर यादव चंदौली वाराणसी मिर्जापुर नोएडा मुरादाबाद मे बतौर पुलिस अधिकारी तैनात रहे वर्ष 2012 से 2014 तक सीओ चंदौली रहे इसके बाद दो वर्ष तक वाराणसी में एसपी सिटी भी रहे सपा सरकार में इनके भाई डीजीपी थे तो महकमे में खूब हनक चली

# तोरवा के अजय बने एनआईए में डीएसपी, लोगो मे हर्ष



**सकलडीहा संवाद**/सकलडीहा तहसील क्षेत्र के तोरवा गांव निवासी अजय प्रताप सिंह का एनआईए में डीएसपी पद पर चयन हुआ है।अजय के डीएसपी बनने से क्षेत्र सहित गांव में हर्ष का माहौल है।उनके घर पहुँच बधाई देने वालो का तांता लगा है।बेटे के इस उपलब्धि माता- पिता सहित परिजन खासे उत्साहित है। तोरवा गांव के रामानंद सिंह के पुत्र अजय सिंह बचपन से ही होनहार थे।प्रारम्भिक शिक्षा इनकी गांव में ही हुई थी।तो आगे की पढ़ाई इन्होंने बाहर जाकर किया।इनमें बीटेक एच मैकेनिकल ब्रांच की भी शिक्षा शामिल रही। इन्होंने 2015 बैच के ऑल इंडिया एसएससी में 538 रैंक हासिल की थी।तब अजय का चयन इनकम टैक्स ऑफिसर पद पर हुआ।लेकिन इतने पर अजय नहीं रुके और अपनी पढ़ाई और तैयारी जारी रखी।और 2023 मई में इनका चयन एनआईए के डीएसपी पद पर हुआ।जिसकी सारी प्रक्रिया यूपीएससी की देखरेख में हुई।काफी प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े अजय के पिता दो बार के तोरवा ग्राम के प्रधान भी रह चुके है।अजय प्रताप सिंह ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय माता,पिता रामानंद सिंह, दादा स्व.दामोदर सिंह सहित गुरुजनों को दिया है।उन्होंने बताया कि समाज व देश सेवा का भाव बचपन से ही रहा है।अब एनआईए का हिस्सा बनकर उसको पूरा करेंगे।वही ग्रामीणो का कहना है कि अजय के एनआईए में चयन होने से गांव व जिले का नाम रोशन हुआ है।जिसपर हम सभी अपने आप को गौरवान्वित ममसूस कर रहे है।

# मेन सप्लाई पर पेड़ गिरने से पूरी रात सप्लाई रही ठप्प

**चहनियां।चंदौली/** क्षेत्र के सराय रसूलपुर के पास मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात्रि में आये तेज आंधी पानी से नीम का विशाल पेड़ 33 हजार के तार पर गिरने से पूरी रात सप्लाई ठप्प रही।रविवार को जेई रितेश कुमार के निर्देश पर सप्लाई शुरू कराने के लिए कर्मियों ने कार्य शुरू कर दिया।पूरी



रात सप्लाई के लिए लोग परेशान रहे।शनिवार की रात में आयी तेज आंधी पानी के कारण सराय गांव के पास मुख्य मार्ग चहनियां वाया धानापुर पर विशाल नीम का पेड़ 33 हजार के मेन सप्लाई गिर गया।जिससे चहनियां क्षेत्र के बिद्युत उपकेंद्र,सुरतापुर बिद्युत व मारूफपुर बिद्युत उपकेंद्र की सप्लाई ठप्प हो गयी। चहनियां कस्बा सहित दर्जनों गांव में सप्लाई नही मिलने से उमस भरी में लोग बेचैन दिखे । नीम का पेड़ इतना विशालकाय था कि रात्रि में हटाना सम्भव नही था । रविवार को जेई रितेश कुमार के निर्देश पर लाइनमैन दशरथ प्रसाद,सम्बीदा कर्मी रमेश विश्वकर्मा,संजय गुप्ता,शिवमोहन आदि दर्जन भर कर्मी पेड़ को काटकर तार जोड़ने में लगे रहे ।

**सम्मानित** महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भू जल सप्ताह मनाया गया।

# काशी के जल पुरूष डॉ. अशोक कुमार सोनकर को भूजल विभाग द्वारा किया गया सम्मानित

**चन्दौली वाराणसी।** महादेव पी जी कालेज बरियासनपुर वाराणसी में रविवार को भूगर्भ जल विभाग एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भू जल सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में काशी के जल पुरूष डॉ. अशोक कुमार सोनकर सहायक प्रोफेसर इतिहास विभाग सामाजिक विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी रहें और मुख्य अतिथि श्री राजीव कुमार अपर अभियंता जल विभाग वाराणसी एवं विशिष्ट अतिथि श्री राहुल शर्मा जी अभियंता भूगर्भ जल विभाग खण्ड वाराणसी रहें। भारत में बढ़ते जल संकट एवं गिरते भूजल स्तर पर व्याख्यान देते हुए।





डा. अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि यदि हम सभी अपने प्राकृतिक एवं कृत्रिम जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं करेंगे तो हमें निश्चित रूप से जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने भारत के जल स्त्रोत पर चर्चा करते हुए उसके प्रकार को बताया। उन्होंने भारत के प्राकृतिक जल स्त्रोत नदी, झील, झरने आदि पर प्रकाश डाला और साथ ही कृत्रिम जल स्त्रोत तालाब, कुण्ड, पोखरा, बाबडी, कुआं आदि पर भी चर्चा की और बताया कि भारत में अनेकों प्राकृतिक जल स्त्रोत होने के बाबजूद भी मानव ने कृत्रिम जल स्त्रोत तालाब, पोखरा, कुण्ड, बाबडी एवं कुआं का निर्माण किया। वास्तव में कृत्रिम जल स्त्रोत निर्माण का उद्देश्य भूगर्भ के जल स्तर को संतुलित करने के लिए किया गया था। और भारत में जब तक कृत्रिम जल स्त्रोत अच्छी अवस्था थे और लोगों उसका उपयोग सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों में करते रहे। तब तक भूगर्भ के जल स्तर संतुलित रहें और देश में जल संकट की समस्या नहीं दिखाई दे रही थी लेकिन जैसे ही हम सभी लोगों ने अपने कृत्रिम जल स्त्रोतों को संरक्षित करना छोड़ दिये है। वैसे ही जल का स्तर गिरने लगा। इसलिए आईये जल का एवं जल स्त्रोतों का संरक्षण करें। क्योंकि जल स्त्रोत होगा तभी जल होगा और जल होगा तभी कल होगा। मुख्य अतिथि ने जल संरक्षण पर सभी को बल देने को कहा।